RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 11 अंक 275
नई दिल्ली, शुक्रवार, 11 अगस्त, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर


www.dailypioneer.com



संसद में व्यवधान से देवेगौड़ा दुखी
राष्ट्रीय-11

# अविश्वास प्रस्ताव गिरा, प्रधानमंत्री बोले- मणिपुर में जल्द होगी शांति

- मोदी के भाषण के दौरान ही विपक्ष ने किया वॉकआउट, अविश्वास प्रस्ताव ध्वनिमत से खारिज
- प्रधानमंत्री ने कहा- राजनीति के खेल के लिए तो कम से कम मणिपुर की भूमि का इस्तेमाल नहीं करे विपक्ष



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**मणिपुर** में हिंसा को लेकर लोकसभा में कांग्रेस द्वारा सरकार के खिलाफ लाया गया अविश्वास प्रस्ताव वृहद चर्चा के बाद गिर गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के करीब सवा दो घंटे तक चले जवाब के बाद निचले सदन ने इस प्रस्ताव को ध्वनिमत से खारिज कर दिया।

जब मोदी बोल रहे थे तभी पूरे विपक्ष ने सदन से बहिर्गमन कर दिया और मत विभाजन की मांग नहीं की। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विपक्ष पर जमकर निशाना साधा। साथ ही यह भी कहा कि सभी को मणिपुर के लोगों के दर्द की दवा बनकर काम करना होगा। बहुत जल्द वहां शांति स्थापित होगी और पूर्वोत्तर वैश्विक केंद्र बिंदु बनकर उभेगा। अविश्वास प्रस्ताव पर मंगलवार को कांग्रेस के गौरव गोगोई ने चर्चा की शुरुआत की थी। पिछले तीन दिनों के दौरान इस चर्चा में कांग्रेस के राहुल गांधी, अधीर रंजन चौधरी, मनीष तिवारी, तृणमूल कांग्रेस के सौगत राय एवं महुआ मोइत्रा, जनता दल (यू) के राजीव रंजन सिंह, समाजवादी पार्टी की डिंपल यादव, नेशनल कॉन्फ्रेंस के फारुख अब्दुल्ला सहित प्रमुख विपक्षी नेताओं ने भाग लिया।

सत्ता पक्ष की ओर से गृह मंत्री अमित शाह, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी, ज्योतिरादित्य सिंधिया ने भी अपनी बात रखी। लोकसभा में सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मणिपुर में शांति बहाली के लिए सभी से मिलकर काम करने एवं वहां के लोगों के लिए दर्द की दवा बनने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि वह मणिपुर के लोगों से आग्रह पूर्वक कहना चाहते हैं कि देश आपके साथ है। वहां फिर से शांति की स्थापना होगी। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि हमारे लिए उत्तर पूर्व भले ही दूर लगता (शेष पेज 9)

## लोकसभा में अमर्यादित आचरण को लेकर अधीर रंजन निलंबित

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**लोकसभा** में अविश्वास प्रस्ताव पर हुई चर्चा के दौरान कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को लेकर की गई कुछ टिप्पणियों और उनके आचरण के कारण बृहस्पतिवार को उन्हें सदन से निलंबित कर दिया गया और उनके खिलाफ इस मामले को जांच के लिए विशेषाधिकार समिति के पास भेज दिया गया।

संसदीय कार्य मंत्री प्रहलाद जोशी ने इससे जुड़ा एक प्रस्ताव लोकसभा में पेश किया जिसे सदन ने ध्वनिमत से मंजूरी दी। इससे पहले, कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों के सदस्य सदन से बहिर्गमन कर चुके थे। प्रस्ताव के अनुसार, विशेषाधिकार समिति की रिपोर्ट आने तक कांग्रेस नेता चौधरी सदन की कार्यवाही से निलंबित रहेंगे।

इस बीच, कांग्रेस ने चौधरी को निलंबित किए जाने को अलोकतांत्रिक और निरंकुश कदम करार दिया है, वहीं चौधरी ने कहा कि उन्होंने प्रधानमंत्री का अपमान नहीं किया, बल्कि उदाहरण के तौर पर कुछ शब्दों का इस्तेमाल किया था। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि मेरी बात मोदी जी को बुरी नहीं लगी, बल्कि उनके दरबारियों को लगी है। सदन में अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा में भाग लेते हुए चौधरी ने महाभारत के एक संदर्भ का हवाला देते हुए (शेष पेज 9)

# पीएम ने नहीं दिया इंडिया के सवालों का जवाब: विपक्ष

- विपक्षी गठबंधन ने कहा- महीनों से हिंसा की आग में जल रहे मणिपुर को न्याय मिलना अभी बाकी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**लोकसभा** में विपक्षी दलों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर आरोप लगाया कि वह मणिपुर के लोगों को न्याय दिलाने की जिम्मेदारी से भाग रहे हैं। इंडिया गठबंधन के दलों ने कहा कि अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा का जवाब देते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने देश के अन्य हिस्सों में हिंसा की घटनाओं पर भी कुछ नहीं बोला। विपक्ष द्वारा मणिपुर हिंसा से जुड़े तीन सवालों का जवाब भी उन्होंने नहीं दिया। इसलिए उन्होंने वॉकआउट किया। संसद भवन के बाहर पत्रकारों से बात करते हुए लोकसभा में कांग्रेस के उपनेता गौरव गोगोई ने कहा कि यद्यपि विपक्ष प्रधानमंत्री को सदन में आने और बोलने के लिए बाध्य कर चुका है, लेकिन मणिपुर के लोगों को न्याय मिलना अभी बाकी है। प्रधानमंत्री के भाषण के दौरान वॉकआउट करने के बाद गोगोई ने कहा कि प्रधानमंत्री



कांग्रेस नेता गौरव गोगोई

मोदी को विपक्ष अपनी संसद में बोलने के लिए मजबूर कर चुका है, लेकिन महीनों से हिंसा की आग में जल रहे मणिपुर को अभी भी न्याय नहीं मिला है।

कांग्रेस नेता ने कहा कि विपक्षी गठबंधन इंडिया को प्रधानमंत्री की ओर से अपने तीन सवालों का जवाब नहीं मिला। इनमें पहला यही है कि वह मणिपुर क्यों नहीं गए? दूसरा, वह मणिपुर हिंसा पर इतने दिन चुप क्यों रहे और तीसरा यह कि उन्होंने मणिपुर के मुख्यमंत्री को बर्खास्त क्यों नहीं किया। इसलिए विरोध स्वरूप विपक्ष ने सदन से वॉकआउट किया। इसके अलावा विपक्ष में इस बात को लेकर भी क्षोभ था कि प्रधानमंत्री महिला पहलवानों के उत्पीड़न, चीनी घुसपैठ, राष्ट्रीय सुरक्षा और महंगाई के मुद्दे पर भी कुछ नहीं बोले। एक दिन पहले केंद्र सरकार पर मणिपुर में भारत माता की हत्या करने का आरोप लगा चुके कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने वॉकआउट करते समय कहा कि अब भारत माता शब्द भी असंसदीय हो गया है। मालूम हो कि सदन में दिए गए राहुल के भाषण से भारत माता की हत्या वाली टिप्पणी को निकाल दिया गया है। वहीं, ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन के अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने लोकसभा में भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि एक तरफ चौकीदार है और दूसरी तरफ दुकानदार है, लेकिन जब अल्पसंख्यकों पर जुल्म होता है तो किसी का मुंह नहीं खुलता।

उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री मोदी ने पिछले लोकसभा चुनाव से पहले ट्विटर पर अपने नाम के आगे चौकीदार लगाया था। राहुल गांधी ने भारत जोड़ो यात्रा के दौरान नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान खोलने का नारा दिया था। हैदराबाद से लोकसभा सदस्य ने कहा कि यदि आप जुल्म के खिलाफ आवाज नहीं उठाएंगे तो दुकानदारी नहीं चलेगी, चौकीदार बदल जाएगा, तीसरा मोर्चा चलेगा। चर्चा में हिस्सा लेते हुए तृणमूल कांग्रेस की महुआ मोइत्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी मणिपुर के मुद्दे पर जवाब नहीं देते और राज्य में नहीं जाते। समाजवादी पार्टी की सांसद डिंपल (शेष पेज 9)

# निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्ति के लिए रास में विधेयक पेश

- प्रधान न्यायाधीश नहीं होंगे चयन समिति में, उनके स्थान पर एक कैबिनेट मंत्री शामिल करने का प्रस्ताव
- कांग्रेस सहित विभिन्न विपक्षी दलों ने सरकार पर संविधान पीठ के आदेश को शिथिल करने का आरोप लगाया

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**सरकार** ने बृहस्पतिवार को विपक्ष के हंगामे के बीच एक विवादास्पद विधेयक पेश किया जिसमें मुख्य निर्वाचन आयुक्त और आयुक्तों के चयन के लिए समिति में प्रधान न्यायाधीश के स्थान पर एक कैबिनेट मंत्री को शामिल करने का प्रस्ताव किया गया है।

उच्चतम न्यायालय ने मार्च में एक ऐतिहासिक फैसला दिया था कि मुख्य निर्वाचन आयुक्त और निर्वाचन



आयुक्तों की नियुक्तियां प्रधानमंत्री, लोकसभा में विपक्ष के नेता और प्रधान न्यायाधीश की सदस्यता वाली एक समिति की सलाह पर राष्ट्रपति द्वारा की जाएंगी। न्यायालय ने कहा था कि यह मानदंड तब तक प्रभावी रहेगा जब तक कि इस मुद्दे पर संसद में कोई कानून नहीं बन जाता।

विधि एवं न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त और अन्य निर्वाचन आयुक्त (नियुक्ति, सेवा शर्तें और पदावधि) विधेयक, 2023 पुरःस्थापित किया। विपक्षी सदस्यों के विरोध के बीच उन्होंने यह विधेयक सदन में पेश किया। यह विधेयक मुख्य निर्वाचन आयुक्त और अन्य निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्ति, सेवा की शर्तों और कार्यकाल के विनियमन से संबंधित है। इस विधेयक में प्रावधान किया गया है कि भविष्य में निर्वाचन आयुक्तों का चयन प्रधानमंत्री की अध्यक्षता वाली तीन सदस्यीय समिति द्वारा किया जाएगा जिसमें लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और एक कैबिनेट मंत्री शामिल होंगे।

कांग्रेस सहित विभिन्न विपक्षी दलों के नेताओं ने सरकार पर संविधान पीठ के आदेश को शिथिल करने का आरोप लगाया। निर्चाचन आयोग में पहली रिक्ति अगले साल होगी जब मौजूदा निर्वाचन आयुक्त अनूप चंद्र पांडे 14 फरवरी को 65 वर्ष की उम्र होने के बाद अवकाशग्रहण करेंगे। वह 2024 के लोकसभा चुनावों की संभावित घोषणा से कुछ दिन पहले अवकाशग्रहण करेंगे। उच्चतम न्यायालय ने मार्च में एक ऐतिहासिक फैसला सुनाया था जिसका मकसद मुख्य निर्वाचन आयुक्त और (शेष पेज 9)


# नहीं बढ़ेगी कर्ज की मासिक किस्त

- रिजर्व बैंक ने रेपो दर को 6.5% पर बरकरार रखा

**भाषा।** मुंबई

**भारतीय** रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बढ़ती खुदरा महंगाई को काबू में रखने के साथ अर्थव्यवस्था को गति देने के मकसद से बृहस्पतिवार को लगातार तीसरी बार नीतिगत दर रेपो को 6.5 प्रतिशत पर बरकरार रखा। हालांकि, केंद्रीय बैंक ने खाद्य मुद्रास्फीति में तेजी से आगे महंगाई बढ़ने पर कड़े नीतिगत रुख का संकेत भी दिया।

रेपो दर को यथावत रखने का मतलब है कि फिलहाल मकान, वाहन समेत अन्य कर्ज की मासिक किस्त (ईएमआई) में कोई बदलाव नहीं होगा। इसके साथ ही केंद्रीय बैंक ने चालू वित्त वर्ष के लिए अपने आर्थिक वृद्धि दर (जीडीपी) के अनुमान को भी 6.5 प्रतिशत पर कायम रखा है। हालांकि, चालू वित्त वर्ष 2023-24 के लिए मुद्रास्फीति के अनुमान को 0.3 प्रतिशत बढ़ाकर 5.4 प्रतिशत कर दिया है। मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की मंगलवार से शुरू हुई तीन दिन की बैठक में किए गए



निर्णय की जानकारी देते हुए आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा, एमपीसी ने मौजूदा परिस्थितियों पर गौर करते हुए आम सहमति से रेपो दर को 6.5 प्रतिशत पर यथावत रखने का फैसला किया।

रेपो वह ब्याज दर है, जिसपर वाणिज्यिक बैंक अपनी फौरी जरूरतों को पूरा करने के लिए केंद्रीय बैंक से कर्ज लेते हैं। इसके साथ, स्थाई जमा सुविधा 6.25 प्रतिशत और सीमांत स्थाई सुविधा (एमएसएफ) और बैंक दर 6.75 प्रतिशत पर बनी रहेगी। एमपीसी मुद्रास्फीति को चार प्रतिशत के लक्ष्य के दायरे में लाने और आर्थिक वृद्धि को समर्थन देने के मकसद से मौद्रिक नीति में उदार रुख को वापस लेने पर अपना ध्यान बनाए रखेगी। दास ने मुद्रास्फीति को काबू में लाने (शेष पेज 9)

# न्यूजक्लिक: ईडी कर रहा करात-सिंघम के बीच ई-मेल आदान-प्रदान की जांच

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

- पत्रकारों को कोष भेजने की भी जांच कर रहा प्रवर्तन निदेशालय

**समाचार** पोर्टल न्यूजक्लिक के खिलाफ धन शोधन मामले की जांच के तहत प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की जांच के दायरे में अमेरिकी अरबपति कारोबारी नेविल रॉय सिंघम और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के वरिष्ठ नेता प्रकाश करात के बीच ईमेल का आदान प्रदान भी शामिल हैं। आधिकारिक सूत्रों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

न्यूजक्लिक पर चीन के हितों को बढ़ावा के लिए सिंघम से धन प्राप्त करने का आरोप है। ईडी न्यूजक्लिक से कार्यकर्ता तीस्ता सीतलवाड के परिवार के सदस्यों को लगभग 40 लाख रुपए के कथित हस्तांतरण, पत्रकार और लेखक परंजॉय गुहा ठाकुरता, न्यूजक्लिक के कुछ कर्मचारियों तथा कुछ अन्य मीडियाकर्मियों को लगभग 72 लाख रुपए के हस्तांतरण की भी जांच कर रहा है। ईडी की जांच में पाया गया कि न्यूजक्लिक ने जेल में बंद कार्यकर्ता गौतम नवलखा को वेतन के रूप में कथित तौर पर 17.08 लाख रुपए, न्यूजक्लिक के शेयरधारक और माकपा के सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) सेल के सदस्य बप्पादित्य सिन्हा को 97.32 लाख रुपए का भुगतान एक अनिर्दिष्ट अवधि में किया था।

सूत्रों के मुताबिक, ईडी इन कोष के अंतिम उपयोग की जांच कर रहा है। न्यूयॉर्क टाइम्स की हालिया रिपोर्ट में दावा किया गया कि यह पोर्टल एक वैश्विक नेटवर्क का हिस्सा था, जिसे सिंघम से धनराशि मिली थी। सिंघम चीन सरकार की मीडिया इकाई के साथ कथित तौर पर मिलकर काम करता है। रिपोर्ट के बाद न्यूजक्लिक और इसकी गतिविधियां फिर से सुर्खियों में आ गईं। संसद में भी यह मुद्दा उठाया गया था जब भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद निशिकांत दुबे ने इस सप्ताह की शुरुआत में कहा था कि न्यूजक्लिक को दिए गए धन का इस्तेमाल भारत विरोधी माहौल बनाने के लिए किया गया तथा उनके पास करात और सिंघम के बीच ई-मेल आदान-प्रदान से संबंधित दस्तावेज हैं।

ईडी न्यूजक्लिक, इसके प्रवर्तकों और अन्य के खिलाफ अपनी आपराधिक जांच के तहत सिंघम से जुड़ी संस्थाओं से इसकी होल्डिंग कंपनी (पीपीके न्यूजक्लिक स्टूडियो प्राइवेट लिमिटेड) और इसमें 86 करोड़ रुपए से अधिक के कथित धोखाधड़ी वाले विदेशी कोष के वित्तपोषण की जांच कर रहा है। इस मामले में जल्द ही आरोपपत्र दाखिल किए जाने की उम्मीद है। ईडी ने धन शोधन के आरोप में पहली बार सितंबर, 2021 में राष्ट्रीय राजधानी के सैदुलाजाब इलाके में न्यूजक्लिक के खिलाफ छापेमारी की थी और तब से जांच जारी है। एजेंसी ने इस मामले में 20 से अधिक लोगों के बयान दर्ज किए हैं, जिनमें न्यूजक्लिक के संस्थापक और प्रधान संपादक प्रबीर पुरकायस्थ के (शेष पेज 9)

## क्विक न्यूज

### ईडी ने निलंबित न्यायाधीश को गिरफ्तार किया

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पंचकूला विशेष अदालत के निलंबित न्यायाधीश सुधीर परमार को रिश्वतखोरी के आरोपों से जुड़े धन शोधन मामले की जांच के सिलसिले में गिरफ्तार कर लिया। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि पूर्व न्यायाधीश को धन शोधन निवारण अधिनियम के प्रावधानों के तहत दिल्ली के पास गुरुग्राम से हिरासत में लिया गया। उन्हें शुक्रवार को अदालत में पेश किए जाने की उम्मीद है और ईडी उनकी हिरासत की मांग करेगी। एजेंसी ने पहले इस मामले में पूर्व न्यायाधीश के भतीजे अजय परमार, रियल एस्टेट कंपनी एम3एम के दो प्रवर्तकों बसंत बंसल व पंकज बंसल और एक अन्य रियल्टी समूह आईआरईओ के मालिक व प्रबंध निदेशक ललित गोयल को गिरफ्तार किया था। यह मामला अप्रैल में हरियाणा पुलिस के भ्रष्टाचार रोधी ब्यूरो द्वारा पंचकूला में विशेष पीएमएलए अदालत में तैनात पूर्व विशेष सीबीआई व ईडी न्यायाधीश सुधीर परमार, उनके भतीजे अजय और एम3एम समूह के तीसरे प्रवर्तक रूप कुमार बंसल के खिलाफ दर्ज की गई प्राथमिकी से जुड़ा है।

# एलजी ने तंबाकू उत्पादों पर प्रतिबंध की अवधि बढ़ाई

- दिल्ली में गुटखा, पान मसाला आदि के उत्पादन और बिक्री पर प्रतिबंध एक साल की बढ़ोतरी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**दिल्ली** के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने दिल्ली में गुटखा और पान मसाला सहित तंबाकू उत्पादों के उत्पादन और बिक्री पर प्रतिबंध की अवधि एक वर्ष के लिए बढ़ा दी। राज निवास के अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि उप राज्यपाल ने कहा कि तंबाकू से बने उत्पाद अब बच्चों और युवाओं को प्रभावित कर रहे है और आने वाली पीढ़ी के लिए इसे रोका जाना चाहिए। उपराज्यपाल ने इस बात पर जोर दिया कि



अधिसूचना का पालन कड़ाई से किया जाना चाहिए और राष्ट्रीय राजधानी में इसके क्रियान्वयन में उदासीन रवैए को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अधिकारी ने कहा, उपराज्यपाल ने भारत के संविधान के अनुच्छेद 239 एए (4) के तहत प्राप्त शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए तंबाकू से बने उत्पादों (गुटखा-पान मसाला) को प्रतिबंधित करने के ए आदेश जारी किए हैं।

उन्होंने राष्ट्रीय राजधानी में मुंह के कैंसर के बढ़ते मामलों के मद्देनजर जन स्वास्थ्य के मुद्दे को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। अनुच्छेद 239 एए का संबंध दिल्ली के लिए विशेष प्रावधानों से (शेष पेज 9)

# मणिपुर में महिला ने सामूहिक दुष्कर्म का लगाया आरोप

**एजेंसी।** इंफाल

**मणिपुर** में यौन उत्पीड़न का एक और मामला सामने आया है। चुराचांदपुर जिले की एक विवाहित महिला ने आरोप लगाया है कि तीन मई को अपने जलते हुए घर से भागते समय पुरुषों के एक समूह ने उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया था। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक, इस संबंध में नौ अगस्त को बिष्णुपुर महिला थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई और बाद में इसे आगे की जांच के लिए चुराचांदपुर थाने में स्थानांतरित कर दिया गया। प्राथमिकी के मुताबिक, चुराचांदपुर जिले के खुमुजाम्बा मेइती लेइकाई में कुकी समुदाय के कुछ अज्ञात पुरुषों ने महिला (37) के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया था। पीड़ित महिला की ओर से पुलिस को दिए गए बयान के अनुसार, तीन मई को शाम 6.30 बजे के आसपास (शेष पेज 9)

# वैज्ञानिकों की राय, मंगल कभी रहने योग्य रहा होगा

- इस ग्रह पर किसी समय शुष्क और आर्द्र मौसम का चक्र रहा होगा, यहां पानी भी कुछ समय के लिए मौजूद रहा होगा

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**वैज्ञानिकों** का कहना है कि मंगल ग्रह पर संभवत: किसी समय में शुष्क और आर्द्र मौसम चक्र रहा होगा और इस प्रकार, यह अपने अतीत में किसी समय रहने योग्य रहा होगा।

नासा के क्यूरियोसिटी रोवर द्वारा मंगल ग्रह की प्रारंभिक सतह पर देखे गए मिट्टी की दरार के पैटर्न का विश्लेषण वहां पानी की अनियमित उपस्थिति की बात कहता है जिसका अर्थ है कि पानी कुछ समय के लिए मौजूद रहा होगा और फिर यह वाष्पित



हो गया होगा। फ्रांस, अमेरिका और कनाडा के वैज्ञानिकों ने अपने अध्ययन में कहा कि मिट्टी में दरारें बनने तक इस प्रक्रिया की पुनरावृत्ति हुई होगी। क्यूरियोसिटी रोवर पर लगे केमकैम उपकरण से संबंधित प्रमुख अन्वेषक और इस अध्ययन के लेखकों में से एक नीना लान्ज़ा ने कहा, कि ये मिट्टी की दरारें हमें उस परिवर्ती समय को दिखाती हैं जब तरल पानी कुछ मात्रा में था।

इस प्रकार, ये निष्कर्ष इस संभावना की ओर इशारा करते हैं कि मंगल पर कभी पृथ्वी जैसी आर्द्र जलवायु रही होगी और लाल ग्रह किसी समय रहने योग्य रहा होगा। गौरतलब है कि मंगल भी पृथ्वी की तरह एक स्थलीय धरातल वाला ग्रह है, जहां ज्वालामुखी से लेकर घाटियां, रेगिस्तान और ध्रुवीय बर्फीली चोटियां हैं, लेकिन इस ग्रह पर इंसानों का रहना नामुमकिन है। मंगल ग्रह पर कंपकंपा देने वाली ठंड और धूल भरी आंधी का गुबार पृथ्वी के मुकाबले कहीं ज्यादा है। गर्मियों में तो यहां का तापमान 30 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहता है, लेकिन जाड़े में यह शून्य से घटकर 140 डिग्री सेल्सियस तक चला जाता है। इतनी ठंड में तो इंसान जमकर पत्थर का बन जाएगा।

### यहां भी धरती की तरह चार मौसम

मंगल ग्रह पर एक चीज ऐसी है जो धरती से बिल्कुल मिलती-जुलती है। धरती की तरह ही मंगल ग्रह पर भी साल में चार मौसम आते हैं- पतझड़, ग्रीष्म, शरद और शीत। हालांकि धरती की तुलना में मंगल पर हर मौसम लगभग दोगुना वक्त तक रहता है।

पायनियर
नई दिल्ली, शुक्रवार, 11 अगस्त , 2023



# डीएमआरसी को प्राधिकरण देगा हाइड्रोलिक पार्किंग

## सेक्टर-15 के सी-ब्लॉक में बनकर है तैयार, 400 वाहनों की है क्षमता, एमओयू साइन के बाद होगा हस्तांतरण



पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

सेक्टर–15 के सी ब्लाक में 400 वाहनों की बहुमंजिला पार्किंग बनकर तैयार है। ये पार्किंग दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन को दी जाएगी। एग्रीमेंट के लिए एमओयू तैयार किए जा रहा है।

एमओयू में कुछ शर्तों को रखा जाएगा। इसके लिए एसीईओ स्तर पर जल्द ही एक बैठक होगी। इससे पहले विगत सप्ताह डीएम आरसी के अधिकारियों ने प्राधिकरण के साथ मिलकर पार्किंग का निरीक्षण किया था। वरिष्ठ प्रबंधक डोरी लाल वर्मा ने बताया कि पार्रिकंग निर्माण से संबंधित दस्तावेज, जैसे पार्किंग डिजाइन, डीपीआर, फायर सेफ्टी, विद्युत यांत्रिकी एनओसी आदि दिए गए है।

पार्किंग हैंड ओवर होने के बाद संचालन और रखरखाव की जिम्मेदारी डीएमआरसी की होगी। साथ ही सेक्टर–15 मेट्रो स्टेशन के नीचे सर्विस लेन पर बनी पार्किंग को समाप्त कर दिया जाएगा। पार्किंग शुरू होने से सेक्टर.15 नया बांस, सेक्टर.एक गोल चक्कर समेत आसपास के स्थानों पर जाम में कमी आएगी।

यह पार्किंग एक निजी कंपनी ने तैयार की है। पार्किंग हाइड्रोलिक है, इसे प्राधिकरण लीज डीड शर्त के हिसाब से सेक्टर.15 में तैयार किया गया है। वर्मा ने बताया कि यह पार्किंग सेक्टर–15 गोल चक्कर के पास ही बनी है। यह व्यवसायिक भूखंड है। भूखंड नोएडा प्राधिकरण की ओर से सेवन आर होटल प्राइवेट लिमिटेड




को दिया गया था। यहां पर करीब तीन.चार साल से पार्किंग बनाने का काम चल रहा था। अब बहुमंजिला वाहन पार्किंग बनाने का काम पूरा होने के बाद नोएडा प्राधिकरण ने इस पार्किंग को टेक ओवर किया है। जिसे डीएमआरसी को दिया जाएगा।

## 9वीं मंजिल से कूदकर छात्र ने दी जान

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के इंदिरापुरम इलाके में 11वीं के छात्र ने नौवीं मंजिल से कूदकर जान दे दी। प्राथमिक जांच में पता चला कि वो किसी मित्र से बातचीत को लेकर कुछ परेशान था।

इंदिरापुरम क्षेत्र में अहिंसा खंड की एक में बुधवार रात 11 बजे के आसपास मां–बेटी कुत्ता घुमाने के लिए सोसाइटी में नीचे आई थीं। फ्लैट पर 17 वर्षीय छात्र अकेला मौजूद था। इसी दौरान वो बालकनी से नीचे गिर गया। आवाज सुनकर सुरक्षाकर्मी मौके पर दौड़े।

सहायक पुलिस आयुक्त स्वतंत्र कुमार सिंह ने बताया इस हादसे की सूचना पर स्थानीय पुलिस सोसाइटी में पहुंची। मृतक के परिजनों ने कहा कि वे किसी भी तरह की कानूनी कार्रवाई नहीं चाहते हैं। इसलिए शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया है।

# संक्षिप्त समाचार



थाना कासना पुलिस ने मोबाइल फोन लूटने वाले दो बदमाशों को किया गिरफ्तार। कब्जे से फोन, अवैध चाकू व मोटर साइकिल बरामद।

### 81 गांवों में लगाए जाएंगे शहीदों के शिलापट्ट

**नोएडा।** एक–एक दिन, समय का प्रत्येक क्षण, जीवन का प्रत्येक कण, मातृभूमि के लिए जीना और तभी आजादी के दीवानों को हमारी सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस कविता को शिलालेख पर लिखवाकर उन गांवों के सामने लगाया जाएगा जिनके वीर सपूत ने देश के लिए बलिदान दिया। शिलापट् पर उस गांव के शहीदों के नाम अंकित किए जाएंगे। नोएडा के सभी 81 गांव में शिला पट्ट लगाए जाएंगे। इसके अलावा हर घर तिरंगा के तहत 1 लाख तिरंगा घर.घर बांटे जाएंगे। ये जिम्मेदारी नोएडा प्राधिकरण को शासन स्तर पर दी गई है। जिसकी तैयारी शुरू की गई है। प्राधिकरण अधिकारी ने बताया कि शिला पट्ट का डिजाइन तैयार करा लिया गया है। दो दिन में शीला पट्टा पर नाम अंकित करने का काम शुरू कर दिया जाएगा। इसके बाद इनको गांववार लगवाया जाएगा। हर घर तिरंगा कार्यक्रम को सफ्ल बनाने की जिम्मेदारी नोएडा प्राधिकरण को मिली है। प्राधिकरण को एक लाख झंडा वितरण करने का टारगेट मिला है। इसमें प्राधिकरण के ग्रुप हाउसिंग, औद्योगिक संस्थागत और वाणिज्यिक, आवासीय और हाउसिंग विभाग के ओएसडी समेत महाप्रबंधक जल, उद्यान और एनटीसी, उप महाप्रबंधक और वरिष्ठ परियोजना अभियंता को भी 10–10 हजार झंडा वितरित करने टारगेट दिया गया है।

### सामूहिक दुष्कर्म के मामले में एफआईआर दर्ज

**गाजियाबाद।** मोदीनगर के मुरादनगर में शादी का झांसा देकर एक महिला से सामूहिक दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। इतना ही नहीं ब्लैक मेल कर महिला से 40 हजार रुपए व सोने चांदी के जेवरात भी ठग लिया। कोर्ट के आदेश पर नौ माह बाद दो युवकों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। पुलिस जांच के बाद कार्रवाई करने की बात कह रही है। एक गांव निवासी महिला का आरोप है कि गांव काकड़ा निवासी दंबग खेतों में काम करने के बहाने महिलाओं को झांसे अनैतिक कार्य करते है। आरोप है कि दोनों ने मेरे साथ भी सात नम्वबर 2022 करने की बात को गाजियबाद ले जाकर दुष्कर्म किया। आरोप है कि दोनों ने 40 हजार रुपए की नकदी व सोने.चांदी के जेवरात भी हड़प लिया। महिला ने बताया कि इसकी शिकायत मुरादनगर थाने में की। लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। पुलिस के आला अधिकारियों से आग्रह करने के बाद भी जब कोई कार्रवाई नहीं हुई, तो महिला ने कोर्ट में याचिका डाली। कोर्ट ने मुरादनगर पुलिस को रिपोर्ट दर्ज करने के आदेश दिए है। एसीपी ने बताया कोर्ट के आदेश पर सोयब व सन्नी निवासी गांव काकड़ा के खिलाफ धारा 376 डी, 420, 323, 506 के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। जांच के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### आईएमएस और प्राधिकरण ने चलाया स्वच्छता अभियान

**नोएडा।** आईएमएस डिजाइन एंड इनोवेशन एकेडमी ने नोएडा अथॉरिटी के संयुक्त तत्वाधान में स्वच्छता कैम्पेन चलाया। बृहस्पतिवार को सेक्टर 62 स्थित संस्थान परिसर में आरआरआर थीम के तहत छात्रों को जागरूक किया गया। वहीं कार्यक्रम के दौरान छात्रो ने वाल पेंटिंग, कैनवास पेंटिंग एवं कबाड़ से जुगाड़ बनाकर स्वच्छ नोएडा स्वास्थ्य नोएडा के संदेश दिए। कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए आईएमएस.डीआईए की निदेशिका डॉ अनुराधा मोदक ने छात्रों से अपने घर, मोहल्ले, सेक्टर एवं सोसायटी को साफएवं स्वच्छ बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत की शुरुआत सबसे पहले हमें खुद से ही करनी होगी। हम सभी को अपनी छोटी.छोटी भूल को सुधार कर अपनी जिम्मेदारी समझनी चाहिए। हमें आदत डालनी होगी कि अपने द्वारा उपयोग की गई किसी भी वस्तु के अवशेष को हम खुद से कूड़ेदान में डालें, साथ ही जहां तक हो सके अपने आसपास के लोगों को भी ऐसा करने के लिए प्रेरित करें। वहीं कार्यक्रम के दौरान नोएडा अथॉरिट, जन स्वास्थ्य विभाग के असिस्टेंट मैनेजर अरुण कुमार ने कहा कि नोएडा को हरित, स्वच्छ और बेहतर बनाने के उद्देश्य से आईएमएस.डीआईए में स्वच्छता जागरूकता कैम्पेन चलाया गया। छात्रों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि हम सभी की जिम्मेदारी है कि हम अपने सेक्टर और सोसाइटी के आस.पास कूड़ा ना फैलाए एवं अन्य लोगों को भी इसके लिए जागरूक करें।

# नॉन स्टॉप मार्ग पर उतारी रोडवेज ने नई सीएनजी बसें

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

मेरठ से कौशांबी तक चलने वाली नॉन स्टॉप बस अब और भी हाईटैक हो गई। इस रूट पर अभी डीजल ईंजन बस चल रही थी। अब रोडवेज ने इस रूट पर प्रदूषण रहित सीएनजी बसों को उतार दिया है।

पहले चरण में इस रूट पर चार सीएनजी बसें उतारी है। हाल ही में यूपी सरकार की ओर से रोडवेज की गाजियाबाद रीजन को 38 सीएनजी बसें मिली थी। इनमें से चार सीएनजी बसों को कौशांबी से मेरठ रूट पर चलाया गया है। इस रूट पर रोडवेज अपनी नॉन स्टॉप बस संचालित कर रहा है। सुबह पहली बस साढ़े आठ बजे मेरठ के लिए रवाना होती है। रात में कौशांबी से साढ़े आठ बजे रात में मेरठ के लिए अंतिम बस संचालित होती है।

नॉन स्टॉप बस कौशांबी से चलने के बाद मेरठ रोडवेज बस अडड्डे पर ही रुकती है। इसके अलावा कोई भी स्टॉप नहीं होता है। इसी तरह से मेरठ से रोडवेज की बस चलने के बाद कौशांबी ही रूकती है। बीच में बस का कोई स्टॉप नहीं है। अब इस रूट पर भी नॉन स्टॉप बसें प्रदूषण रहित हो चुकी है।

# कैग यूपी ऑडिट रिपोर्ट में 900 करोड़ की गड़बड़ी

- 2012 से 2016 तक 49 कार्यों पर खर्च की गई रकम, अब गिरेगी गाज

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

वित्तीय वर्ष 2012 से 2016 तक नोएडा प्राधिकरण में करीब 900 करोड़ रुपए की वित्तीय अनियमितता सामने आई। स्थानीय निधि लेखा परीक्षा लोकल ऑडिट के परीक्षण ने अपनी रिपोर्ट में इसका जिक्र किया है। ये ऑडिट 2018–19 के दौरान कराए गया।

इसमें प्राधिकरण की ओर से बिल्डरों को अनुचित लाभ पहुंचाने के लिए विकास शुल्क की गणना करने, भूति आवंटन और विकास परियोजनाओं में गड़बड़ी की गई। 2017 में सत्ता बदलने के बाद शासन ने नोएडा प्राधिकरण में व्याप्त वित्तीय अनियमितताएं की जांच के लिए सीएजी को कहा था। उन्होंने करीब एक साल तक प्राधिकरण में जांच की और 400 पेज की एक रिपोर्ट तैयार की। जिसमें 30 हजार करोड़ रुपए के वित्तीय अनियमितता की बात सामने आई थी। हालांकि जांच रिपोर्ट शासन को सौंपने के बाद भी इस पर एक्शन नहीं लिया गया।

इनमें से कई फाइलों के जवाब का इंतजार अब भी है। इसके बाद 2018.19 में ही स्थानीय निधि लेखा परीक्षा ने भी नोएडा प्राधिकरण के चार साल के फाइलों की जांच की। जिसमें करीब 900 करोड़ रुपए की बड़ी गड़बड़ी सामने आई। ये रिपोर्ट मंगलवार को विधानसभा में पेश की गई। कयास लगाए जा रहे है कि इस रिपोर्ट पर बड़ा एक्शन हो सकता है।

भूमि अर्जित न होने के कारण कार्य को बीच में अधूरा छोड़ दिये जाने से सेक्टर–153 में ड्रेनेज एवं कल्वर्ट के निर्माण पर किया गया 9 करोड़ 23 लाख 77 हजार रुपए वेस्ट होना बताया गया।

अनुबन्ध किये जाने के बाद कार्य डिजाइन एवं ड्राइंग को परिवर्तित करके कार्य की लागत में 3 करोड़ 96 लाख 51 हजार 837 की वृद्धि करना एवं कार्य को लगभग दो वर्ष निलंबित करना अनियमित। सनग्रेड की स्टीमेट में स्वीकृत माप वास्तविक कार्य में कम हो जाने पर भी उस पर आधारित अन्य कार्यों की माप 600 प्रतिशत बढ़ जाने से 20 लाख 90 हजार 965 रुपए का कार्य असत्यापित रहने से आर्थिक हानि।

शासन द्वारा बिना कोई आदेश प्राप्त किये ही प्राधिकरण द्वारा ग्राम बदौली में प्राइमरी स्कूल, जूनियर हाई स्कूल एवं डिस्पैंसरी के अनुरक्षण पर 70 लाख 34 हजार 501 रुपए का अनियमित एवं अमान्य भुगतान किया जाना।

# अलग-अलग स्थानों पर महिला समेत दो की हत्या

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद में अलग अलग स्थानों पर महिला और पुरुष के शव मिले हैं। महिला की धारदार हथियार से गला रेतकर हत्या कर दी गई। वारदात के बाद पति अपनी पांच साल की बेटी सहित गायब है और उसी पर वारदात करने का शक है। वहीं एक व्यक्ति की लाश झील में मिली है। परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है।

इंदिरापुरम डीसीपी स्वतंत्र कुमार सिंह ने बताया, आज सुबह खोड़ा थाना क्षेत्र से एक सूचना प्राप्त हुई कि आदर्श नगर कॉलोनी के मकान से बदबू उठ रही है। पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। बाहर से कुंडी लगा हुई थी। पुलिस ने जैसे तैसे दरवाजे को खोला तो अंदर एक महिला की लाश पड़ी हुई थी। मृतका की पहचान 35 वर्षीय सुलोचना के रूप में हुई है।

उधर, साहिबाबाद थाना क्षेत्र के अर्थला गांव स्थित झील में गुरुवार सुबह एक युवक की लाश बरामद हुई है उसकी पहचान 30 वर्षीय यूसुफके रूप में हुई है। पुलिस का कहना है कि यह व्यक्ति अक्सर झील किनारे ही सो जाता था ऐसे में यह भी आशंका है कि वह रात में सोते वक्त चीन में गिर गया हो और उसकी मौत हो गई हो। मामले की जांच जारी है।

**NOTICE**

It is hereby, Informed to the General Public that, I/We, Mr. Sunny Katyal S/o Ramesh Chand Katyal, R/o Villa No-3, ATS Village, Sector-93A, Noida(UP)-201301, have lost the Original Provisional Allotment Letter, Original Payment Receipt issued by Jaiprakash Associates Limited in respect of Unit bearing no. KM00670901 in Kosmos project, situated at Jaypee Greens, Noida/ Greater Noida/ Sports city on dated 07-10-2018. Any one finding the said documents is requested to kindly return the same to me or to the company. Name:- Mr. Sunny Katyal Address: - Villa No-3, ATS Village, Sector-93A, Noida (UP)-201301 Phone No.:- 9717460000 Email Id:-ic.sunnykatyal@gmail.com

**NOTICE**

It is hereby, Informed to the General Public that, I/We, Applicant Mr. Gyan Prakash Tayal S/o Sunder Lal Tayal, R/o A-179, Opp. Cross River Mall Surajmal Vihar East Delhi, Delhi-110092, jointly with Mr. Rakesh Kumar Tayal, we lost the Original Provisional Allotment Letter, Original Payment Receipts and Offer of Possession issued by Jaiprakash Associates Limited in respect of Unit bearing no. F-016 in Country Homes, situated at Jaypee Greens Sports City project, Gautam Budh Nagar on dated 25-05-2023. Any one finding the said documents is requested to kindly return the same to me or to the company. Name:- Mr. Gyan Prakash Tayal & Mr. Rakesh Kumar Tayal Address: - A-179, Opp. Cross River Mall Surajmal Vihar East Delhi, Delhi-110092. Phone No.:- 9871631126

**NOTICE**

It is hereby, Informed to the General Public that, I/We, Mrs. Bhawna Katyal W/o Mr. Sunny Katyal, R/o Villa No-3, ATS Village, Sector-93A, Noida(UP)-201301, have lost the Original Builder Buyer Agreement, Original Payment Receipt issued by Supertech Limited in respect of Unit bearing no. A1-501 in Supertech Sports Village project, situated at Sector 10, Greater Noida West in Noida on dated 15-05-2023. Any one finding the said documents is requested to kindly return the same to me or to the company.

# डीसीपी ग्रामीण ने किये बंपर तबादले

- जिले में सुरक्षा को चाक चौबंद करने लिए उठाये कड़े कदम

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद




कानून व्यवस्था को और अधिक चॉक चौंबद करने के लिए डीसीपी ग्रामीण विवेकचंद्र यादव ने तीन दर्जन से अधिक चौकी प्रभारियों, दरोगाओं व मुख्य आरक्षियों, आरक्षियों के तबादले कर दिये।

इस क्रम में यादव ने चौकी प्रभारी नाहल अनिल कुमार को मसूरी, चौकी प्रभारी चुड़ियाला राजेंद्र प्रसाद को भोजपुर, चौकी प्रभारी रूपनगर रविंद्र सिंह बालियान को लोनी, चौकी प्रभारी रावली संतोष सिंह को मुरादनगर, चौकी प्रभारी गुलाब वाटिका संदीप को लोनी बॉर्डर, चौकी प्रभारी लोनी बॉर्डर दिलशाद अहमद को निवाड़ी, लोनी में तैनात एसआई वीरपाल सिंह को निवाड़ी, प्रभारी सिंह को अंकुर विहार व आशीष सिंह जादौन को लोनी बॉर्डर से मसूरी थाने के लिये स्थानांतरित किया है। इसके अलावा श्री यादव ने महिला थाने में तैनात मुख्य आरक्षी नरेंद्र कुमार यादव को डाक रनर अंकुर विहार, सुशील कुमार को ट्रोनिका सिटी से क्रासिंग रिपब्लिक, पुनित कुमार को मीडिया सैल डीसीपी रूरल कार्यालय से पेशी एसीपी मसूरी, नेपाल सिंह को ट्रोनिका सिटी से मसूरी, मुरादनगर थाने में तैनात रविंद्र कुमार राठी को भोजपुर व प्रमोद कुमार को लोनी, सतीश कुमार को मोदीनगर से मसूरी, विपिन सिंह को लोनी बॉर्डर से न्यायालय एसीपी अंकुर विहार, जितेंद्र कुमार को अंकुर विहार से भोजपुर, अमरीक सिंह को लोनी से मसूरी व महिला मुख्य आरक्षी सुशीला देवी को अंकुर विहार से महिला थाने के लिये स्थानांतरित किया है। इस क्रम में श्री यादव ने आरक्षी मोहित सिंह को भोजपुर से मीडिया सैल डीसीपी रूरल कार्यालय, आजाद बालियान को लोनी बॉर्डर से मोदीनगर, रजत कुमार को मोदीनगर से पेशी कार्यालय डीसीपी रूरल, मनीष कुमार को ट्रोनिका सिटी से डीसीआर.3 नियंत्रण कक्ष ग्रामीण, महिला आरक्षी सविता को मोदीनगर से भोजपुर, मीनू को मसूरी से महिला थाना रिपोर्टिंग चौकी मुरादनगर, पूजा को ट्रोनिका सिटी से मसूरी, आरक्षी शिवम को लोनी बॉर्डर से सीसीटीएनएस एसीपी कार्यालय अंकुर विहार व अजय कुमार को लोनी बॉर्डर से पेशी कार्यालय एसीपी अंकुर विहार हेतू भेजा है।

यादव ने ट्रोनिका सिटी थाने में तैनात मुख्य आरक्षी जितेंद्र मलिक को इसी थाने का मालखाना मोहर्रिर बनाया है। इस क्रम में श्रयादव ने ट्रोनिका सिटी थाने में तैनात एसआई भरत सिंह परिहार को चौकी प्रभारी नाहल, नीरज कुमार को भोजपुर से चौकी प्रभारी चुडियाला बनाया है।

**सार्वजनिक सूचना– पहचान पत्र खो जाना**

**सार्वजनिक सूचना**

यह आम जनता के ध्यान में लाना है कि **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड** द्वारा जारी **तानिया और कवि सेल्वन** का एक आईडी कार्ड। **आईडी कार्ड नं. 2313553 और 2303284** लापता या खो गया है। जो कोई भी उक्त आईडी कार्ड पाता है, उससे अनुरोध है कि उक्त आईडी कार्ड प्रबंधक ऋण सेवा एवं प्रबंधन समूह, **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड,** को वापस कर दें। इसलिए, **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड** के सभी ग्राहकों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि उक्त **आईडी कार्ड नंबर 2313553 और 2303284.** धारण करने वाले किसी भी अनधिकृत व्यक्ति को कोई भुगतान न करें।

कृपया आगे ध्यान दें कि उक्त आईडी कार्ड रखने वाले किसी भी व्यक्ति को भुगतान करने वाला कोई भी व्यक्ति अपनी लागत, जोखिम और जोखिम पर ऐसा करेगा और **आईसीआईसीआई बैंक** किसी भी भुगतान के लिए बाध्य और/या जिम्मेदार नहीं होगा।

दिनांक: 11/08/2023 आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के लिए
स्थान: दिल्ली एस.डी.

**सार्वजनिक सूचना– पहचान पत्र खो जाना**

**सार्वजनिक सूचना**

यह आम जनता के ध्यान में लाना है कि आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड द्वारा जारी **श्री तरूण कुमार** का एक आईडी कार्ड। आईडी कार्ड नं. **2303546 दिनांक 31 जुलाई 2023 दोपहर 13.08** को लापता और/या खो गया पाया गया है। जो कोई भी उक्त आईडी कार्ड पाता है, उससे अनुरोध है कि उक्त आईडी कार्ड प्रबंधक ऋण सेवा एवं प्रबंधन समूह, आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, को वापस कर दें।

इसलिए, आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के सभी ग्राहकों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि उक्त आईडी कार्ड नंबर **2303546** धारण करने वाले किसी भी अनधिकृत व्यक्ति को कोई भुगतान न करें।

कृपया आगे ध्यान दें कि उक्त आईडी कार्ड रखने वाले किसी भी व्यक्ति को भुगतान करने वाला कोई भी व्यक्ति अपनी लागत, जोखिम और जोखिम पर ऐसा करेगा और आईसीआईसीआई बैंक किसी भी भुगतान के लिए बाध्य और/या जिम्मेदार नहीं होगा।

दिनांक: 11/08/2023 आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के लिए
स्थान: दिल्ली एस.डी.

# महिला पुलिस कर्मियों को स्किल डेवलपमेंट की दी जानकारी

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

नोएडा पुलिस आयुक्त कार्यालय सेक्टर–108 के ऑडिटोरियम में डीसीपी महिला सुरक्षा और एसीपी महिला सुरक्षा साइबर सुरक्षा के द्वारा लाइफ कोच काउंसलर सोनिया वर्मा के सहयोग से महिला पुलिस कर्मियों के लिए सॉफ्ट स्किल ट्रेनिंग प्रोग्राम का आयोजन किया गया। पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह के निर्देशन में पुलिस आयुक्त कार्यालय के ऑडिटोरियम में डीसीपी महिला सुरक्षा और एसीपी महिला सुरक्षा साइबर सुरक्षा के द्वारा लाइफ कोच काउंसलर सोनिया वर्मा के सहयोग से महिला पुलिस कर्मियों के लिये सॉफ्ट स्किल ट्रेनिंग प्रोग्राम का आयोजन किया गया, जिसमें काउंसलर सोनिया वर्मा द्वारा महिला पुलिस कर्मियों को उनके स्किल डेवलपमेंट के बारे में महत्वपूर्ण बताते हुए अवगत कराया गया कि लाइफमें दो चीजें होती हैं।

आप जो कर रहे हैं उसका रिटर्न आपको मिल रहा है या नहीं। ऑफिशियल लाइफव फैमिली लाइफदोनों को अलग–अलग रखना चाहिए। आपको जो भी काम मिला है उसे खुशी भाव से करना चाहिए और उस कार्य में लगन के साथ अपनी पूर्ण दक्षता के अनुसार करना चाहिये। थाने पर आने वाले पीड़ित शिकायकर्ता से उसकी समस्या को सुनते हुए अपनेपन का भाव दिखना चाहिए। सबका सोचने का तरीका अलग–अलग होता है।

Rungta Irrigation Limited

**रूगंटा इर्रिगेशन लिमिटेड**

पंजी. कार्यालय : 101, प्रगति टावर, 26, राजेन्द्र प्लेस, नई दिल्ली-110008

फोन नंबर : 011-40453330/31/32, ई-मेल : cs@rungtairrigation.in, वेबसाईट : www.rungtairrigation.in

सीआईएन : एल74899डीएल1986पीएलसी023934

**30 जून, 2023 को समाप्त तिमाही हेतु पृथकृत लेखापरीक्षित वित्तीय परिणाम**

(रू. लाख में, यदि अन्यथा वर्णित नहीं है)

| क्र. सं. | विवरण | तिमाही समाप्त 30/06/2023 (अलेखापरीक्षित) | तिमाही समाप्त 31/03/2023 (लेखापरीक्षित) | तिमाही समाप्त 30/06/2022 (अलेखापरीक्षित) | वर्ष समाप्त 31/03/2023 (लेखापरीक्षित) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रचालनों से कुल आय | 2658.64 | 4532.64 | 2135.60 | 13192.49 |
| 2 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (कर, अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों से पूर्व) | 264.55 | 137.06 | 60.66 | 400.91 |
| 3 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) कर से पूर्व (अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों के पश्चात) | 264.55 | 137.06 | 60.66 | 400.91 |
| 4 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) कर पश्चात (अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों के पश्चात) | 198.05 | 100.94 | 45.74 | 298.32 |
| 5 | अवधि हेतु कुल समावेशी आय [जिसमें अवधि हेतु लाभ/(हानि) (कर पश्चात) तथा अन्य समावेशी आय (कर पश्चात) सम्मिलित है] | 197.92 | 100.38 | 45.47 | 298.02 |
| 6 | इक्विटी शेयर पूंजी | 1990.64 | 1659.52 | 885.61 | 1659.52 |
| 7 | संचेय (पुनर्मूल्यन संचेय छोड़कर) जैसाकि पिछले वर्ष के लेखापरीक्षित तुलनपत्र में दर्शाया गया है | - | - | - | - |
| 8 | प्रति शेयर अर्जन (रू. 10/– प्रत्येक का) (जारी और बंद प्रचालनों हेतु) – 1. मूल : | 1.57 | 2.93 | 0.52 | 2.93 |
| | 2. तनुकृत : | 1.57 | 2.93 | 0.52 | 2.93 |

- उपरोक्त वित्तीय परिणाम लेखापरीक्षा समिति द्वारा पुनरीक्षित किए गए हैं तथा निदेशक मंडल द्वारा 09 08 2023 को आयोजित इसकी बैठक में अनुमोदित किए गए हैं।
- उपरोक्त विवरण सेबी (सूचीयन दायित्व और अन्य प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 के विनियम 33 के तहत स्टॉक एक्सचेन्ज में प्रस्तुत किए गए तिमाही वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का संक्षिप्त विवरण है। तिमाही वित्तीय परिणामों का पूर्ण विवरण बीएसई की स्टॉक एक्सचेन्ज वेबसाइट www.bselindia.com उपलब्ध है।

वास्ते रूंगटा इर्रिगेशन लिमिटेड
हस्ता./–
स्थान : नई दिल्ली श्रुति रूंगटा
तिथि : 09–08–2023 कार्यकारी निदेशक । डीआईएन : 00229045

**MOULIN COMMERCIAL LIMITED**

CIN: L74899DL1982PLC067811

Regd. Off.: 1, Anand Gram, Aya Nagar, Mehrauli, Gurgaon Road, New Delhi-110047
Corporate Office: Unit No 1118, 11th Floor, Vatika Towers, Tower-b Golf Course Road, Sector-54 Gurugram HR 122002 IN
E-Mail: info@vinylgroup.com Telephone No.: 91-124-4301035 Website: www.moulin.co.in

**Statement of Unaudited Standalone Financial Results for the first Quarter & Three Months ended 30th June, 2023**

(Rs. in Lacs except per share data)

| Particular | Quarter ended 30.06.2023 (Unaudited) | Quarter ended 31.03.2023 (Audited) | For the year ended 31.03.2023 (Audited) |
|---|---|---|---|
| Total Income from Operations | 16.97 | 6.31 | 74.12 |
| Net Profit / (Loss) for the period (before Tax, Exceptional and/or Extraordinary items) | 0.25 | -6.87 | 14.17 |
| Net Profit / (Loss) for the period before tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | 0.25 | -6.87 | 14.17 |
| Net Profit / (Loss) for the period after tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | 0.25 | -4.95 | 11.88 |
| Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit/(Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)] | 0.62 | -0.74 | -0.21 |
| Paid up Equity Share Capital (of Rs. 10/- each) | 57.30 | 57.30 | 57.30 |
| Reserves excluding Revaluation Reserves (As per previous acc. Year) | 197.17 | | 197.52 |
| Earnings Per Share (for continuing and discontinued operations)- 1. Basic : 2. Diluted: | 0.15 | -0.99 | 2.04 |

Notes:
1. The above is an extract of the detailed format of the Unaudited Financial Results for the first Quarter & Three Months ended 30th June, 2023 filed with the CSE under Regulation 33 of the SEBI (LODR) Regulations, 2015. The full format of the Financial Results for the first Quarter & Three Months ended 30th June, 2023 is available on the CSE website (https://www.cse-india.com/) and Company's website (www.moulin.co.in).
2. The above un-audited financial results were reviewed by the Audit Committee and approved by the Board of Directorsin its meeting held on 10th August, 2023.

For MOULIN COMMERCIAL LIMITED
Sd/-
ASHISH GUPTA
(MANAGING DIRECTOR)
Place: New Delhi DIN: 00115090
Date: 10.08.2023

# ट्रैक्टर तिरंगा मार्च आज, दुहाई से होगा शुरू

## भाकियू की चेतावनी, अगर पुलिस ने रोका तो लखनऊ की तरफ करेंगे कूच

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

यूपी में एक बार फिर किसान 11 अगस्त को सड़कों पर उतरेंगे। भारतीय किसान यूनियन यूपी के सभी जिलों में ट्रैक्टर तिरंगा मार्च निकालने जा रही है।

किसान जिलों में मुख्यालयों पर ट्रैक्टर–ट्रॉली लेकर इकट्ठा होंगे। जिन पर तिरंगे लगे होंगे। खेतीबाड़ी से जुड़ी तमाम समस्याओं पर कलेक्ट्रेट को ज्ञापन दिए जाएंगे। भाकियू युवा के प्रदेश अध्यक्ष अनुज सिंह ने साफ तौर पर कहा है कि पुलिस–प्रशासन हमारे किसानों के घरों पर फोर्स लगाने की कोशिश कदापि न करे, वरना ट्रैक्टरों का मुंह लखनऊ की तरफ होगा।

गाजियाबाद में ट्रैक्टर तिरंगा मार्च 11 अगस्त की सुबह गांव दुहाई से प्रारंभ होगा। किसानों को अपने.अपने ट्रैक्टर लेकर गांव दुहाई पहुंचने के लिए



कहा गया है। यहां से ये मार्च कलेक्ट्रेट मुख्यालय पर पहुंचेगा। इसी तरह अमरोहा में ये मार्च गांव कूबी से शुरू होगा। मेरठ में किसान कंकरखेड़ा फ्लाईओवर पर एकत्र होंगे और फिर ऊर्जा भवन पर पंचायत करेंगे।

यहां राकेश टिकैत पहुंच सकते हैं। भारतीय किसान यूनियन के मेरठ मंडल अध्यक्ष गुड्डू प्रधान ने कहा, श्पश्चिमी उत्तर प्रदेश के सभी जिलों में ट्रैक्टर तिरंगा मार्च निकालने की तैयारी पूरी है। पहले ये मार्च 15 अगस्त को निकलना था। बाद में इसे 11 अगस्त को निकालने का फैसला लिया गया है। हर जनपद में मुख्यालयों पर प्रदर्शन किए जाएंगे। इन यात्राओं के रूट तय कर लिए गए हैं। पुलिस और प्रशासन हमें रोकने की कोशिश न करे, वरना ये आंदोलन और तेज किया जाएगा। भाकियू की अगुवाई वाले किसानों ने आखिरी प्रोटेस्ट पहलवानों के मुद्दे पर किया था। वे यूपी–दिल्ली के गाजीपुर बॉर्डर पर इकट्ठा हुए थे और कई घंटे तक हंगामा चला था। उसके बाद से किसान अब खेतीबाड़ी से जुड़े मुद्दों पर प्रोटेस्ट करने जा रहे हैं। इसी साल हरियाणा, राजस्थान और मध्यप्रदेश में विधानसभा चुनाव होने हैं। साल–2024 के शुरुआत में लोकसभा चुनाव भी हैं। ऐसे में किसान संगठन फिर से अपनी समस्याओं और मांगों को लेकर सक्रिय हो गए हैं।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा 100के, मिलाप भवन, 8/ऐ, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली–110002, दूरभाषः 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी–9 सेक्टर–3, नोएडा–201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# आवाज दबाने की कोशिश कर रही भाजपा: चड्ढा

**अपने खिलाफ विशेषाधिकार हनन की शिकायतों पर बोले आप सांसद**



प्रेस वार्ता में राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा व संजय सिंह।

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी (आप) के राज्यसभा सदस्य राघव चड्ढा ने बृहस्पतिवार को दिल्ली सेवा विधेयक से संबंधित एक प्रस्ताव में पांच सांसदों के जाली हस्ताक्षर करने का आरोप लगाए जाने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर निशाना साधा और कहा कि वह उनकी आवाज को दबाने की कोशिश कर रही है क्योंकि उन्होंने भाजपा के दोहरे मानक को उजागर कर दिया। वहीं आप सांसद संजय सिंह ने आरोप लगाया कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने उसके खिलाफ बोलने वाले सदस्यों को सदन से निलंबित करने की नई परंपरा शुरू कर दी है।

चार सांसदों ने चड्ढा पर नियमों का उल्लंघन कर उनकी सहमति के बिना प्रवर समिति के गठन के लिए उनका नाम प्रस्तावित करने का आरोप लगाया है। राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने उन सांसदों की शिकायतों का संदर्भ देते हुए मामले की जांच के लिए इसे विशेषाधिकार समिति को भेज दिया।

चड्ढा ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि उनके खिलाफ आरोप निराधार हैं। आप सांसद ने कहा कि एक सांसद किसी अन्य सदस्य के नाम को उनकी लिखित सहमति या हस्ताक्षर के बिना प्रवर समिति के लिए प्रस्तावित कर सकता है।

चड्ढा ने कहा, मैं भाजपा के उन सांसदों के खिलाफ विशेषाधिकार समिति और अदालत का दरवाजा खटखटाऊंगा जिन्होंने मेरे खिलाफ जालसाजी का झूठा आरोप लगाया है। आप सांसद ने संवाददाता सम्मेलन में नियम पुस्तिका दिखाते हुए कहा, कोई भी सदस्य, सदस्य की लिखित सहमति या हस्ताक्षर के बिना किसी अन्य सदस्य का नाम प्रस्तावित कर सकता है। नियमों के अनुसार, प्रवर समिति के लिए नाम प्रस्तावित करने के लिए न तो किसी सदस्य की सहमति की आवश्यकता होती है और न ही हस्ताक्षर की।

चड्ढा ने अपने ऊपर लगे आरोपों को निराधार बताते हुए दावा किया कि उनके बारे में जालसाजी करने की अफवाह फैलाई जा रही है। उन्होंने पूछा कि जब किसी का हस्ताक्षर लेकर जमा नहीं किया गया तो जालसाजी का सवाल कैसे उठता है। चड्ढा ने दावा किया, जाली हस्ताक्षरों के बारे में जो अफवाह फैलाई जा रही है वह बिलकुल गलत और निराधार है।

चड्ढा ने कहा, मैं भाजपा को चुनौती देता हूं कि वह उन दस्तावेजों को दिखाए जिनमें जाली हस्ताक्षर हैं, जैसा कि उन्होंने आरोप लगाया है। मेरे खिलाफ शिकायतों पर संसदीय बुलेटिन में जालसाजी, जाली हस्ताक्षर का कोई जिक्र नहीं है। चड्ढा ने कहा कि अगर विशेषाधिकार समिति किसी के खिलाफ कार्यवाही शुरू करती है तो कोई सार्वजनिक बयान नहीं देता है। आप नेता ने कहा, जब भी विशेषाधिकार समिति किसी के खिलाफ कार्वाई शुरू करती है, तो उक्त व्यक्ति सार्वजनिक बयान नहीं देता। लेकिन मजबूरी के कारण मुझे बोलना पड़ रहा है। मैं माननीय सभापति या विशेषाधिकार समिति के खिलाफ नहीं बोलूंगा। राज्यसभा के एक बुलेटिन में कहा गया कि सभापति को उच्च सदन के सदस्य सस्मित पात्रा, एस फांगनोन कोन्याक, एम थंबीदुरई और नरहरि अमीन से शिकायतें मिली हैं।संवाददाता सम्मेलन में आप के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने आरोप लगाया कि नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने उसके खिलाफ बोलने वाले सदस्यों को सदन से निलंबित करने की नई परंपरा शुरू कर दी है। सिंह ने सरकार से पूछा, तो फिर देश में अपनी तानाशाही घोषित कर दें। आप लोकतंत्र का नाटक क्यों कर रहे हैं। सिंह ने गृह मंत्री अमित शाह पर निशाना साधते हुए कहा, आपको कम से कम यह तो पता होना चाहिए कि प्रवर समिति के लिए किसी भी सदस्य का नाम सदन का कोई अन्य सदस्य ही प्रस्तावित कर सकता है और उस सदस्य के हस्ताक्षर की कोई जरूरत नहीं है।

आप नेता ने पांचों सांसदों के नाम शामिल करने को जालसाजी करार देने के लिए शाह पर सदन में झूठ बोलने का भी आरोप लगाया। उन्होंने आरोप लगाया कि गृह मंत्री का एकमात्र उद्देश्य चड्ढा को राज्यसभा से अयोग्य घोषित कराना है जैसा कि लोकसभा में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के मामले में किया गया था।

संजय सिंह को मानसून के दौरान संसद के उच्च सदन से निलंबित कर दिया गया था। उन्होंने कहा, लेकिन, हम अरविंद केजरीवाल के सैनिक हैं। हम लड़ेंगे। और, यदि आप किसी भी तरह से राघव चड्ढा को अयोग्य घोषित करते हैं, तो वह फिर से निर्वाचित होकर वापस आएंगे।

## टमाटर की माला पहनने पर आप सांसद ने मांगी माफी

**नई दिल्ली।** *सुशील गुप्ता ने राज्यसभा में टमाटर की माला पहनकर आने के लिए बृहस्पतिवार को माफी मांग ली। टमाटर की बढ़ती कीमतों पर विरोध जताने के लिए वह बुधवार को इसकी माला पहनकर उच्च सदन में आए थे। गुप्ता के इस आचरण पर धनखड़ ने कड़ी आपत्ति जताई और दुख भी व्यक्त किया था। धनखड़ ने गुप्ता के सदन में टमाटर की माला पहनकर आने का उल्लेख करते हुए कहा कि वह इससे इतने आहत हुए थे कि उन्होंने आप सदस्य के खिलाफ कार्वाई का मन बना लिया था। उन्होंने कहा, इस मुद्दे पर मैंने सदन के विभिन्न दलों के नेताओं से चर्चा की। मैंने उन्हें बताया कि यदि हम सदन की गरिमा के विपरीत आचरण करेंगे तो हम खुद से न्याय नहीं करेंगे और सदन के बाहर भी अच्छा संदेश नहीं देंगे।*

## सुप्रीम कोर्ट पर प्रधानमंत्री को भरोसा नहीं : सौरभ भारद्वाज


**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



केंद्र की भाजपा शासित नरेंद्र मोदी सरकार को अब भारत के मुख्य न्यायाधीश पर भी भरोसा नहीं रहा है। इसी वजह से सुप्रीम कोर्ट के एक और फैसले को पलट दिया है। मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) और चुनाव आयुक्त (ईसी) को चुनने के लिए सुप्रीम कोर्ट की तरफ से बनाए गए 'इंडिपेंडेंट सेलेक्शन बोर्ड' संबंधी फैसले को विधेयक लाकर पलटा गया है। मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने निष्पक्ष चुनाव करवाने के उद्देश्य से आदेश दिया था कि सीईसी और ईसी का चुनाव इंडिपेंडेंट सेलेक्शन बोर्ड के जरिए किया जाए। इसमें प्रधानमंत्री, लीडर ऑफ अपोजिशन और भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) को शामिल किया जाए। लेकिन केंद्र की मोदी सरकार ने विधेयक लाकर सुप्रीम कोर्ट के फैसले को पलट दिया है। अब मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्त को चुनने वाले बोर्ड में प्रधानमंत्री, उनके द्वारा चुना गया एक मंत्री और नेता विपक्ष होंगे। भारद्वाज ने बृहस्पतिवार को एक प्रेसवार्ता में कहा कि इतना बड़ा अविश्वास देश के मुख्य न्यायाधीश पर पहली बार देश की कैबिनेट और प्रधानमंत्री ने जताया है। यह भारत के संसदीय इतिहास में काले अक्षरों में लिखा जाएगा। इसी तरह सुप्रीम कोर्ट की संवैधानिक पीठ ने फ़ैसला दिया था कि दिल्ली सरकार के पास सर्विसेज संबंधी शक्तियां होंगी, लेकिन भाजपा की केंद्र सरकार ने इसे भी पलट दिया।

## प्रसिद्ध प्रकाशक नरेंद्र कुमार नहीं रहे

**भारतीय प्रकाशन जगत के पुरोधा माने जाने वाले नरेंद्र ने कई किताबें लिखीं, द पायनियर के मुद्रक एवं प्रकाशक की जिम्मेदारी भी संभाली**


1938–2023

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

प्रसिद्ध प्रकाशक, शिक्षाविद् और द पायनियर के मुद्रक एवं प्रकाशक नरेंद्र कुमार (85) का बृहस्पतिवार सुबह निधन हो गया। वह इंडियन पब्लिशर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष और हर आनंद प्रकाशन के चेयरमैन थे, जो पिछले 60 वर्षों से सैकड़ों प्रसिद्ध पुस्तकें प्रकाशित करता आ रहा है। नरेंद्र कुमार के परिवार में उनके प्रकाशक बेटे अशोक और आशीष तथा अधिवक्ता बेटी हैं। अशोक ने बताया कि नरेंद्र कुमार का बृहस्पतिवार शाम लोधी श्मशान घाट पर अंतिम संस्कार किया गया।

भारतीय प्रकाशन जगत के पुरोधा माने जाने वाले नरेंद्र कुमार के नाम कई उपलब्धियां दर्ज हैं। वह पहले विकास पब्लिशिंग हाउस के प्रबंध निदेशक थे। उन्होंने भारतीय प्रकाशन पर विस्तार से लिखा और वैश्विक मंचों पर इसके हित से जुड़े मुद्दों को बढ़ावा दिया।

उन्होंने बांग्लादेश, रूस, चीन, मध्य एशिया और अफ्रीका के साथ-साथ शिक्षा पर कई किताबें लिखी थीं। वह डीपीएस स्कूल समूह के अध्यक्ष भी रहे। उन्हें कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार भी मिले। इनमें इटली के ऑर्डर ऑफ द स्टार ऑफ इटैलियन सॉलिडेरिटी पुरस्कार भी शामिल है, जो उन्हें वहां के राष्ट्रपति के हाथों मिला था। उन्हें इंडियन पब्लिशिंग हॉल ऑफ फेम में शामिल होने वाले सबसे कम उम्र के प्रकाशक होने का गौरव भी प्राप्त है। नरेंद्र कुमार विभिन्न यूनेस्को और डब्ल्यूआईपीओ कार्य समूहों के सदस्य तथा फेडरेशन ऑफ इंडियन पब्लिशर्स के अध्यक्ष थे। खेल प्रशासन में भी उनकी गहरी रूचि थी और वह दिल्ली लॉन टेनिस एसोसिएशन के अध्यक्ष रहे। नरेंद्र कुमार कई अन्य प्रसिद्ध संगठनों के प्रमुख होने के अलावा वर्ल्ड इंटेलेक्चुअल फाउंडेशन के संस्थापक अध्यक्ष थे।

## केजरीवाल ने निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्ति बिल पर प्रधानमंत्री को घेरा

**सुप्रीम कोर्ट के फैसले पसंद नहीं आने पर बना रहे विधेयक, इससे चुनाव की निष्पक्षता पर पड़ेगा असर**



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त और निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्ति को विनियमित करने वाले विधेयक को लेकर बृहस्पतिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधते हुए दावा किया कि इससे चुनाव की निष्पक्षता पर असर पड़ेगा।

राज्यसभा में बृहस्पतिवार को पेश किए एक विधेयक के अनुसार, भविष्य में मुख्य निर्वाचन आयुक्त और निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्ति प्रधानमंत्री की अध्यक्षता वाली तीन सदस्यीय समिति करेगी। लोकसभा में विपक्ष का नेता और एक कैबिनेट मंत्री भी इस समिति का सदस्य होगा। यह उच्चतम न्यायालय के मार्च में दिए उस फैसले के विपरीत है जिसमें कहा गया था कि मुख्य निर्वाचन आयुक्त और निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्ति प्रधानमंत्री, लोकसभा में विपक्ष के नेता और प्रधान न्यायाधीश की सदस्यता वाली एक समिति की सलाह पर राष्ट्रपति द्वारा की जाएगी।

केजरीवाल ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर सिलसिलेवार पोस्ट में प्रधानमंत्री मोदी पर उच्चतम न्यायालय के आदेश का पालन न करने का भी आरोप लगाया और कहा कि यह बहुत खतरनाक स्थिति है।

उन्होंने कहा, मैंने पहले भी कहा था कि प्रधानमंत्री देश के उच्चतम न्यायालय की बात नहीं मानते हैं।

उनका संदेश स्पष्ट है - उच्चतम न्यायालय उनकी पसंद के विरुद्ध जो भी फैसला देगा, वह उसे पलटने के लिए संसद के जरिए कानून लेकर आएंगे। अगर प्रधानमंत्री उच्चतम न्यायालय के फैसले का पालन नहीं करते हैं तो यह बहुत खतरनाक स्थिति है। केजरीवाल ने कहा, उच्चतम न्यायालय ने एक निष्पक्ष समिति बनाई थी जो निष्पक्ष निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्ति करेगी। प्रधानमंत्री ने उच्चतम न्यायालय का फैसला पलटते हुए एक समिति गठित की है जो उनके नियंत्रण में रहेगी और वह इसके जरिए अपनी पसंद के व्यक्ति को चुनाव आयुक्त बना सकते हैं। इससे चुनावों की निष्पक्षता पर असर पड़ेगा। मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया, प्रधानमंत्री एक के बाद एक फैसलों से भारतीय लोकतंत्र को कमजोर कर रहे हैं। आम आदमी पार्टी (आप) के नेता केजरीवाल ने एक अन्य पोस्ट में कहा कि चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति के लिए प्रस्तावित समिति में भारतीय जनता पार्टी के दो और कांग्रेस का एक सदस्य होगा। उन्होंने कहा, जाहिर तौर पर नियुक्त होने वाला निर्वाचन आयुक्त भाजपा का वफादार होगा।

सरकार ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त और अन्य निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्ति, सेवा की शर्तों और कार्यकाल के विनियमन के लिए बृहस्पतिवार को राज्यसभा में एक विधेयक पेश किया।


डीयू में स्पोर्ट्स कोटे के दाखिले के लिए प्रतियोगिता शुरू हो गई। शतरंज में हाथ आजमाती छात्रा। फोटो: रंजन डिमरी

## डीएमआरसी-आईआईआईटी के बीच तकनीकी सहयोग पर सहमति

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

मेट्रो यात्रियों को सुखद यात्रा अनुभव को बढ़ाने व तकनीकी विकास को बढ़ावा देने के लिए बृहस्पतिवार को दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (डीएमआरसी) और इंद्रप्रस्थ इंस्टीट्यूट ऑफ इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी दिल्ली (आईआईआईटी-डी) के बीच सेंटर फॉर सस्टेनेबल मोबिलिटी (सीएसएम) समझौता ज्ञापन (एमओयू)पर हस्ताक्षर किया गया।

इस अवसर पर डीमएमआरसी के प्रबंध निदेशक विकास कुमार की मौजूदगी में एमओयू पर हस्ताक्षर के साथ डायनामिक विज्ञापन डिस्प्ले का शुभारंभ किया गया।

डीएमआरसी लिमिटेड के निदेशक ऑपरेशन एंड सर्विसेज डॉ. अमित कुमार जैन, आईआईआईटी-दिल्ली के डीन डॉ. पुष्पेंद्र सिंह और आईआईआईटीके सीएसएम प्रमुख डॉ. प्रवेश बियानी भी मौजूद थे।

इस समझौते में ओपन ट्रांजिट डेटा और डायनमिक एडवरटाइजिंग स्क्रीन मुख्य हैं। ओपन ट्रांजिट डेटा सार्वजनिक रूप से सुलभ परिवहन जानकारी और मार्गों को संदर्भित करते हुए एक मानकीकृत प्रारूप पेश करता है।

## स्मृति ईरानी को मणिपुरी महिलाओं के खिलाफ हिंसा पर गुस्सा नहीं आता : स्वाति मालीवाल

**बिलकिल बानो और बृजभूषण का भी हवाला देकर साधा निशाना**

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली महिला आयोग (डीसीडब्ल्यू) की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल ने केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी पर निशाना साधते हुए बृहस्पतिवार को आरोप लगाया कि उन्हें मणिपुर में महिलाओं को निर्वस्त्र कर घुमाए जाने और स्वतंत्रता दिवस पर बिलकिस बानो के बलात्कारियों की रिहाई जैसी घटनाओं पर गुस्सा नहीं आता।

मालीवाल ने यह भी कहा कि स्मृति महिला पहलवानों के यौन उत्पीड़न के आरोपी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद बृजभूषण शरण सिंह या बलात्कार और हत्या जैसे अपराधों के लिए 20 साल की जेल की सजा काट रहे डेरा सच्चा सौदा प्रमुख गुरमीत राम रहीम सिंह को बार-बार मिल रही पैरोल को लेकर नाराज नहीं होतीं। डीसीडब्ल्यू प्रमुख की यह टिप्पणी केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी द्वारा राहुल गांधी के लोकसभा में फ्लाइंग किस की भाव-भंगिमा प्रदर्शित करने को लेकर उन पर महिला सांसदों के प्रति अभद्र व्यवहार दिखाने का आरोप लगाए जाने के एक दिन बाद आई है। मालीवाल ने दो मिनट के वीडियो में कहा, केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री बहुत नाराज हैं। लेकिन मेरी समझ में यह नहीं आता कि यह गुस्सा तब कहां चला जाता है। डीसीडब्ल्यू प्रमुख ने कहा कि स्मृति ईरानी को बृजभूषण को लेकर गुस्सा नहीं आता, जिन पर कई ओलंपिक विजेता पहलवानों का यौन उत्पीड़न करने, उन्हें अपने कमरे में बुलाने और उनके साथ अभद्र व्यवहार करने का आरोप है।

## राजधानी में होमग्रोन हीरोज पुस्तक का अनावरण

**नई दिल्ली।** राजधानी में बृहस्पतिवार को उद्यमिता और नवाचारों को बढ़ावा देने वाले कॉफी टेबल बुक होमग्रोन हीरोज का अनावरण किया। घरेलू ई-कॉमर्स ब्रांड फ्लिपकार्ट के समर्थ कार्यक्रम के अंतर्गत इस पुस्तक में विभिन्न क्षेत्रों में लोगों की प्रगति को दर्शाया गया है।

केंद्रीय एमएसएमई मंत्री नारायण राणे ने अपने संदेश में इस प्रयास की सराहना की। इस अवसर पर इंडिया एसएमई फोरम के अध्यक्ष विनोद कुमार, फ्लिपकार्ट के एसवीपी एवं चीफ कॉरपोरेट अफेयर्स ऑफिसर रजनीश कुमार समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे। इस पुस्तक में वास्तविक जीवन की 75 कहानियों को समाहित किया गया है।

## पति के साथ अवैध संबंधों के शक में बहन को मारी गोली

**पीड़िता ने कहा, छर्रा लगने के बाद बंदूक की बट से किया सिर पर वार**



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

उत्तरपूर्वी दिल्ली के शास्त्री पार्क इलाके में एक महिला ने अपनी 20 वर्षीय बहन को पति के साथ विवाहेतर संबंध के शक में कथित रूप से गोली मार दी। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

उत्तरपूर्वी दिल्ली के पुलिस उपायुक्त जॉय टिर्की ने बताया कि शास्त्री पार्क की बुलंद मस्जिद की रहने वाली सुमैला ने पुलिस को सूचना दी कि उसकी बड़ी बहन सोनू (30) ने बुधवार शाम को करीब साढ़े छह बजे देशी तमंचे से गोली चलाकर उसे जान से मारने का प्रयास किया।

उन्होंने बताया कि सुमैला के चेहरे पर छर्रा लगने के बाद सोनू ने बंदूक की बट से उसके सिर पर कई वार भी किए। उपायुक्त ने बताया कि घटना में पीड़ित को मामूली चोटें आईं हैं। अधिकारी ने बताया कि सोनू को शक था कि उसकी छोटी बहन सुमैला का उसके पति के साथ विवाहेतर संबंध है। पुलिस के मुताबिक, भारतीय दंड संहिता की धारा 307 (हत्या के प्रयास) और सशस्त्र अधिनियम के तहत यहां शास्त्री पार्क पुलिस थाने में एक मामला दर्ज कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि सोनू को गिरफ्तार कर लिया गया है और मामले की जांच चल रही है।

### खजूरी खास में रिश्तेदार पर कैंची से हमला

**नई दिल्ली।** खजूरी खास इलाके में एक व्यक्ति ने रिश्तेदार पर कथित तौर पर कैंची से हमला कर उसे घायल कर दिया। पुलिस उपायुक्त (उत्तर पूर्वी) जॉय टिर्की ने बताया कि घटना बुधवार सुबह 11 बजकर 30 मिनट पर तब हुई जब पीड़ित इदरीस ने बहन को प्रताड़ित करने के लिए शमशाद (42) को कथित रूप से अपशब्द कहने शुरू किए। इदरीस की बहन की 10 साल पहले शमशाद से शादी हुई थी। टिर्की ने बताया कि इससे गुस्साए शमशाद ने कैंची उठाकर इदरीस के गले पर वार कर दिया। पुलिस उपायुक्त ने बताया कि पीड़ित के बयान पर शमशाद के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। इदरीस वजीरपुर में जेजे कॉलोनी का निवासी है जबकि शमशाद खूजरी खास में रहता है।

## आईजीआई पर 15 अगस्त को गैर निर्धारित उड़ानें प्रतिबंधित

**स्वतंत्रता दिवस के मद्देनजर लालकिले और आईजीआई हवाई अड्डे के आसपास धारा 144 लागू**

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली हवाईअड्डे पर 15 अगस्त की सुबह और शाम को कुछ घंटों के लिए गैर निर्धारित उड़ानों को न ही उतरने की और न ही हवाईअड्डे से उड़ान भरने की इजाजत दी जाएगी। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

अधिकारियों के मुताबिक स्वतंत्रता दिवस के मौके पर दिल्ली हवाईअड्डे से निर्धारित उड़ानों की आवाजाही पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। दिल्ली हवाईअड्डा, देश का सबसे बड़ा हवाईअड्डा भी है। अधिकारियों ने बताया कि 15 अगस्त को सुबह छह बजे से 10 बजे तक और शाम चार बजे से सात बजे तक विमानन कंपनियों की गैर निर्धारितों उड़ानों और विशेष (चार्टर्ड) उड़ानों को न तो उतरने की और न ही उड़ान भरने की इजाजत दी जाएगी।



राजघाट पर स्वतंत्रता दिवस की सुरक्षा में लगा पुलिस बल।

अधिकारियों के मुताबिक इस संबंध में भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) के अंतर्गत आने वाली वैमानिकी सूचना सेवाओं द्वारा एक नोटम (नोटिस टू एयरमैन) भी जारी कर दिया गया है। अधिकारियों ने बताया कि भारतीय वायुसेना (आईएएफ), सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) और सेना विमानन हेलीकॉप्टर की उड़ानों पर नोटम लागू नहीं होगा।

अधिकारी ने बताया कि निर्धारित संचालकों की तयशुदा उड़ानों, त्वरित प्रतिक्रिया बल और हताहतातत्काल चिकित्सा निकासी के अलावा किसी राज्य के राज्यपाल और मुख्यमंत्री के साथ उड़ान भरने वाले सरकारी विमानों और हेलीकॉप्टरों को दिल्ली हवाईअड्डे पर उतरने व उड़ान भरने की मंजूरी दी जाएगी।

आम तौर पर, नोटम एक प्रकार का नोटिस होता है, जिसमें उड़ान संचालन में शामिल कर्मियों के लिए आवश्यक जानकारी होती है। ज्ञात हो कि स्वंत्रता दिवस के मौके पर दिल्ली की सभी बॉडरों को सील कर दिया जाता है। इस दौरान मध्य दिल्ली में सघन चैकिंग अभियान चलता है। वहीं कुछ मेट्रो स्टशानों पर आवाजाही रोकी जाती है। साथ ही कुछ पार्किंगों को सुरक्षा की दृष्टि से खाली कर दिया जाता है।

## टकराने पर पीटा, बाइक भी छीन कर ले गए

**नई दिल्ली।** पश्चिमी दिल्ली में चार अज्ञात लोगों ने 22 वर्षीय एक युवक की कथित तौर पर पिटाई कर दी। पुलिस ने बताया कि युवक की मोटरसाइकिल, अज्ञात लोगों के दोपहिया वाहन से टकरा गई थी।

उसने बताया कि आरोपी ने राजौरी गार्डन इलाके में उसकी मोटरसाइकिल भी छीन ली। पुलिस ने शिकायतकर्ता मनोज के हवाले से बताया कि वह अपने चचेरे भाइयों के साथ मोटरसाइकिल पर सवार था, तभी उसका वाहन एक अन्य मोटरसाइकिल से टकरा गया। पुलिस उपायुक्त (पश्चिम) विचित्र वीर ने बताया कि जब वह कुकरेजा लाल बत्ती पर पहुंचे, तब दूसरी मोटरसाइकिल पर सवार लोग वहां ठहरे और वाहनों के टक्कर के बारे में बताते हुए चार आरोपियों ने मनोज पर हेलमेट से हमला कर दिया।

## गर्भपात के आदेश के 24 घंटे में पीड़िता को अस्पताल ले जाएं : कोर्ट

**यौन उत्पीड़न की शिकार के मामले में अदालत ने दिए निर्देश**




**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली उच्च न्यायालय ने अपने एक फैसले में कहा है कि यौन उत्पीड़न की शिकार महिला के गर्भपात का आदेश जारी होने के बाद पुलिस को पीड़िता को 24 घंटे के भीतर अस्पताल ले जाना चाहिए।

न्यायमूर्ति स्वर्णकांत शर्मा ने ऐसे मामलों में, विशेषकर नाबालिगों से जुड़े मामलों में, चिकित्सकों द्वारा निभाई जाने वाली महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया और उन्हें यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि ऐसे मामलों में भ्रूण को साक्ष्य के लिए संरक्षित किया जाए तथा पीडि़ता को जल्दबाजी में अस्पताल से छुट्टी नहीं दी जाए, जिससे उसकी जान को खतरा हो सकता है। नाबालिग से बलात्कार के आरोपी व्यक्ति की जमानत याचिका खारिज करते हुए अदालत ने नौ अगस्त को यह निर्देश दिए। अदालत ने मौजूदा मामले में कहा कि पीड़िता को गर्भपात के आदेश पारित होने के तीन दिन बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया और उसे प्रक्रिया के बिना छुट्टी दे दी गई।

# हिंसा प्री-प्लान होने की अभी तक कोई बात सामने नहीं आई: कला रामचन्द्रन

## गुरुग्राम पुलिस ने 93 लोगों को हिरासत में लिया था, 80 को जमानत पर छोड़ा

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम

### नूंह हिंसा के बाद गुरुग्राम में शांति हो चुकी है बहाल

### शांति कायम रखने में सहयोग के लिए मीडिया का धन्यवाद

### पुलिस कमिश्नर ने पत्रकार वार्ता में कही यह बात

**गुरुग्राम** की पुलिस कमिश्नर कला रामचन्द्रन ने कहा कि बृज मंडल यात्रा के दौरान हुई हिंसा में गुरुग्राम जिला में गिरफ्तारियां जारी हैं। जितने लोगों को अभी तक गिरफ्तार किया गया है, उनमें से पूछताछ में अभी तक किसी ने यह नहीं बोला कि प्री-प्लान था। गिरफ्तारियां जारी हैं। सोहना में फायरिंग मामले में किसी की गिरफ्तारी नहीं होने के सवाल पर उन्होंने कहा कि वहां बाई नेम एफआईआर हुई है। इसका मतलब यह नहीं कि हम बिना सुबूत किसी को गिरफ्तार कर लें। जांच चल रही है। वे गुरुवार को अपने कार्यालय में पत्रकारों से बात कर रहीं थीं।

सीपी कला रामचन्द्रन ने कहा कि नूंह हिंसा के बाद गुरुग्राम में भी शरारती तत्वों ने अशांति फैलाने की कोशिश की। पुलिस ने सामाजिक लोगों, दोनों समुदायों के मौजिज लोगों के साथ बैठकें करके शांति की अपील की। गुरुग्राम में अप्रिय घटनाओं को अंजाम देने वालों पर 37 एफआईआर दर्ज की गई। कुल 79 लोगों को गिरफ्तार किया गया। यहां से 93 लोगों को हिरासत में लिया गया, जिनमें से 80 को जमानत पर छोड़ दिया गया। चार केस सोशल मीडिया पर अफवाहें फैलाने के भी दर्ज किए गए हैं। सोहना में दो केसों में 15-15 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने कहा कि शहर में अक्सर कोई ना कोई ऐसी छोटी-छोटी वारदात हो जाती हैं, जिससे



अपने कार्यालय में पत्रकारों से बात करती सीपी कला रामचन्द्रन।

लोगों की भावनाओं को ठेस पहुंचती है। उन्होंने अपील की कि ऐसी घटनाओं की जानकारी मिलने पर तुरंत पुलिस को सूचित करें। किसी भी वारदात में खुद जवाब ना दें। पुलिस आकर सब संभाल लेगी। उन्होंने कहा कि कोई भी ऐसी मैसेज सोशल मीडिया पर ना फैलाएं, जिससे किसी भी समुदाय की भावना आहत होती हो। पुलिस आयुक्त कला रामचन्द्रन ने कहा कि नूंह हिंसा के बाद गुरुग्राम जिला गुरुग्राम शहर, सोहना व पटौदी में जो अप्रिय घटनाएं घटी, उनमें केस दर्ज किये गये। दो मामले हेट स्पीच के दर्ज किए गए हैं। उन्होंने कहा कि हम गुरुग्राम की जनता के भी शुक्रगुजार हैं, जिन्होंने शांति रखने में पुलिस का भरपूर सहयोग दिया।

सीपी ने कहा कि शरारती तत्वों ने शांति भंग करने का भी प्रयास किया। सभी थाना प्रभारियों, अधिकारियों ने स्थिति नियंत्रण में रखी। मीडिया हमारे साथ खड़ा रहा। हमें स्थित कंट्रोल करने में सहयोग किया। उन्होंने गुरुग्राम पुलिस ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि वह शांति बनाए रखें किसी तरह से किसी अफवाह पर विश्वास न करें। पुलिस कमिश्नर ने बताया कि सोहना में भी दोनों समुदायों के बीच बैठक कर शांति बनाए रखने की अपील की गई थी। दोनों ही सुविधाएं के लोगों की तरफ से लगातार प्रयास से ही किये जा रहे हैं कि किसी तरह की अप्रिय घटना ना हो। फिलहाल गुरुग्राम में पूरी तरह से सामान्य स्थिति है। उन्होंने कहा कि हमारी साइबर सैल गुरुग्राम पुलिस की है। कोई हमसे सहयोग मांगेगा तो जरूर करेंगे।

# सार्वजनिक स्थान से लेकर सोशल मीडिया पर भडकाऊ भाषण देने से बचे : पुलिस कमिश्नर

**सोहना।** पुलिस कमिशनर कला रामचन्द्र ने पीस कमेटी शामिल गणमान्य नागरिकों को आश्वासन देते हुए कहा कि आपसी भाईचारे को खराब करने के आरोपी को किसी भी सूरत में बक्सा नहीं जाएगा। पुलिस द्वारा दंगा में शामिल असल आरोपियों को ही गिरफ्तार कर रही है। अभी तक एक भी निर्दोष को नहीं पकड़ा गया है।

बुधवार को सोहना के टूरिज्म कॉम्पलेक्स पर जिला पुलिस कमिशनर कला रामचन्द्र ने दोनों ही समुदाय की गठित पीस कमेटी सदस्यों के साथ बैठक की। बैठक दोपहर करीब सवा 12 बजे शुरु होकर एक बजे तक चली। इस बैठक में कमिशनर ने दोनों पक्षों की पीस कमेटी में शामिल सदस्यों की विचार और भावनाओं को सुना। जिसमें दोनों ही पक्ष की तरफ से आपसी भाईचारे को बनाकर रखने और सौहार्दपूर्ण वातावरण फिर से कायम करने की बातें कही। दोनों की पक्ष की तरफ से 31 जुलाई को शहर के अंबेडकर बाईपास चौक पर हुआ दंगा फैलाने वाले असल आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की गई। लेकिन निर्दोषों को किसी भी सूरत में नहीं पकड़े जाने की अपील की गई। पीस कमेटियों में शामिल मौजूद गणमान्य लोगों के विचार सुनने के बाद पुलिस कमिशनर ने साफ शब्दों में कहा कि अभी तक जो भी गिरफ्तारियां की गई है। वह उनके माता-पिता को संतान द्वारा किया गया गुनाह का सबूत दिखाकर की गई है। उसके माता-पिता या परिजन ने भी माना कि उनका बेटा या रिश्तेदार दंगा में शामिल था। सीपी ने कहा कि दोषियों को जल्द से जल्द सौंप दो। प्रत्येक माता-पिता जानता है कि उसका बेटा का दोष है या नही। सीपी ने कहा कि सार्वजनिक स्थल या दो से अधिक नागरिकों के बीच में रहकर भडकाउ बातें करना, चाहे सोशल मिडिया पर बोलना व लिखने वाला भी दोषी है। ऐसे अपराधियों के खिलाफ मामले हो रहे है।

### इंडरी मोड़ पर स्थापित होगी चौकी

**पीस** कमेटी की बैठक में क्षेत्रीय नागरिकों द्वारा बाईपास चौक से नूंह जाने वाले मार्ग के इंडरी मोड़ पर चौकी स्थापित करने की मांग की गई। उक्त मांग को सीपी ने स्वीकारते हुए जगह की मांग पूरी होने पर स्थापित करने का आश्वासन दिया।

## संक्षिप्त समाचार

### हरियाली तीज का मेला हिंसा की भेट चढ़ा, नहीं लगेगा



सोहना के देवीलाल खेल स्टेडियम में तीज मेला का ठेका समाप्त किए जाने के बाद सामान को समेटते हुए मजदूर।

**सोहना।** पिछले दिनों हुई हिंसात्मक घटना के चलते मेला कमेटी ने हरियाली तीज मेला को रदद कर दिया है। मेला ठेकादार ने अपना सामान को समेटना शुरु कर दिया है। 31 जुलाई को शहर के अंबेड़कर चौक हुई दो समुदाय के बीच दंगा को ध्यान में रखते हुए इस बार लगने वाला हरियाली तीज मेला को रदद कर दिया है। तीज मेला कमेटी अध्यक्ष एसडीएम के नेतृत्व में हुई बैठक में यह सर्वसम्मति से फैसला लेने के बाद ठेकेदार प्रवीण गुप्ता को अपना लाया गया सामान को उठाने के आदेश जारी कर दिए है। वहीं ठेकेदार ने अपने मजदूरों से देवीलाल खेल स्टेडियम में मेला लगाने की चल रही तैयारियों को बीच में रोकने के बाद समेटना शुरु कर दिया है। मेला कमेटी के अध्यक्ष एसडीएम प्रदीप सिंह ने बताया कि कमेटी में शामिल सभी सदस्यों ने दो समुदाय के नागरिकों में हुई हिंसात्मक घटना को मध्य नजर रखते हुए मेला को रदद किया है। कमेटी इस बार मेला को लगाकर आपसी भाईचारे में किसी प्रकार का विवाद होने की आशंका को मध्यनजर रखते हुए यह फैसला लिया है। उन्होने बताया कि कमेटी के साथ-साथ क्षेत्र के बुद्धिजीवियों से ली गई सलाह के बाद यह फैसला लिया है। धीरे-धीरे आपसी भाईचारे का माहौल पनपने लगा है। लेकिन ऐसे माहौल में असामाजिकतत्व के लोग शांति को अशांति में बदलने में किसी प्रकार के मौके को नहीं चूकते है।

### महाविद्यालय को स्वच्छ बनाने में सहयोग दें छात्राएं: डा. इंदू राव



राजकीय कन्या महाविद्यालय में ओरियंटेशन कार्यक्रम में मौजूद छात्राएं व स्टाफ।

**गुरुग्राम।** महाविद्यालय में सत्र 2023-24 में प्रवेश लेने वाली छात्राओं के लिए ओरियंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें महाविद्यालय की प्राचार्या डॉक्टर इंदु राव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रही। प्राचार्या डॉक्टर इंदू राव ने सभी का अभिनंदन करते हुए अपने वक्तव्य की शुरुआत की। उन्होंने अपने संदेश में कहा कि यह महाविद्यालय हरियाणा के श्रेष्ठ महाविद्यालयों में से एक है। महाविद्यालय में शिक्षा के साथ-साथ क्रीड़ा, सांस्कृतिक, संगोष्ठियां, वर्कशॉप, एनएसएस, एनसीसी, वूमेन सैल, प्लेसमेंट सैल व अन्य कई सोसाइटीज छात्राओं के व्यक्तित्व में निखार लाने के लिए कार्य करती रहती हैं। छात्राओं को कम से कम किसी एक गतिविधि में अवश्य भाग लेना चाहिए। महाविद्यालय को स्वच्छ बनाने में विशेष सहयोग करें। स्वच्छता ही स्वस्थता देती है। अनुशासन में रहकर हर कार्य करें। जीवन का हर कार्य अगर हम अनुशासन में रहकर करेंगे तो सफलता पग चूंमेगी। महाविद्यालय में एनएएसी विजिट होने जा रहा है।

# गुरुग्राम विवि व फेडरेशन ऑफ फार्मा एंटरप्रेन्योर्स के बीच एमओयू



गुरुग्राम विवि में फेडरेशन ऑफ फार्मा एंटरप्रेन्योर्स (एफओपीई) के बीच एमओयू साइन करके फाइलों का आदान-प्रदान करते अधिकारी।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

### एफओपीई, जीयू के फार्मेसी विभाग के छात्रों के लिए 100 प्रतिशत प्लेसमेंट एवं इंटर्नशिप के लिए करेगा पहल

**अनुसंधान** सहयोग, इंटर्नशिप, प्लेसमेंट, ज्ञान सांझाकरण, कौशल विकास को बढ़ाने के उद्देश्य से गुरुग्राम विश्वविद्यालय और फार्मास्युटिकल उद्योग में विकास एवं नवाचार को बढ़ावा देने वाले फेडरेशन ऑफ फार्मा एंटरप्रेन्योर्स (एफओपीई) के बीच गुरुवार को एमओयू साइन किया गया।

समझौता ज्ञापन पर गुरुग्राम विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार की उपस्थिति में रजिस्ट्रार डॉ. राजीव कुमार सिंह और एफओपीई के कार्यकारी निदेशक जगदीश कुमार द्वारा हस्ताक्षर किए गए। समझौते का उद्देश्य संयुक्त अनुसंधान परियोजनाओं, कौशल विकास पहल और पाठ्यक्रम संवर्द्धन, इंटर्नशिप, प्लेसमेंट, दो संस्थानों के बीच सभी शैक्षणिक संसाधनों को साझा करना आदि को सुविधाजनक बनाना है।

एमओयू के बारे में बताते हुए गुरुग्राम विवि के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने बताया कि इस एमओयू के तहत फेडरेशन ऑफ फार्मा एंटरप्रेन्योर्स गुरुग्राम विवि के फार्मेसी विभाग के छात्रों के लिए 100 प्रतिशत प्लेसमेंट एवं इंटर्नशिप की सुविधा प्रदान करेगा। इसके तहत फेडरेशन ऑफ फार्मा एंटरप्रेन्योर्स पीसीआई के सहयोग से गुरुग्राम विवि में फार्मेसी विभाग के छात्रों के लिए सेण्टर ऑफ एक्सीलेंस स्थापित करेगा। यह प्रयास फार्मास्युटिकल क्षेत्र में छात्रों और पेशेवरों के कौशल और दक्षता को समृद्ध करेगा। जीयू एफओपीई सदस्यों के लिए विशेष सतत शिक्षा कार्यक्रम और व्यावसायिक विकास पाठ्यक्रम पेश करेगा।

आगे कुलपति ने बताया कि एफओपीई अपने औद्योगिक ज्ञान और अनुभव के आधार पर फार्मेसी विभाग के छात्रों के उज्जवल भविष्य हेतु इंडस्ट्री के मांग के अनुरूप पाठ्यक्रम विकास में सहयोग करेगा। जिससे छात्रों को फार्मास्युटिकल उद्योग में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए आवश्यक ज्ञान और कौशल प्राप्त होगा। इसके तहत गुरुग्राम विश्वविद्यालय के संकाय और छात्र एफओपीई सदस्यों के साथ मिलकर लीन और टोटल क्वालिटी मैनेजमेंट प्रोजेक्ट संचालित करेंगे।

# स्कूलों में पौधे बांटकर पर्यावरण के प्रति जागरुक करेगा पर्यावरण संरक्षण विभाग

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

### गुरुवार को विभाग के प्रदेश प्रमुख नवीन गोयल ने कही यह बात

**पर्यावरण** संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा की ओर से स्कूलों में पौधे बांटकर पर्यावरण के प्रति जागरुक करने का काम व्यापक स्तर पर किया जाएगा। पूरी योजना के साथ पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा के प्रमुख एवं एक भारत श्रेष्ठ भारत कमेटी के प्रदेश सह संयोजक नवीन गोयल ने सभी स्कूलों में पौधे बांटने की जिम्मेदारी ली है।

नवीन गोयल ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल, पूर्व सांसद एवं भाजपा केंद्रीय चुनाव समिति एवं भाजपा संसदीय बोर्ड की सदस्या डा. सुधा यादव और भाजपा के हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़, सांसद एवं केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह के कुशल नेतृत्व व मार्गदर्शन में सभी स्कूलों के साथ मिलकर पौधारोपण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि भाजपा का पर्यावरण संरक्षण विभाग पर्यावरण और प्रकृति के संरक्षण के लिए लंबे समय से कार्यरत है। सक्रियता के साथ ग्राउंड लेवल पर कार्यकर्ता काम कर रहे हैं। उन्होंने सभी को पर्यावरण के संरक्षण के लिए पेड़-पौधे लगाने का आग्रह किया। स्कूलों में बच्चों और शिक्षकों के बीच पर्यावरण के प्रति सकारात्मक तरीके से काम करने की प्रेरणा देते हुए नवीन गोयल ने कहा कि वृक्ष जीवन का आधार हैं। वेदों पुराणों में भी वृक्षों के महत्व और अनिवार्यता विभिन्न श्लोकों, कहावतों के माध्यम से बताई गई है। हरियाणा प्रदेश में उन्हें भारतीय जनता पार्टी ने प्रदेश पर्यावरण संरक्षण विभाग प्रमुख नियुक्त करके पर्यावरण के लिए काम करने की जिम्मेदारी सौंपी है। उन्होंने कहा कि हरियाणा के साथ-साथ गुरुग्राम को पर्यावरण की दृष्टि से देश में अव्वल बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।



नवीन गोयल।

# बिना किसी ठोस कारण के किसी भी ऑब्जेक्शन को रिजेक्ट न किया जाए : पीसी मीणा



गुरुग्राम नगर निगम में अधिकारियों की बैठक लेते निगमायुक्त पीसी मीणा।

**गुरुग्राम।** नगर निगम गुरुग्राम के आयुक्त पीसी मीणा ने गुरुवार को अधिकारियों के साथ मासिक समीक्षा बैठक की। नगर निगम गुरुग्राम, नगर परिषद सोहना व पटौदी-मंडी तथा नगर पालिका फरूखनगर के अधिकारीगण उपस्थित थे।

प्रॉपर्टी टैक्स कार्य की समीक्षा के दौरान निगमायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे शेष बची प्रॉपर्टी आईडी का इंटीग्रेशन अगले 2-3 दिन में कर लें। अधिकारियों ने बताया कि कुछ आईडी में समस्या आ रही थी, जिसका समाधान किया जा रहा है। प्रॉपर्टी टैक्स डाटा से संबंधित प्राप्त होने वाले ऑब्जेक्शन के बारे में निगमायुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिए कि आरटीएस के बाहर कोई भी फाईल नहीं होनी चाहिए। बिना किसी ठोस कारण के किसी भी ऑब्जेक्शन को रिजेक्ट व वापिस ना किया जाए। मुख्यमंत्री शहरी स्थानीय निकाय स्वामित्व योजना की समीक्षा के दौरान निगमायुक्त ने कहा कि जिन आवेदकों की रजिस्ट्री हो चुकी है, उन्हें पोर्टल पर अपलोड करवाएं तथा जो नियम के हिसाब से नहीं हैं, उन पर जल्द निर्णय लें।

**विज्ञापन आय बढ़ाने के दिए निर्देश** : निगमायुक्त ने कहा कि विज्ञापन आय में बढ़ोतरी की ओर विशेष ध्यान दें। उन्होंने सेल्फ एडवरटाईजमेंट की अनुमति के लिए मॉल्स में विशेष कैंप लगाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। साथ ही कहा कि कोशिश करें कि कैंप में आने वाले आवेदनों की अनुमति उसी दिन शाम तक प्रदान कर दी जाए।

# नागरिक अस्पताल में मिशन इन्द्रधनुष के तहत 85 को हुआ टीकाकरण

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**नागरिक** अस्पताल में मिशन इन्द्रधनुष अभियान के तहत गर्भवती महिलाओं व जच्चा-बच्चा टीकाकरण का अब ऑनलाइन पंजीकरण होगा। गर्भवती महिला व जच्चा-बच्चा को कब कब टीका लगने की जानकारी ऑनलाइन निकाल प्राप्त कर सकते है। बीतें चार दिन में 85 को टीकाकरण किया गया है।

गर्भवती महिला व जच्चा-बच्चा के लगने वाले टीके की जानकारी अब कागज के कार्ड पर नहीं होगी। अब यह सब जानकारी महिला अपनी और अपने नवजात बच्चा को कब कौन सा टीका लगने की समय सीमा ऑनलाइन प्राप्त कर सकेंगी। नागरिक अस्पताल में अब प्रत्येक गर्भवती महिला अपने टीकाकरण का पंजीकरण ऑनलाइन कराएगी। प्रदेश स्वास्थ्य विभाग ने इन्द्रधनुष अभियान चलाकर टीकाकरण करने की प्रक्रिया को पंजीकृत करना अभियान शुरु कर दिया है। जिसके लिए गर्भवती महिला व जच्चा-बच्चा का यह रिकार्ड दर्ज करने का कार्य आगामी छह माह तक चलेगा।

**7 से 12 अगस्त तक टीकाकरण** : नागरिक अस्पताल में इस अभियान को आम जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से 7 से 12 अगस्त तक चलाया जा रहा है। जिसके तहत गर्भवती महिला व जच्चा-बच्चा को टीकाकरण किया जा रहा है। शुरुआत में अभी कम ही टीकाकरण हो रहा है। लेकिन धीरे-धीरे जागरुकता आने पर यह अभियान तेजी से चलेगा।

टीकाकरण अभियान के लिए तैयार किया जाने वाला कागज का कार्ड को अक्सर महिलाएं खो देती है। जिसके कारण उनका हुआ टीकाकरण की जानकारी समय पर पूरी न होने से परेशानियां होने लगी थी। लेकिन ऑनलाइन पंजीकरण से किसी प्रकार की परेशानी नहीं आएगी। अभी चार दिन में 28 गर्भवती महिलाएं व 57 जीरो से 5 वर्ष की उम्र वाले बच्चों को यह टीकाकरण करने में सफलता मिली है।

**(इन्द्रजीत सिंह शर्मा- एसएमओ नागरिक अस्पताल सोहना)**

# गोपाल कांडा के घर, दफ्तर में गुरुवार सुबह 3 बजे खत्म हुई ईडी की छापेमारी

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम में पूर्व मंत्री एवं वर्तमान में सिरसा से विधायक गोपाल कांडा के गुरुग्राम स्थित घर और दफ्तर में बुधवार की सुबह 6 बजे शुरू हुई ईडी की छापेमारी गुरुवार आधी रात के बाद सुबह 3 बजे खत्म हुई। इसके बाद ईडी की टीम यहां से काफी दस्तावेज लेकर रवाना हो गई। छापेमारी के दौरान दोनों स्थानों पर कड़ी सुरक्षा रही।

हाल ही में अपनी एयरलाइन कंपनी एमडीएलआर की एयर होस्टेज केस से बरी हुई गोपाल कांडा भले ही भारतीय जनता पार्टी को बतौर विधायक सहयोग दे रहे हों, लेकिन उनके बिजनेस के मामले में भाजपा ने शायद ही कोई मदद की हो। गोपाल कांडा के घर, दफ्तर पर ईडी की छापेमारी होना कई सवालों को जन्म दे गया है। चर्चाएं तो गोपाल कांडा को हरियाणा सरकार में मंत्री बनाकर सम्मान बढ़ाने की थी, लेकिन उनके केस से बरी होते ही ईडी की छापेमारी ने उनके राजनीतिक कद को कम ही किया है। उनके घर और कार्यालय पर करीब 21 घंटे तक ईडी की छापेमारी, पूछताछ चली। इस दौरान गोपाल कांडा घर में ही मौजूद रहे। बुधवार सुबह 6 बजे गुरुग्राम पहुंची ईडी की टीम गुरुवार की सुबह 3 बजे यहां से रवाना हो गई। बताया जा रहा है कि कई अहम दस्तावेज ईडी की टीम को मिले, जिन्हें टीमअपने साथ लेकर गई है। जिस तरह से गोपाल कांडा पर ईडी की छापेमारी हुई है, इससे साफ है कि आने वाले समय में उनकी मुश्किल और बढ़ेंगी।



पूर्व मंत्री गोपाल कांडा।

# सोहना के गांव सरमथला में 600 पौधे लगाकर हरा-भरा बनाया जाएगा : सरपंच

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**ग्राम** पंचायत सरमथला के मुख्य मार्ग और रास्तों को हरा भरा करने के साथ-साथ पर्यावरण शुद्धिकरण के लिए 600 पौधें लगाने की कवायद शुरु कर दी है। इसके अलावा छायादार, औषधिय व फलदार पौधों को भी लगाया जा रहा है।

ग्राम सरमथला के नागरिकों को अब शुद्ध वातावरण व प्रयाप्त मात्रा में आक्सीजन मुहैया कराने के यहा के मुख्य मार्ग से लेकर सार्वजनिक स्थल और मुख्य रास्तों में पौधारोपण करने की कवायद शुरु कर दी है। ग्रामीणों के अच्छे स्वास्थ्य की कामनाएं करते हुए ग्राम पंचायत ने 600 पौधे लगाने की पहल शुरु कर दी है।

इस पौधारोपण ने गांव के बेरोजगार मजदूरों को रोजगार देने का काम किया है। गांव के सार्वजनिक स्थानों पर छाया व आक्सीजन देने वालो पौधे लगाएं जा रहे है। जिनके नीचे बैठकर ग्रामीण शुद्व आक्सीन लेने के साथ-साथ शुद्व वातावरण का आनंद ले सकेगे। इसके साथ गांव के मुख्य रास्तों को हरियाली से भरपूर करने के साथ फल देने वाले पौधे लगाने की कवायद शुरु हो चुकी है। पौधारोपण के इस कार्य से गांव के बेरोजगारों को रोजगार दिया गया है। ताकि उन्हे इस पौधारोपण के कार्य से आय हो सके।



सोहना के गांव सरमथला में ग्रामीण पौधारोपण करते हुए।

**कहा-कहा किया जा रहा है पौधारोपण** : गांव सार्वजनिक स्थल के साथ-साथ मुख्य बस स्टैंड, महाराणा प्रताप चौक, प्राचीन शिव मंदिर मार्ग, मुख्य रास्ते शामिल आदि रास्ते शामिल है।

**कौन-कौन से पौधे लगाएं जा रहे है** : गांव में अमरूद 200, जामुन 50, नींबू 50, अमलतास 50, सरीफा 30, बालमखीरा 50, पिलकन 100 व हेज 500 पौधे शामिल है।

गांव को हराभरा बनाने के साथ प्रदूषण रहित भी बनाना है। इसके अलावा ग्रामीणों को छाया, फल और औषधियां देने वालो पौधों से भविष्य में लाभ होगा।

**(पवन कुमार-ग्राम पंचायत सरपंच सरमथला)**

# विभिन्न भूखंडों के बिजली कनेक्शन के लिए लोड मानदंडों में किया संशोधन

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**दक्षिण** हरियाणा बिजली वितरण निगम ने आवासीय सेक्टर/कॉलोनियों, ग्रुप हाउसिंग के विभिन्न भूखंडों के बिजली कनेक्शन के लिए लोड मानदंडों में संशोधन किया है। प्रबंध निदेशक अमित खत्री ने गुरुवार को बताया कि एचएसवीपी/प्राइवेट/कॉलोनाइजर द्वारा विकसित सोसायटी, फ्लैट्स, ग्रुप हाउसिंग सोसायटी द्वारा विकसित आवासीय क्षेत्रों/कॉलोनियों के भूखंडों के लिए विद्युत भार मानदंड, औद्योगिक भूखंड और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) के लिए फ्लैट, वाणिज्यिक शॉपिंग सेंटर आदि क्षेत्रों में लिए लोड का निर्धारण किया गया है। अमित खत्री ने कहा कि वर्तमान सर्कुलर के हिसाब से लोड की राशि पहले की अपेक्षा 7 से 43 प्रतिशत तक कम ली जाएगी। अब ग्रुप हाउसिंग सोसायटी के उपभोक्ताओं को अधिकतम 16 प्रतिशत तक का लाभ होगा और वाणिज्यिक उपभोक्ताओं को अधिकतम 43 प्रतिशत तक इसका लाभ होगा। 25-26 फरवरी 2022 को गुरुग्राम में आयोजित शहरी विकास कॉन्क्लेव के दौरान मुख्यमंत्री हरियाणा से प्राप्त निर्देश के अनुपालन में भूखंडों के लिए मौजूदा लोड मानदंड तह किए गए हैं। उन्होंने कहा कि शहरों को इन लोड मानदंडों के अनुसार 3 वर्गों अति/उच्च, मध्यम और कम क्षमता वाले क्षेत्र में वर्गीकृत किया गया है।



एमडी अमित खत्री।

# एल्यूमीनियम रेल वैगन और कोच बनाने के लिए हिंडाल्को, टेक्समैको ने किया रणनीतिक करार

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**दुनिया** की सबसे बड़ी एल्यूमीनियम रॉलिंग व रीसाइक्लिंग कंपनी हिंडाल्को इंडस्ट्रीज लिमिटेड और स्पेशलाइज्ड इंजीनियरिंग कंपनी टेक्समैको रेल एंड इंजीनियरिंग लिमिटेड ने विश्व स्तरीय एल्यूमीनियम रेल वैगन और कोच विकसित करने तथा उनका विनिर्माण करने के लिए एक रणनीतिक करार किया है, जो भारतीय रेलवे को उत्सर्जन का अपना लक्ष्य हासिल करने में और परिचालन की दक्षता बढ़ाने में मदद करेगा।

भारतीय रेलवे ने माल ढुलाई की क्षमता को दोगुना कर साल 2027 तक 3000 मिलियन टन का लक्ष्य पाने के लिए 'मिशन 3000 एमटी' की शुरुआत की है, जिसे रॉलिंग स्टॉक के ऑगमेंटेशन के जरिए प्राप्त किया जाएगा और जिसका उद्देश्य माल ढुलाई में 45 फीसदी बाजार हिस्सेदारी हासिल करना है। रेलवे इस महत्वाकांक्षी लक्ष्य को हासिल करने के लिए सक्रियता से वैगन डिजाइन में सुधार करने की कोशिश कर रहा है, और कुल क्षमता व रेलवे की संपत्तियों की उम्र बढ़ाने के लिए वैगन बनाने वाली कंपनियों से उनके डिजाइन मंगा रहा है।



रेलवे में हो रहे इन बदलावों को देखते हुए हिंडाल्को और टेक्समैको ने अवसरों का फायदा उठाने के लिए हाथ मिलाया है, जिसमें हिंडाल्को फैब्रिकेशन और वेल्डिंग की विशेषज्ञता के साथ-साथ अपने यूनिक एल्यूमीनियम मिश्र धातुओं की प्रोफाइल, शीट और प्लेटें मुहैया कराएगी।

कंपनी ने पिछले साल अपना इन-हाउस एल्यूमीनियम फ्रेट रेक लॉन्च किया था, जो 180 टन हल्का है और टेयर वेट रेशियो से 19 फीसदी ज्यादा पेलोड मुहैया कराता है, तुलनात्मक तौर पर न के बराबर नुकसान के साथ बेहद कम ऊर्जा की खपत करता है। टेक्समैको के पास माल ढोने वाले डिब्बे बनाने का 80 सालों का अनुभव है, और वह तकनीकी विशेषज्ञता मुहैया कराएगी तथा डिजाइन, फैक्ट्री व प्रोडक्शन लाइन लगाने व कुशल श्रमिक प्रदान करने के लिए जिम्मेदार होगी।

हिंडाल्को इंडस्ट्रीज के प्रबंध निदेशक श्री सतीश पई ने इस साझेदारी को लेकर कहा, 'भारत की पहली एल्यूमीनियम रेक के लॉन्च के साथ हमने एल्यूमीनियम रेक से मिलने वाले अधिक पेलोड और कार्बन डाई ऑक्साइड के उत्सर्जन में महत्वपूर्ण कटौती के फायदों को प्रदर्शित किया है।

# जेसी बोस विश्वविद्यालय ने राजपुर कलां में एनएसएस शिविर का आयोजन किया

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**जेसी** बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद की राष्ट्रीय सेवा योजना विंग ने राजपुर कलां गांव, जिला फरीदाबाद में एनएसएस वालंटियर्स के लिए एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया।

सामाजिक जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य आयोजित इस शिविर में 60 एनएसएस वालंटियर्स की टीम ने हिस्सा लिया। शिविर का समन्वयन सहायक प्रोफेसर और विश्वविद्यालय के एनएसएस समन्वयक आत्माराम ने किया। गवर्नमेंट स्कूल, राजपुर कलां के मुख्य अध्यापक अमित जैन ने एनएसएस टीम के गांव में आगमन पर उनका स्वागत किया। इस आयोजन का मुख्य आकर्षण नुक्कड़ नाटक मेरी माटी-मेरा देश रहा। नाटक के माध्यम से आयुर्वेद और शिक्षा का महत्व पर बल दिया गया। नाटक ने संदेश दिया कि किसी व्यक्ति की जड़ें अपने गांव और देश की मिट्टी से जुड़ी होनी चाहिए। इसके अलावा सांस्कृतिक




विरासत को संरक्षित करने के महत्व को भी नाटक में चित्रित किया गया।

गांव के सरपंच ने गांव में गतिविधियों के संचालन के लिए एनएसएस टीम का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर उन्नत भारत अभियान की समन्वयक डॉ. साक्षी कालरा, डॉ. शैलजा जैन और दामोदर भारद्वाज ने भी शिविर में सक्रिय रूप से भाग लिया। एनएसएस विंग का यह आयोजन डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. मुनीश वशिष्ठ और डिप्टी डीन डॉ. सोनिया बंसल की देखरेख में आयोजित किया गया।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सुशील कुमार तोमर ने सामुदायिक सेवा के प्रति एनएसएस टीम की प्रतिबद्धता की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन विद्यार्थियों में सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को बढ़ाते है।

# कंपनी में साथी ने बनाई युवती की अश्लील वीडियो

### बहन के दोस्त को भेज करने लगा ब्लैकमेल, इसी वर्ष है शादी

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

**कंपनी** में काम करने वाली एक युवती को साथ में काम करने वाला युवक ब्लैकमेल कर रहा है। उसने युवती के अश्लील फोटो व वीडियो वायरल करने और विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

महिला थाना प्रभारी सुशीला देवी के अनुसार, बहीन थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक गांव निवासी युवती ने दी शिकायत में कहा है कि वह वर्ष 2022 में पृथला स्थित एक कंपनी में नौकरी करती थी। उसके साथ ही



नवीन यादव नाम का युवक भी काम करता था। उस युवक ने उसका फोन नंबर ले लिया और उसे फोन पर परेशान करने लगा। आरोपी उससे शादी करने के लिए दबाब बनाने लगा।

युवती ने बताया कि नवीन ने उसे व उसके परिवार को जान से मारने की धमकी देकर उस पर दबाव बनाया और उसके कुछ अश्लील फोटो खींच लिए और वीडियो बना ली। उसके विरोध करने पर उन्हें वायरल करने की धमकी देकर उसे ब्लैकमेल करने लगा। इसके चलते उसने कंपनी से नौकरी भी छोड़ दी, लेकिन आरोपी उसके बाद भी अपनी आदतों से बाज नहीं आया।

युवती ने बताया कि नवीन ने उसे कहा कि तेरी चैटिंग को तेरे भाई व पिता को दिखा दूंगा। इसके कारण नवीन यादव आज भी उसे परेशान कर रहा है। वह इससे मानसिक रूप से परेशान है। युवती ने बताया कि उसकी इसी वर्ष शादी होनी तय हो चुकी है। उसे डर है कि उसकी फोटो व वीडियो ससुराल वालों ने देख ली तो गड़बड़ हो सकती है।

आरोप है कि नौ अगस्त को आरोपी नवीन ने उसकी बहन के साथी के मोबाइल फोन पर उसकी अश्लील वीडियो व फोटो भेज दिए। साथी ने उसकी बहन को दिखाए। इससे वह मानसिक रूप से परेशान है। पुलिस ने उसकी शिकायत पर आरोपी नवीन यादव के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

# ग्यारहवीं की छात्रा का अपहरण कर किया दुष्कर्म

**पलवल।** स्कूल जाते समय ग्यारहवीं की छात्रा का अपहरण कर खंडहर में ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। इस दौरान एक अन्य युवक ने उसे साथ अश्लील हरकत की। छात्रा के पिता की शिकायत पर महिला थाना पुलिस ने अज्ञात युवकों के खिलाफ अपहरण कर दुष्कर्म करने का मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

महिला थाना प्रभारी सुशीला देवी के अनुसार, बहीन थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने शिकायत दी है कि वह खेती-बाड़ी का काम करता है। उसके दो बच्चे हैं, एक बेटी व एक बेटा। उसकी बेटी गांव से दूर स्थित सरकारी स्कूल में ग्यारहवीं कक्षा में पढ़ती है। उसकी बेटी बुधवार को सुबह घर से स्कूल जाने के लिए गई। बेटी ने घर आकर उसे बताया कि वह जब बस स्टैंड पर सवारी से उतरने के बाद पैदल-पैदल स्कूल जा रही थी तो उसी दौरान रास्ते में तीन युवक बाइक लेकर आए और उसे जबरन बाइक पर बैठाकर खंडहर बिल्डिंग की तरफ ले गए। आरोप है कि खंडहर में एक युवक ने उसके साथ दुष्कर्म किया। दूसरा लड़का उसके साथ अश्लील हरकतें करने लगा। उसने विरोध किया तो आरोपियों ने उसे जान से मारने की धमकी दी, इससे वह डर गई। इसके बाद आरोपी उसे को वहीं छोड़ कर फरार हो गए। छात्रा जैसे-तैसे अपने घर पहुंची और आपबीती अपने पिता को बताई। उसके पिता उसे लेकर जिला महिला थाना पहुंचे और पुलिस को लिखित शिकायत दी। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस जांच अधिकारी एसआई रजमा देवी ने बताया कि छात्रा को जहां से अपहरण कर आरोपी ले गए थे, उस रास्ते में जांच की जा रही है कि कहीं सीसीटीवी कैमरे लगे हों। इससे आरोपियों व उनकी बाइक की पहचान हो सकेगी। उनकी टीम आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है, जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे पहुंचाकर छात्रा को न्याय दिलाया जाएगा।

## धारा-144 के तहत जारी आदेश को तत्काल प्रभाव से हटाया

**पलवल।** जिलाधीश नेहा सिंह ने गत 31 जुलाई को पड़ोसी जिला नूंह में घटनाओं से उत्पन्न हुए कथित खतरों और सांप्रदायिक तनाव के कारण जिला पलवल में आपराधिक प्रक्रिया संहिता-1973 की धारा-144 को लागू किया था। यह आदेश लागू करना जिला पलवल के निवासियों की सार्वजनिक शांति, व्यवस्था और सुरक्षा के रखरखाव को सुनिश्चित करने के लिए एक एहतियाती उपाय था। अब वर्तमान स्थिति के सावधानीपूर्वक मूल्यांकन के बाद और कानून प्रवर्तन एजेंसियों और खुफिया विभागों से प्राप्त रिपोर्टों के आधार पर यह देखा गया है कि जिला पलवल में सामान्य स्थिति है और धारा-144 के तहत लगाए गए प्रतिबंधों को जारी रखने की अब कोई आवश्यकता नहीं है। जिलाधीश द्वारा परिस्थितियों से संतुष्ट होते हुए सीआरपीसी की धारा-144 के तहत जारी आदेश को तत्काल प्रभाव से हटाया गया है। उन्होंने जिलावासियों को सलाह दी है कि वे सावधानी बरतें और किसी भी संदिग्ध की सूचना तुरंत अधिकारियों को दें।

# कार्यक्रम में बच्चों को मोबाइल का कम प्रयोग करने की सलाह दी




**फरीदाबाद।** राजकीय महाविद्यालय फरीदाबाद में प्राचार्या डॉ. रूचिरा खुल्लर के निर्देशन में दो दिवसीय ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महाविद्यालय में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए विभिन्न प्रकोष्ठ की जानकारी दी। कार्यक्रम के पहले दिन एनसीसी और एनएसएस के बारे में डॉ. राजेंद्र कुमार, अंकित कौशिक, डॉ. दुर्गेश शर्मा, अमित अरोडा ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की जानकारी दी। डॉ. भूपंद्र मल्होत्रा, डॉ. विमल प्रकाश गौतम ने महाविद्यालय में खेलों की जानकारी द्वारा विद्यार्थियों को प्रेरित किया। डॉ. विवेक आनंद तथाचारू मिड्डा ने व्यवस्थित जानकारी दी। कार्यक्रम के दूसरे दिन कंप्यूटर विभाग में विद्यार्थियों को डॉ. पूनम अहलावत ने लैब की जानकारी दी और कंप्यूटर का महत्व बताया। महाविद्यालय का इतिहास बताते हुए डॉ. हरवंश चौधरी ने उन कामयाब हस्तियों का जिक्र किया, जो महाविद्यालय से पढ़कर आज अच्छे पद पर कार्यरत हैं। जिसमें महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. रूचिरा खुल्लर विशेष हैं। कॉमर्स विभाग की जानकारी डॉ. एसके यादव ने दी तथा विद्यार्थियों को स्मार्ट क्लास रूम भी दिखाए। डॉ. विशाल सिंह ने विज्ञान की प्रयोगशालाओं के बारे में विद्यार्थियों अवगत कराया। कार्यक्रम के दूसरे दिन एसीपी विष्णू प्रसाद अपनी टीम के साथ आए और विद्यार्थियों को कम से कम फोन प्रयोग करने का संदेश दिया।

## जवाहर नवोदय विद्यालय रसूलपुर में कक्षा छह के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित

**पलवल।** उपायुक्त नेहा सिंह ने बताया कि जवाहर नवोदय विद्यालय रसूलपुर पलवल के सत्र 2024-25 में कक्षा छह में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि आवेदक नवोदय विद्यालय समिति की वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन भरने की अंतिम तिथि 10 अगस्त निर्धारित की गई थी, जिसे बढाकर 17 अगस्त कर दिया गया है। अब विद्यार्थी 17 अगस्त तक आवेदन जमा करवा सकते हैं। जवाहर नवोदय विद्यालय रसूलपुर के प्राचार्य डीके सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि केंद्र सरकार के नियमानुसार छात्र-छात्राओं का आरक्षण आरक्षित होगा। सत्र 2023-24 में पलवल जिला में कक्षा पांचवीं में पढाई कर रहे सरकारी, मान्यता प्राप्त एवं गैर सरकारी संस्थान के विद्यार्थी जिनकी जन्म तिथि एक मई 2012 से 31 जुलाई 2014 के बीच है, वह आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि प्रवेश परीक्षा आगामी 20 जनवरी 2024 को आयोजित की जाएगी। कक्षा छह में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन करने से संबंधित जानकारी के लिए विजिट करें।

# भाला फेंक प्रतियोगिताओं में बच्चों का रुझान बढ़ा : राजेश नागर



पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

### राष्ट्रीय भाला फेंक प्रतियोगिता में जीतकर लौटे बच्चों को विधायक ने दिया आशीर्वाद

**विधायक** राजेश नागर ने राष्ट्रीय भाला फेंक प्रतियोगिता में जीतकर लौटे बच्चों को अपने निवास पर आमंत्रित कर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। श्री नागर ने कहा कि नीरज चोपड़ा के भाला फेंक चैंपियन बनने के बाद इस खेल की ओर नए बच्चों का रुझान बढ़ा है।

विधायक नागर ने कहा कि आज बच्चे पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भी अपनी उपस्थिति दर्ज करवा रहे हैं। यह देखकर अच्छा लगता है कि बच्चे स्वयं ही इस ओर आकर्षित हो रहे हैं और उनके अभिभावक भी उनका सहयोग कर रहे हैं। श्री नागर ने कहा कि सरकार भी अपनी ओर से भरसक प्रयास कर रही है कि हमारे हरियाणा के खिलाड़ी विश्व स्तर पर अपनी पहचान बनाएं। इसके लिए उन्हें विशेष छूट एवं सुविधाएं देने के साथ-साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को छात्रवृत्ति, नगद इनाम एवं नौकरियां भी प्रदान की जा रही हैं। यही कारण है कि आज हरियाणा पूरे देश में खिलाड़ियों को सबसे ज्यादा इनाम देने वाला राज्य बन गया है।

खिलाड़ियों के कोच राजकुमार नागर ने बताया कि यह बच्चे जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित हुई दूसरी राष्ट्रीय भाला फेंक प्रतियोगिता में भागीदारी कर अपने शहर लौटे हैं। नागर ने बताया कि वह ज्ञान राज स्पोर्ट्स अकादमी का संचालन करते हैं, जिसके नौ एथलीट ने प्रतियोगिता में भागीदारी की। इनमें सचिन ने भाला फेंक में गोल्ड मेडल जीता।

# सुरक्षित वाहन पॉलिसी के तहत 167 स्कूल बसों के काटे चालान

### यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 1739 वाहन चालकों के चालान काटकर किया दंडित

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**डीसीपी** ट्रैफिक अमित यशवर्धन के मार्गदर्शन व एसीपी ट्रैफिक विनोद कुमार के नेतृत्व में फरीदाबाद पुलिस ने सुरक्षित वाहन पॉलिसी के तहत सुरक्षा नियमों का उल्लंघन करने वाले 167 वाहन चालकों के चालान काटे हैं।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि यातायात पुलिस ने सुरक्षित वाहन पॉलिसी के तहत अभियान शुरू किया है, जिसने स्कूल की बसों में छात्रों को ले जा रहे वाहन चालकों द्वारा सुरक्षा नियमों का उल्लंघन करने पर उनके चालान काटे जा रहे हैं। इस अभियान के तहत फरीदाबाद पुलिस ने एक दिन में 167 बस चालकों के चालान काटे हैं। इसके अलावा




यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 1739 वाहन चालकों के चालान भी काटे गए हैं और उनको सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक भी किया गया है।

### शिक्षण संस्थानों व स्कूल बस चालकों के लिए सुरक्षा नियम

1. स्कूल बस पीले रंग से पेंट की हुई हो, जिसपर खिड़की से 178 मिलीमीटर नीचे 254 मिलीमीटर की गहरे नीले रंग की पट्टी हो।
2. बस के आगे सफेद, पीछे लाल तथा साइड में पीली रिफ्लेक्टिव टेप लगी हो, जिसकी चौड़ाई कम से कम 50 मिलीमीटर हो।
3. बस की स्पीड शहर के किसी भी एरिया में 50 किलोमीटर/घंटा से अधिक न हो।
4. स्कूल के आगे व पीछे स्कूल बस लिखा हो और यदि बस बाहर से हायर की गई हो तो उस पर ऑन स्कूल ड्यूटी साफ-साफ लिखा हो।
5. स्कूल बस प्रॉपर मेंटेन हो और उस पर प्रशिक्षित ड्राइवर व कंडक्टर तैनात किए गए हों।
6. बस चलाने का परमिट या परमिशन ली हुई हो।
7. बस के ड्राइवर के पास कम से कम पांच साल का अनुभव हो।
8. बस ड्राइवर का तीन बार से अधिक चालान न कटा हो और उसके पांच साल के अनुभव के दौरान वह भारतीय दंड संहिता की धारा 279, 336, 337, 338, 304ए का अपराधी न रहा हो।
9. यदि बस में लड़कियां सफर कर रही हों तो उसके लिए महिला कंडक्टर होनी चाहिए।
10. स्कूल या शैक्षणिक संस्थान के पास स्कूल की बाउंड्री के अंदर पार्किंग स्थान अवश्य होना चाहिए, ताकि बच्चों को स्कूल के अंदर उतारा जा सके। ताकि वह सड़क दुर्घटना का शिकार होने से बच सकें।

## महिला राज्य पुरस्कारों के लिए एक दिसंबर तक आवेदन

**पलवल।** उपायुक्त नेहा सिंह ने बताया कि हरियाणा महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में सराहनीय कार्य करने वाली महिलाओं से राज्य स्तरीय पुरस्कारों के लिए एक दिसंबर 2023 तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा प्रतिवर्ष विभिन्न क्षेत्रों में सराहनीय उपलब्धियां हासिल करने वाली महिलाओं को अनेक प्रकार के पुरस्कारों से सम्मानित किया जाता है और यह पुरस्कार प्रत्येक वर्ष अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर आठ मार्च को प्रदान किए जाते हैं। उपायुक्त नेहा सिंह ने बताया कि इन पुरस्कारों में इंदिरा गांधी महिला शक्ति पुरस्कार, कल्पना चावला शौर्य पुरस्कार, बहन शन्नो देवी पंचायती राज पुरस्कार, लाइफ टाइम अचिवर्स पुरस्कार, सोशल वर्कर्स अवॉर्ड प्रदान किया जाता है। जिला कार्यक्रम अधिकारी प्रवीण शादाब ने बताया कि इन पुरस्कारों के लिए आवेदन एक दिसंबर तक जिला कार्यक्रम अधिकारी कार्यालय या उपायुक्त कार्यालय में जमा किए जा सकते हैं।

# मेरी माटी मेरा देश की सेल्फी अपलोड करने पर मिलेगा डिजिटल सर्टिफिकेट

**फरीदाबाद।** डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार 75वें आजादी के अमृत महोत्सव समापन अवसर पर मेरी माटी मेरा देश अभियान राष्ट्र प्रेम को समर्पित है। सेल्फी अपलोड करने पर डिजिटल सर्टिफिकेट ले सकते हैं। डीसी ने कहा राष्ट्र प्रेम को मेरी माटी-मेरा देश अभियान समर्पित है। इस अवसर पर हर घर तिरंगा अभियान में अपने अपने घरों और प्रतिष्ठानों पर तिरंगा फहराएं।

डीसी विक्रम सिंह ने आमजन से आह्वान करते हुए कहा कि वेबसाइट पर अपनी सेल्फी अपलोड कर सकते हैं, सेल्फी अपलोड करने पर डिजिटल सर्टिफिकेट मिलेगा। उन्होंने बताया कि 15 अगस्त तक मेरी माटी-मेरा देश अभियान चलेगा, वहीं आजादी के अमृत महोत्सव को समर्पित 13 से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान के तहत जिला के हर घर, व्यापारिक प्रतिष्ठानों, सरकारी आवासों, पंचायती राज संस्थानों, शिक्षण व चिकित्सा संस्थानों तथा औद्योगिक इकाइयों पर भी तिरंगा फहराया जाएगा। हर घर तिरंगा अभियान से हर नागरिक को जोड़ने के लिए सभी एनजीओ, व्यापार मंडल, रेडक्रॉस, नेहरू युवा केंद्र, सामाजिक, धार्मिक व स्वयंसेवी संस्थाओं को सहयोग लेकर इसे जन आंदोलन का रूप दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि देश को शहीदों व वीरों के अमूल्य बलिदान के बाद आजादी मिली है, जिसके लिए हर भारतीय में गर्व की भावना होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि इस अभियान में समाज के हर वर्ग को शामिल किया जा रहा है। तिरंगा अभियान में युवा वर्ग की अधिक बॉक्स सेल्फी अपलोड करने पर मिलेगा डिजिटल सर्टिफिकेट मेरी माटी-मेरा देश अभियान के तहत नागरिक पंच प्रण लें। सामूहिक भागीदारी को प्रोत्साहित करने के लिए, एक वेबसाइट युवा.जीओवी.इन तथा मेरीमाटीमेरादेश.जीओवी.इन लांच की गई है। जहां लोग मिट्टी या मिट्टी का दीपक हाथ में लेकर अपनी सेल्फी अपलोड कर सकते हैं। ऐसा करके सर्टिफिकेट प्राप्त करें।

## संक्षिप्त समाचार

### रेखा तेवतिया को वर्ल्ड पुलिस गेम में मिला गोल्ड



**पलवल।** रेखा तेवतिया ने कनाडा में आयोजित वर्ल्ड पुलिस एंड फायर गेम-2023 में बॉक्सिंग में स्वर्ण पदक जीतकर देश व जिले का नाम रोशन किया है। उन्होंने 63 किलोग्राम भार वर्ग में भारत की तरफ से हिस्सा लिया था। उनका फाइनल मुकाबला कनाडा की खिलाड़ी से हुआ, जिसे रेखा ने जीत लिया। गोपीखड़ा गांव निवासी रेखा तेवतिया के पिता भीम सिंह तेवतिया किसान व माता सविता गृहिणी हैं। बचपन से ही उनकी रुचि खेलों में रही है। रेखा ने अब से पहले भी विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेकर पदक हासिल किए। साल 2015 में खेल कोटे से उनकी नियुक्ति बीएसएफ में हुई। उसके बाद भी उन्होंने प्रतियोगिता में हिस्सा लेना जारी रखा। जिला खेल युवा कार्यक्रम विभाग में कार्यरत बॉक्सिंग कोच मनोज तेवतिया ने बताया कि बचपन से ही रेखा का बेहतरीन प्रदर्शन रहा है। उन्होंने राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जिले का नाम रोशन किया है। रेखा बीएसएफ में कार्यरत होकर भी देश की सेवा कर रही हैं।

### प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए 31 तक आवेदन



**फरीदाबाद।** डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार-2024 के लिए आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाकर 31 अगस्त कर दी गई है। डीसी ने बताया कि इस अवार्ड की घोषणा 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस के अवसर पर की जाएगी। महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से बताया गया कि प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए आवेदन राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल पर कर सकते हैं। यह पुरस्कार बहादुरी, खेल, सामाजिक सेवा, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, पर्यावरण, कला एवं संस्कृति और नवाचार के क्षेत्रों में राष्ट्रीय स्तर की उपलब्धि के लिए दिए जाते हैं। कोई भी बच्चा, जो भारतीय नागरिक है, वह भारत में रहता है और 18 वर्ष से अधिक आयु का नहीं है, वह पुरस्कार के लिए आवेदन कर सकता है।

### आर्थिक कमजोर तपेदिक मरीजों को किया विशेष पोषाहार वितरित




**फरीदाबाद।** जिला रेडक्रॉस सोसायटी फरीदाबाद द्वारा संचालित अन्नदान-महादान मुहिम के तहत रेडक्रॉस भवन सेक्टर-12 में आर्थिक रूप से कमजोर तपेदिक के 100 मरीजों को विशेष पोषाहार वितरण के लिए कार्यक्रम आयोजित किया गया। रेडक्रॉस जिला सचिव बिजेंद्र सोरौत ने बताया कि शहर की सामाजिक संगठनों के सहयोग से यह कार्य निरंतर सुचारू रूप से किया जा रहा है। सर्वप्रथम कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसडीएम बड़खल पंकज सेतिया तथा विशिष्ट अतिथि आरडब्ल्यूए सेक्टर-15 के प्रधान नीरज चावला ने रेडक्रॉस सोसायटी में पौधारोपण किया। उसके बाद मुख्य अतिथि द्वारा जिला रेडक्रॉस सोसायटी फरीदाबाद द्वारा संचालित मुहिम को बहुत ही सार्थक बताते हुए तपेदिक के रोगियों से अपील करते हुए कहा कि तपेदिक रोग लाइलाज नहीं है, यदि इसकी पूरी दवाइयों का सेवन पूर्ण रूप से किया जाए। उन्होंने कहा कि तपेदिक के लक्षणों की पहचान करके तत्काल प्रभाव से इलाज बेहद जरूरी है। इस स्थिति में जरूरी ये है कि आप इलाज के साथ अपनी डाइट भी सही करें। जैसे खाने में फल और सब्जियों को शामिल करें, जो आपको अंदर से सेहतमंद रखें और शरीर की ताकत बढ़ाए। उन्होंने कहा कि अपने मन की स्थिति को यदि हम मजबूत करते हैं तो हम जल्दी स्वस्थ हो सकते हैं। सभी को इसका शपथ पाठ कराया गया।

### हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा स्वतंत्रता दिवस समारोह



**पलवल।** स्वतंत्रता दिवस समारोह को लेकर राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पलवल कैंप में विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी गईं। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की चयन समिति में एसडीएम शशि वसुंधरा, नगराधीश द्विजा, अंडर ट्रेनिंग एचसीएस बैच 2023 की प्रीति रावत व अप्रीतम सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार बघेल, उप जिला शिक्षा अधिकारी सुखबीर सिंह तंवर, एईईओ जसवीर तेवतिया, प्रधानाचार्या शोभा प्रभा, एईओ राजवीर सिंह, संगीत अध्यापिका मोनिका सहित स्कूली बच्चे मौजूद रहे। एसडीएम शशि वसुंधरा ने कहा कि स्थानीय नेताजी सुभाषचंद्र बोस स्टेडियम में जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन किया जाना है। स्वतंत्रता दिवस समारोह को देशभक्ति व सांस्कृतिक कार्यक्रमों से और अधिक ओतप्रोत बनाकर भव्य रूप प्रदान किया जाएगा। इसी उद्देश्य से जिले के करीब एक दर्जन राजकीय व निजी विद्यालयों के विद्यार्थियों की टीमों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुति दी।

### गर्भवती महिलाओं की प्रभावी ट्रेकिंग को दें बढ़ावा



**फरीदाबाद।** एसडीएम त्रिलोक चंद ने कहा कि सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार गर्भवती महिलाओं की प्रभावी ट्रेकिंग एवं संस्थागत प्रसव को बढ़ावा दें। एसडीएम त्रिलोक चंद टास्क फोर्स की बैठक में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत होने वाली स्वास्थ्य विभाग और महिला एवं बाल विकास विभाग तथा शिक्षा विभाग सहित विभिन्न विभागों द्वारा क्रियान्वित की जाने वाली जन जागरूकता गतिविधिओं की समीक्षा कर रहे थे। एसडीएम ने चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर मान सिंह को निर्देश देते हुए कहा कि कन्या भ्रूण हत्या व लिंग जांच करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करें और पुलिस व स्वास्थ्य अधिकारी मिलकर ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त कदम उठाएं। अवैध लिंग जांच में लिप्त अपराधियों को पकड़ने के लिए जन सामान्य की सहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मुखबिर योजना लागू की गई है, इसके अंतर्गत गुप्त तरीके से इस कार्य में लगे लोगों की सूचना देकर रंगे हाथों पकड़ने के लिए एक मुखबिर, एक मिथ्या ग्राहक और एक सहायक की टीम मिलकर योजना बनाकर कार्य करती है। एसडीएम ने कहा कि वे गर्भवती महिलाओं की प्रभावी ट्रेकिंग एवं संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने की ओर विशेष कार्य योजना तैयार कर इस क्षेत्र में नवाचार करें। अवैध लिंग जांच व पीएनडीटी नियमों की उल्लंघना करने वालें सेंटरों के खिलाफ जिला में सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। सभी सेंटरों को पीएनडीटी एक्ट के अनुसार सारी हिदायतें पूरी करनी होंगी। पीएनडीटी एक्ट के अनुसार नए अल्ट्रासाउंड खोले जा सकते हैं और पुराने अल्ट्रासाउंड का नवीनीकरण किया जा सकता है। बैठक में एसएमओ डॉ. मान सिंह, डॉ. टीसी गिडवाल, डॉ. मंजू श्योराण, शिक्षा विभाग की सोनिया सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

पायनियर
नई दिल्ली, शुक्रवार, 11 अगस्त, 2023



# भारतीय संविधान

## मूल संरचना अनुल्लंघनीय

**भारतीय संविधान** की मूल संरचना अनुल्लंघनीय है। इसकी पुष्टि एक बार फिर भारत के प्रधान न्यायाधीश ने की है। भारतीय न्यायशास्त्र के निरंतर विकसित होते परिदृश्य में एक अडिग स्तंभ समय व परिवर्तन की आंधियां झेलते हुए मजबूती से खड़ा है। यह स्तंभ भारतीय संविधान की मूल संरचना है। इसकी अनुल्लंघनीयता की घोषणा एक बार फिर भारत के प्रधान न्यायाधीश जस्टिस डी.वाई. चंद्रचूड़ ने की है। उन्होंने मजबूती से रेखांकित किया है कि इस अवधारणा के साथ कोई समझौता नहीं हो सकता है। यह सिद्धान्त एक अडिग ध्रुव तारे की तरह है जो भारत की राजनीतिक-विधिक दिशा तय करता हुआ बिना किसी हिचक के इसे एक निश्चित दिशा में ले जाता है। न्यायपालिका के सर्वोच्च स्थान पर वर्तमान समय में सुयोग्य प्रधान न्यायाधीश चंद्रचूड़ विद्यमान हैं। उन्होंने पूर्व प्रधान न्यायाधीश जस्टिस रंजन गोगोई का यह कथन दुहराया है कि सेवानिवृत्त न्यायाधीशों के कथन केवल उनकी राय की अभिव्यक्ति हैं। प्रधान न्यायाधीश चंद्रचूड़ ने स्पष्ट रूप से कहा कि संविधान के मूल तत्वों से कोई समझौता नहीं हो सकता है, भले ही पीठ में कोई भी महानुभाव क्यों न हों। 1973 में केशवानंद भारती मामले का उल्लेख करते हुए उन्होंने इसे विधिक इतिहास में मील का पत्थर बताया। वर्तमान समय में राज्यसभा के सदस्य गोगोई ने 'मूल संरचना' सिद्धान्त पर संदेह प्रकट किया था। इस सिद्धान्त को हाल ही में राष्ट्रीय



राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार संशोधन विधेयक, 2023 पर चर्चा में केन्द्रीय स्थान मिला। अनुच्छेद 370 समाप्त करने पर जारी महत्वपूर्ण विमर्श में कपिल सिब्बल ने गोगोई के संदेह का संदर्भ दिया। इस पर प्रधान न्यायाधीश चंद्रचूड़ ने पूरी प्रतिबद्धता के साथ अपनी बात रखी। अडिग प्रतिबद्धता के साथ प्रधान न्यायाधीश चंद्रचूड़ ने लगातार कहा है कि मूल संरचना सिद्धान्त की प्रमुख भूमिका है। उन्होंने इसे हमारे संवैधानिक मूल्यों का संरक्षक व निर्देशक 'ध्रुव तारा' बताया है। मुंबई में दिए एक भाषण में प्रधान न्यायाधीश चंद्रचूड़ ने संविधान की मूल संरचना को अडिग ध्रुव तारा बताया जो व्याख्या व क्रियान्वयन के मामले में निर्देशक सिद्धान्त की तरह काम करता है।

उल्लेखनीय है कि मूल संरचना सिद्धान्त का सब ने समर्थन नहीं किया है। पूर्व प्रधान न्यायाधीश गोगोई तथा उप-राष्ट्रपति व राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ जैसे व्यक्तियों ने 1973 के केशवानंद भारती मामले पर संदेह व्यक्त किया है जो मूल संरचना अवधारणा की शक्ति का स्रोत है। इस सिद्धान्त का जन्म न केवल अदालतों में हुआ, बल्कि इसे एकमत से सरकार की हर शाखा तथा हर भारतीय नागरिक द्वारा स्वीकार किया गया। यह सिद्धान्त विधायिका, कार्यपालिका व न्यायपालिका के बीच नाजुक संतुलन के संरक्षक की भूमिका निभाता है। इससे सुनिश्चित होता है कि मूलाधिकार बेदाग रहें जो हमारे संविधान का मूल तत्व हैं। मूल संरचना सिद्धान्त एक धुरी है जो भारतीय संविधान के सिद्धान्तों को जीवित रखती है। उल्लेखनीय है कि संविधान ने संसद के बजाय सर्वोच्च न्यायालय को इसकी व्याख्या का अधिकार दिया है। इसलिए किसी भी संवैधानिक प्राविधान के अर्थ अथवा उस पर पैदा हुए किसी विवाद में सर्वोच्च न्यायालय का निर्णय अंतिम होता है। वर्तमान समय में अनेक राजनेता अनेक संवैधानिक प्राविधानों पर सर्वोच्च न्यायालय की व्याख्या को चाहे जितना नापसंद करें, पर उनको इसके अनुसार ही काम करना होता है जो विधायिका व कार्यपालिका पर समान रूप से लागू होता है।

# वर्तमान समय में कौशल की परिभाषा

मानव मनोविज्ञान की गहरी जानकारी तथा दूसरे लोगों का दृष्टिकोण समझना बेहतर मानवीय संबंधों के लिए जरूरी है। यह कौशल की नई परिभाषा है।

**विनयशील गौतम**
(लेखक, प्रबंधन सलाहकार हैं)





आजकल सीखने की दुनिया में 'साफ्ट स्किल' व 'हार्ड स्किल' की बहुत चर्चा होती है। ये दो अभिव्यक्तियां बहुत लोकप्रिय हैं, लेकिन सभवंत: इसका कारण यह भी है कि बहुत से लोग इनके अर्थ के बारे में स्पष्ट नहीं हैं। मोटेतौर से कहें तो 'हार्ड स्किल' शब्दों का अर्थ उन तकनीकों से है जिनका संबंध किसी के तत्कालीन 'कामकाज' से होता है। इसी प्रकार 'साफ्ट स्किल' शब्दों का अर्थ लोगों से व्यवहार तथा उससे संबंधित तत्वों से है। वैसे अपने आप में ये दोनों परिभाषायें गलत नहीं हैं। लेकिन समस्या इन परिभाषाओं की सटीकता से नहीं, बल्कि कहीं और है जिसके कारण ये अधूरी या अनुपयुक्त लग सकती हैं। विषयवस्तु की जटिलता समझने के लिए कुछ उदाहरण देना जरूरी हो सकता है। यह खासकर हार्ड स्किल व साफ्ट स्किल, दोनों के संबंध में जरूरी है। इसका उदाहरण डीआईवाई-'डू इट योरसेल्फ', यानी स्वयं करें हो सकता है। उदाहरण के लिए, किसी कंप्यूटर से प्रिंटर का जोड़ना केवल 'हार्ड स्किल्स' के दायरे में नहीं आता है क्योंकि इसके लिए साफ्टवेयर आयामों की भी कुछ जानकारी जरूरी हो सकती है। इसी प्रकार किसी व्यक्ति को कंप्यूटर, लैपटाप या ऐसी ही किसी चीज की जानकारी हो सकती है जिसमें दोनों प्रकार के कौशल शामिल हैं। इसी प्रकार घर में कोई आल्मारी लगाने में भी दोनों साफ्ट व हार्ड स्किल की जरूरत हो सकती है। इनके अनेक अन्य उदाहरण भी हो सकते हैं।

इस आलेख का उद्देश्य सामान्य समझदारी तथा साफ्ट स्किल व हार्ड स्किल के तर्कों से आगे जा कर ऐसे कौशलों की ओर ध्यान आकर्षित करना है जिनके लिए मानव प्रकृति व संबंधों की गतिशीलता की जानकारी जरूरी हो सकती है। ऐसी जानकारी मैनुअलों या मूल पाठ्य पुस्तकों में उपलब्ध नहीं हो सकती है, बल्कि यह मानव प्रकृति व परस्पर संबंधों की गतिशीलता से निर्धारित होती है। इसके अनेक उदाहरण हो सकते हैं। एक सरल उदाहरण से बात शुरू करने से आसानी हो सकती है। यह समझने की क्षमता महत्वपूर्ण है कि दूसरे व्यक्ति के लिए कितना 'काफी' हो सकता है। बोलने के संबंध में इसका अर्थ संभवत: यह है कि दूसरा व्यक्ति इससे अधिक ग्रहण नहीं कर सकता है। संभवत: बोलने और ग्रहण करने में इस उदाहरण का संबंध अंतर-वैयक्तिक कौशल से है। इस कौशल में किसी कार्य और यह समझने पर ध्यान केन्द्रित किया जाता है कि 'कब ठहरा जाए।' इन अंतर-वैयक्तिक कौशलों की गत्यात्मकताओं से निर्धारित होता है कि सफलता कैसे प्राप्त की जाए अथवा इसे कैसे परिभाषित किया जाए।

संबंध हमेशा प्रयासों का खास क्षेत्र होते हैं। इसके लिए अपने और किसी अन्य के भीतर झांकने तथा संबंधों के कौशल की जरूरत होती है। प्रभावी रूप से इसका अर्थ अ-परिभाषित अंतर-वैयक्तिक गत्यात्मकतायें होती हैं। इससे विभिन्न प्रकार के संबंध प्रभावित होते हैं। इनमें मित्रों के बीच संबंध, जेंडर संबंध, वरिष्ठों और अधीनस्थों के बीच संबंध, कहीं पर भी और किसी प्रकार के समूहों से संबंध स्थापित करना तथा अनेक अन्य चीजें शामिल हैं। इसमें वे आयाम भी शामिल हैं जहां किसी को स्वयं अपने आप से निपटना होता है। इनका संबंध ऐसी गत्यात्मकताओं से है जो हार्ड स्किल व साफ्ट स्किल के दायरों से बाहर होती हैं। यह एक गुण है जिससे व्यक्ति को अंतर्दृष्टि प्राप्त होती है तथा वह व्यवहार का ऐसा तरीका विकसित करता है जिसे किसी अन्य बेहतर शब्द की अनुपस्थिति में 'निर्देशक अंत:प्रेरणा' कहा जा सकता है। इसके लिए समुचित उन्मुखीकरण और सामान्य संवेदनशीलता विकसित करनी होती है जो किसी 'गैर-विशिष्ट' या आम व्यक्ति के प्रति हो। लोगों की अलग-अलग मूल्य प्रणालियां हो सकती हैं। वे इस बात पर निर्भर करती हैं कि किसी व्यक्ति को कैसी शिक्षा मिली है, उसे किस प्रकार दूसरों द्वारा देखा गया है तथा वह दूसरों का नेतृत्व करने में सफल रहा है अथवा नहीं। कुछ लोगों का यह विश्वास हो सकता है कि कहे गए शब्द अत्यधिक पवित्र होते हैं और इनका सम्मान किया जाना चाहिए।

लेकिन इसके उलट कुछ ऐसे लोग भी हो सकते हैं जो किसी के द्वारा कहे शब्दों को बहुत मामूली समझते हों और वे अपने द्वारा कहे शब्दों का पालन करना बहुत मामूली या गैर-जरूरी मानते हों। कोई व्यक्ति अपने निर्णय करने में नियमों को आधार बना सकता है, जबकि दूसरा व्यक्ति नियमों का पालन चयनित ढंग से करता हो ताकि उसके अपने हित पूरे हों या वह ऐसे कार्यकलापों से 'संगठन में शांति' बनाए रख सके। इससे एक दूसरे से संबंध रखना जटिल हो सकता है और इन परिस्थितियों में निर्णय करना बहुत बड़ी चुनौती होती है। सामान्य रूप से किसी पति व उसकी पत्नी के बीच दृष्टिकोण, अनुमान व राय में अंतर हो सकते हैं और इसके परिणामस्वरूप वे अलग-अलग निर्णयों पर पहुंचते हैं। इसके परिणामस्वरूप उनके व्यवहार पैटर्नों में अनेक प्रकार के विरोधाभास विकसित हो सकते हैं। इस प्रकार की स्थितियों में कोई टकराव पैदा होने पर अनेक प्रकार की नई व पुरानी स्मृतियां जाग्रत हो सकती हैं। इस प्रकार इन अच्छी या बुरी स्मृतियों से एक दूसरे पर प्रहार हो सकते हैं या उसकी सोच समझने का प्रयास हो सकता है। यह एक प्रकार से दो ग्लेडियेटरों के इरादों की तरह हो सकता है। हो सकता है कि इनमें से कोई गलत न हो, पर वह यह सिद्ध नहीं कर सकता है कि वही सही है।

इस प्रकार संबंधों में चुनौतियां बढ़ती जाती हैं, जबकि दोनों अपने-अपने तरीके से सही होते हैं। किसी युगल के संबंध में एक साइम्यूलेटेड अध्ययन यह समझने में सहायता कर सकता है कि उनके बीच टकराव का क्या नतीजा निकल सकता है। एक प्रकार के तर्कों पर जोर देने से दूसरे प्रकार के तर्क सामने आ सकते हैं और एक क्रिया के जवाब में दूसरी प्रतिक्रिया सामने आ सकती है।

यह सब उस समय तक चल सकता है, जब तक युगल अपने संबंध समाप्त करने का निर्णय न कर ले अथवा वह आपस में समझौता व सुलह कर शांति स्थापना का निर्णय न ले ले। सुलह होने की स्थिति में भी युगलों के मामले में 'दूसरे व्यक्ति' को समुचित प्रतिक्रिया करनी होगी। युगलों के बीच तनाव के एक खास मामले में युगल में से एक व्यक्ति टकराव का समाधान करना चाहता था, पर 'युगल स्थिति' में दूसरा व्यक्ति इस पर समुचित प्रतिक्रिया नहीं कर रहा था। यह स्थिति एक प्रकार से 'बत्तख की पीठ से पानी गिर जाने' की तरह थी। युगल में महिला आंसू बहाती थी, चीखती-चिल्लाती थी तथा अपने पैर पटकती थी। टकराव इस सीमा तक बढ़ा कि वे एक-दूसरे पर चीजें फेंकने लगे तथा अनेक अतार्किक काम करने लगे। आखिरकार उनमें से एक ने बहुत मूर्खतापूर्ण चीजें कीं, जैसे दीवाल पर सिर टकराना। रात में इस प्रकार के बवाल से थक कर दोनों सो जाते थे। सवेरे उठने पर युगल कोई नया तमाशा नही करते थे, बल्कि वे पिछले दिन घटी घटनाओं को पुन: दुहराने की तैयारी करने लगते थे। इस प्रकार जहां पति लगातार स्थितियां ठीक करने का प्रयास करता था, पर पत्नी उस पर समुचित प्रतिक्रिया नहीं देती थी।

इस मामले में आखिरकार पति ने रास्ता बदला और पत्नी से पूछा कि शांति 'पाने' के लिए क्या किया जाए। पत्नी ने कहा, 'वही करो जो मोर ऐसे समय करते हैं जब वे अपनी मादा के साथ ज्यादा नाचना चाहते हैं।' पति ने इस सलाह को मान कर एक रंगीन कुर्ता पहना जो पत्नी हाल में उसके लिए लाई थी। इसके बाद उसने पत्नी से कहा, 'देखो मैं एक मोर हूं।' इस पर पत्नी हंस पड़ी, दोनों के बीच जमी बर्फ टूट गई और उनके बीच सुलह हो गई। इस प्रकार अंतर-वैयक्ति गत्यात्मकताओं की प्रकृति ऐसी होती है जो हार्ड या साफ्ट स्किल के दायरे में नहीं आती है।

इस प्रकार का व्यवहार अंतर्दृष्टि, अनुभवों या कभी-कभी अंत:प्रेरणा से विकसित होता है। इसका कक्षा में मिले ज्ञान या पुस्तकों से सीखे सबक से निकलना जरूरी नहीं है। यह अंतर-वैयक्तिक गत्यात्मकताओं के एक चरण पर विकसित होता है। इसका संबंध अच्छी भावनाओं तथा विकास की इच्छाओं की अभिव्यक्तियों में निहित है। इस प्रकार 'हार्ड स्किल' व 'साफ्ट स्किल' से गायब त्रिभुज की तीसरी भुजा को 'अंतर्दृष्टि व अनुभव से प्राप्त किया गया कौशल' कहा जा सकता है।

# यज्ञ का होता है वैज्ञानिक आधार

"यज्ञ केवल एक अनुष्ठान न होकर मन और पर्यावरण को शुद्ध करने का एक बेहतरीन तरीका है।"

**स्वामी चरणाश्रित**
(लेखक, आध्यात्मिक मार्गदर्शक हैं)



अग्निहोत्र, एक समय-सम्मानित अग्नि अनुष्ठान, हिंदू धर्म में गहन यज्ञ या होम अभ्यास का सबसे सरल अवतार है। इसके आध्यात्मिक महत्व से परे, इस अनुष्ठान के वैज्ञानिक आधारों ने नए सिरे से ध्यान आकर्षित किया है, जो प्रकृति, ब्रह्मांडीय शक्तियों और मानव कल्याण के बीच जटिल संबंधों पर प्रकाश डालता है।

अग्निहोत्र के मूल में खगोलीय घटनाओं की एक जटिल परस्पर क्रिया निहित है। यह अनुष्ठान सावधानीपूर्वक सुबह और शाम के बीच के संक्रमण के साथ खुद को संरेखित करता है, उन सटीक क्षणों का उपयोग करता है जब सूर्य दूर अवरक्त किरणें उत्सर्जित करता है। एक विशिष्ट तांबे के बर्तन के भीतर - देसी गाय का घी, सूखा गाय का गोबर, और बिना पॉलिश किए चावल - तत्वों की एक सिम्फनी जलाकर, अग्निहोत्र वैज्ञानिक सद्भाव की कोरियोग्राफी प्रस्तुत करता है। जैसे ही मंत्र गूंजते हैं, सूर्य (सूर्य) और अग्नि (अग्नि) को श्रद्धांजलि देते हैं, एक आकर्षक तालमेल सामने आता है। हाल के अध्ययनों से सूर्य के दूर अवरक्त विकिरण और अग्निहोत्र अग्नि से निकलने वाले विकिरणों के बीच एक आश्चर्यजनक प्रतिध्वनि का पता चला है।

यह प्रतिध्वनि महत्वपूर्ण ऊर्जा का एक मजबूत उछाल पैदा करती है जो जटिल रूप से जीवन प्रक्रियाओं में बुनती है। अग्निहोत्र से उत्पन्न आकाशीय धुंआ और राख अनुष्ठान से परे है।

अग्नि की शुद्धिकरण क्षमता वायु और जल दोनों तक फैली हुई है। अनुष्ठान का माहौल स्वच्छ हवा के अभयारण्य में बदल जाता है, क्योंकि रोगजनक सूक्ष्मजीव और प्रदूषक इसकी परिवर्तनकारी शक्ति के सामने झुक जाते हैं। अग्निहोत्र एक प्रहरी, एक संरक्षक के रूप में खड़ा है जो अदृश्य



आक्रमणकारियों से बचाव करता है, स्वस्थ वायु और शुद्ध जल स्रोतों को सुनिश्चित करता है। अनुष्ठान की गहन गूंज तत्काल से कहीं अधिक प्रतिध्वनित होती है, क्योंकि यह जिस चुंबकीय क्षेत्र को बढ़ावा देता है वह नकारात्मकता को बेअसर करता है और %प्राण%, जीवन शक्ति को बढ़ाता है, जो कल्याण के लिए अनुकूल वातावरण को बढ़ावा देता है। अग्निहोत्र मंत्र का जाप विशिष्ट कंपन आवृत्तियों के साथ गूंजता है। आधुनिक जीवन की उथल-पुथल के बीच शांति का अभयारण्य विकसित करते हुए, मंत्र मानवीय भावना के साथ गूंजते हैं। ये मधुर आह्वान सकारात्मक परिवर्तन, मानसिक बोझ को कम करने और लचीलेपन को बढ़ावा देने की एक सिम्फनी जगाते हैं। दिलचस्प बात यह है कि इन मंत्रों की शक्ति मनोवैज्ञानिक सांत्वना से भी आगे तक फैली हुई है; वे मस्तिष्क के भीतर सेलुलर कायाकल्प शुरू करते प्रतीत होते हैं, जो अग्निहोत्र के प्रभाव का एक अनदेखा आयाम है। अग्निहोत्र में प्रयुक्त पिरामिड आकार का तांबे का पात्र केवल प्रतीकात्मक नहीं है; यह वैज्ञानिक चमत्कार का माध्यम बन जाता है। यह बर्तन नकारात्मक आयनों को जन्म देता है जो खतरनाक कणों को खूबसूरती से दूर कर देता है, जिससे हवा को स्पष्टता मिलती है। इस बर्तन में शुद्ध गाय के घी और गोबर के केक का मिश्रण प्राकृतिक कीटाणुनाशक पैदा करता है, जिससे बैक्टीरिया की गतिविधि और पर्यावरणीय विषाक्तता कम हो जाती है। इस प्रकार, अग्निहोत्र न केवल प्राचीन प्रथाओं का सम्मान करता है बल्कि उन्हें समकालीन खतरों के खिलाफ अत्याधुनिक रक्षा में बदल देता है। अग्नि का परिवर्तनकारी सार घी में बिना पॉलिश किए चावल के 36 दानों, आहुति की पेशकश के माध्यम से और भी प्रकट होता है।

यह भेंट केवल भक्ति का प्रतीक नहीं है; यह यिन-यांग संतुलन के समान, ऊर्जा का गहरा संतुलन उत्पन्न करता है। इस प्रसाद से उठने वाला धुआं एक विनम्र नायक के रूप में उभरता है, जो हानिकारक विकिरणों को बांधता है और रेडियोधर्मिता के खतरे को बेअसर करता है। नतीजतन, संपूर्ण अनुष्ठान एक सामंजस्यपूर्ण बैले में समाप्त होता है जो रक्त प्रवाह को शुद्ध करता है, संचार प्रणाली को पुनर्जीवित करता है, और यहां तक कि आभा को भी साफ करता है।

एर्गो, अग्निहोत्र की विरासत पारिस्थितिक क्षेत्रों तक फैली हुई है। इसकी अवशिष्ट राख, एक विनम्र उपहार, पृथ्वी और उसके निवासियों को समान रूप से पोषण देती है, पौधों को नई जीवन शक्ति प्रदान करती है।

यह चक्रीय आदान-प्रदान प्रकृति के साथ अनुष्ठान के तालमेल का प्रतीक है, जो एक स्वच्छ और संपन्न पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देता है। बढ़ती पर्यावरणीय चिंताओं के आज के युग में, अग्निहोत्र के वैज्ञानिक सिद्धांत एक अद्वितीय समाधान के रूप में गूंजते हैं। चूँकि मानवता प्रदूषण से बढ़े हुए स्वास्थ्य जोखिमों से जूझ रही है, अग्निहोत्र प्राचीन ज्ञान के प्रतीक के रूप में कार्य करता है।

आध्यात्मिकता और विज्ञान को जोड़ने वाला यह अनुष्ठान, न केवल व्यक्तिगत बल्कि सामूहिक चेतना को शुद्ध करने की क्षमता रखता है, जो हमारे ग्रह के साथ सामंजस्यपूर्ण सह-अस्तित्व की दिशा में मार्ग प्रशस्त करता है।

# आप की बात

## राहुल की हरकतें

**कुछ साल पहले** राहुल बाबा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नजदीक जाकर उन्हें गले लगाने का प्रयास किया था और फिर अपनी सीट पर जाकर उन्होंने आंख भी मारी। इस बार अविश्वास प्रस्ताव पर अपनी बात रखने के बाद राहुल गांधी ने स्मृति ईरानी को फ्लाइंग किस जैसा इशारा किया। यह श्रीमती ईरानी व अन्य भाजपा महिला सांसदों को अनुचित लगा। 20 महिला सांसदों ने लोकसभा अध्यक्ष से इसकी लिखित शिकायत की। ऐसा लगता है कि राहुल बाबा आजकल जिस तरह की हरकतें अपनी मोहब्बत की दुकान चलाने के दौरान कर रहे हैं, उनको उचित नहीं ठहराया जा सकता है। राहुल ने इन हरकतों के साथ ही अपने भाषण में भारत माता के संबंध में जो टिप्पणी की, उसे लोकसभा अध्यक्ष को कार्रवाई से हटाना पड़ा। विडंबना है कि राहुल गांधी उस कांग्रेस के अध्यक्ष रहे हैं जिसने स्वतंत्रता संग्राम का नेतृत्व किया था। आजतक किसी कांग्रेसी नेता की भाषा इतनी खराब नहीं रही कि वह निर्वाचित प्रधानमंत्री को देशद्रोही कहे, लेकिन राहुल ने वह भी कर दिखाया है। दु:ख की बात है कि कांग्रेस में अब उनको सलाह देने वाला शायद कोई नहीं बचा है और वे पार्टी को अपनी हरकतों से रसातल में पहुंचा कर ही दम लेंगे।

– **एमएम राजावत,** शाजापुर

## मणिपुर हिंसा

**मणिपुर** में जारी हिंसा का दौर थमने का नाम नहीं ले रहा है। ऐसे में सुप्रीम कोर्ट ने स्वत संज्ञान लेते हुए जजों की समिति नियुक्त की है। पहले भी मणिपुर में इसी प्रकार के हिंसक दंगे हुए हैं। आशा है कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा नियुक्त पैनल मामले की गहराई से जांच पड़ताल करके सही तथ्य राष्ट्र के सामने लाएगा ताकि दोषियों को सख्त से सख्त सजा मिल सके। मणिपुर पुलिस की गंभीरता का अनुमान तो इसी बात से लगाया जा सकता है कि उसने केंद्र द्वारा नियुक्त अर्धसैनिक बलों के खिलाफ ही एफआईआर दर्ज कर रखी है जबकि पुलिस की असफलता को देखकर ही वहां उनको लगाया गया है। ऐसे में सुप्रीम कोर्ट के साथ-साथ सीबीआई व गुप्तचर विभाग को भी पूरे मामले की तह में जाकर इस हिंसा में विदेशी साजिशों और घुसपैठ करने वाले उनके एजेंटों के खिलाफ भी कार्रवाई होनी चाहिए। मणिुपर में जारी हिंसा को समाप्त करने के लिए दीर्घकालीन रूप से वहां मैतेई, कुकी व नगा समाज के बीच संबंध सुधारने व अविश्वास की भावना दूर करने की जरूरत है। विपक्ष को दलगत राजनीति करने के बजाय जमीनी स्तर पर शांति स्थापना में सहयोग देना चाहिए।

– **सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

## मुरादाबाद दंगे

**मुरादाबाद** में 1980 के दंगों पर 1983 में जांच आयोग द्वारा सरकार को सौंपी गई रिपोर्ट 40 साल तक दबी रही। इसे सदन में रखकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बड़ा साहसिक कार्य किया है। इसके लिए वे निश्चित बधाई के पात्र हैं। स रिपोर्ट से स्पष्ट है कि हिंसा में हिंदुओं, आरएसएस व भाजपा की कोई भूमिका नहीं थी, बल्कि इसके सूत्रधार मुस्लिम लीग के तत्कालीन प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर शमीम अहमद खान थे। लेकिन सवाल है कि किसी भी दुर्घटना या दंगे के बाद नियुक्त ऐसे जांच आयोगों या उनकी रिपोर्ट का क्या फायदा जो न तो सार्वजनिक हो और न ही उन पर कोई कार्यवाही हो? दंगों का इतिहास देखें तो दंगे होते ही हमेशा भाजपा, आरएसएस व हिंदूवादी संगठनों पर दोषारोपण किया जाता रहा है। लेकिन आजतक देश मे कहीं भी दंगे में आरएसएस की भूमिका सिद्ध नहीं हुई है। उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ के मुख्यमंत्री बनने के बाद कई बार समय पर कार्रवाई कर दंगों को रोका गया है। इस रिपोर्ट से स्पष्ट है कि पुलिस व प्रशासन को न्यायोचित ढंग से काम करने देना सर्वाधिक महत्वपूर्ण है।

– **अतिवीर जैन,** मेरठ

## अविश्वास प्रस्ताव

**कांग्रेस** द्वारा केंद्र सरकार के विरुद्ध लाया अविश्वास प्रस्ताव विशुद्ध रूप से एक राजनीतिक दांवपेच है। संसद में जिस तरह गतिरोध लगातार बना है और देश के ज्वलंत मुद्दों पर चर्चा नहीं हो पाती है, उसे दु:खद ही कहा जा सकता है। देश के प्रत्येक नागरिक को यह जानने का हक है कि देश की समस्याएं क्या है और देश की सबसे बड़ी पंचायत उनका क्या समाधान करती है। मणिपुर का मुद्दा निश्चित रूप से वर्तमान समय में एक ज्वलंत मुद्दा है, पर देश के अन्य प्रदेशों तथा पूरे देश की जनता के अन्य अनेक मुद्दे भी मणिपुर से कम महत्वपूर्ण नहीं हैं। देश में महंगाई, बेरोजगारी, असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के साथ ही दलितों व महिलाओं के उत्पीड़न की अनेक घटनायें हुई हैं। ऐसी घटनायें किसी एक प्रदेश या क्षेत्र तक सीमित नहीं हैं। जनता चाहती है कि राजनीतिक खांचों से अलग उठ कर ऐसी समस्याओं का समाधान किया जाए। भावनात्मक या भड़काऊ मुद्दे आक्रामक शैली में उठा कर मीडिया में सुर्खियां तो बटोरी जा सकती हैं, पर इससे जनता का कल्याण होने की बात सोची भी नहीं जा सकती है।

– **वीरेंद्र कुमार जाटव,** दिल्ली

पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
पर भी भेज सकते है।

# लखनऊ से वाराणसी के बीच पहली वायुयान सेवा का मुख्यमंत्री ने किया शुभारंभ



● प्रधानमंत्री के उड़ान योजना के संकल्पों को पूरा करेगी यह वायुसेवाः योगी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को लखनऊ से वाराणसी के लिए पहली उड़ान सेवा का उद्घाटन किया। इंडिगो एयरलाइन्स की ओर से शुरू की गई इस सेवा से मात्र 55 मिनट में वाराणसी और लखनऊ के बीच के सफर को पूरा किया जा सकेगा। चौधरी चरण सिंह अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश की राजधानी को देश की आध्यात्मिक राजधानी से जोड़ने का प्रयास सराहनीय है, आज इसकी बहुत आवश्यकता थी। यह सेवा प्रधानमंत्री के उड़ान योजना के उस संकल्प को पूरा करगी जिसमें उन्होंने कहा था कि हवाई चप्पल पहनने वाला आम आदमी भी हवाई यात्रा कर सके।

मुख्यमंत्री ने भारत सरकार के नागरिक उड्डयन मंत्रालय और इंडिगो एयरलाइन्स को प्रदेश की जनता की ओर से धन्यवाद देते हुए कहा कि वाराणसी के उद्यमियों, व्यापारियों, जनप्रतिनिधियों, प्रबुद्ध समाज और विश्वनाथ धाम में दर्शन करने वालों की मांग आज पूरी हो रही है। पीएम मोदी के नेतृत्व में वाराणसी ने आध्यात्मिकए सांस्कृतिक और भौतिक विकास के क्षेत्र में नये कीर्तिमान स्थापित किये हैं। उन्हें देखते हुए वाराणसी का लखनऊ से जुड़ना बहुत जरूरी था। वाराणसी एयरपोर्ट पर 2016-17 में एक वर्ष में केवल 19 लाख पैसेंजर होते थे, मगर आज 2022-23 में यह संख्या बढ़कर 25 लाख से अधिक हो गई है। मुख्यमंत्री ने बताया कि उत्तर प्रदेश में पिछले 6 साल में वायुसेवा का तीव्र गति से विस्तार हुआ है। यूपी में 2017 में पहले केवल दो क्रियाशील एयरपोर्ट वाराणसी और लखनऊ थे। वर्तमान में प्रदेश में 9 एयरपोर्ट पूरी तरह से क्रियाशील हो चुके हैं। साथ ही 12 एयरपोर्ट को प्रदेश सरकार तेज गति से तैयार कर रहे हैं, जिसमें से दो इंटरनेशनल एयरपोर्ट भी हैं। इसमें अयोध्या एयरपोर्ट को दिसंबर में पूरी तरह से क्रियाशील कर दिया जाएगा। इसी प्रकार एशिया के सबसे बड़ जेवर एयरपोर्ट के पहले रनवे को भी इस वर्ष के अंत तक तैयार कर लिया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने बताया कि डोमेस्टिक एयरपोर्ट के बारे में पहले कोई सोचता भी नहीं था लेकिन आज आजमगढ़, श्रावस्ती, चित्रकूट, अलीगढ़, मुरादाबाद, सहारनपुर को भी वायुसेवा के साथ जोड़ने का काम तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि आज स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का दौर है। वायुसेवा में सुरक्षा, समयबद्धता का ध्यान रखना विशेष तौर पर जरूरी है। जल्द 2000 नए एयरक्राफ्ट भारतीय बाजार में आने वाले हैं, जो लोगों की महात्वाकांक्षा की उड़ान को नयी ऊंचाई प्रदान करेंगे। लखनऊ से वाराणसी की दूरी भले ही 300 किमी की हो मगर इस वायुसेवा की नितांत आवश्यक्ता थी। हमें वाराणसी के महत्व को समझना होगा। आज पहली उड़ान सेवा के साथ वाराणसी के सभी विधायकगण बनारस जा रहे हैं और इसी के साथ वापस भी लौटेंगे। मुख्यमंत्री ने लखनऊ से वाराणसी की पहली उड़ान सेवा की पहली महिला यात्री को टिकट प्रदान करते हुए सभी मुसाफिरों को सुखद यात्रा की शुभकामनाएं भी दीं। इस अवसर पर केंद्रीय नागर विमानन राज्यमंत्री जनरल डॉ. वीके सिंह नई दिल्ली से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए जुड़े।

जबकि कार्यक्रम के दौरान प्रदेश के पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह, कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर, राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार रविन्द्र जायसवाल, डॉ. दयाशंकर मिश्र दयालू, प्रदेश के मुख्य सचिव दुर्गाशंकर मिश्र, पुलिस महानिदेशक विजय कुमार, प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद, इंडिगो के सीईओ पीटर एलबर्स, स्पेशल डायरेक्टर इंडिगो आरके सिंह एवं मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश अवस्थी उपस्थित रहे।

### अभी हफ्ते में तीन दिन मिलेगी उड़ान की सेवा

**लखनऊ** से वाराणसी की इंडिगो उड़ान सेवा को फिलहाल हफ्ते में तीन दिन मंगलवार, गुरुवार और शनिवार के लिए शुरू किया गया है। लखनऊ से वाराणसी के लिए इंडिगो फ्लाइट संख्या सीई-7319 दोपहर 2.20 बजे चौधरी चरण सिंह इंटरनेशनल एयरपोर्ट से उड़ान भरेगी जो 1 घंटे 10 मिनट की यात्रा के बाद 3.30 पर वाराणसी के लाल बहादुर शास्त्री इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर पहुंचेगी। इसी प्रकार मंगलवार, गुरुवार और शनिवार को ही वाराणसी एयरपोर्ट से इंडिगो फ्लाइट संख्या सीई-7321 शाम 4.05 बजे उड़ान भरेगी जो 55 मिनट बाद लखनऊ एयरपोर्ट पहुंचेगी।

# प्रदेश सरकार ने किसानों की सारी फसलों के दाम बढ़ायेः शाही

**विधानसभा कार्यवाही**

● सरकार के जवाब से नाराज सपा सदस्यों ने सदन से किया वाकआउट

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मानसून** सत्र के चौथे दिन गुरुवार को विधानसभा में किसानों की समस्याओं और उपज का समर्थन मूल्य देने सहित कृषि से जुड़े कई मुद्दों पर मुख्यविपक्षी दल समाजवादी पार्टी और रालोद के सदस्यों ने सवाल किए। समाजवादी पार्टी के सदस्य जियाऊर्रहमान, पंकज पटेल, मनोज कुमार पाण्डेय, अभय सिंह और डा. पल्लवी पटेल ने सवाल किया कि सरकार किसानों की आय बढ़ाने के लिए क्या कर रही है। सपा सदस्यों ने कहा कि सरकार रवी, खरीफ और जायद फसलों की एमएसपी को दोगुना करने के लिए क्या कर रही है। सपा के मनोज कुमार पाण्डेय का सवाल था कि कृषि मंत्री बताएंगे कि उन्होंने छुट्टा सांड़ द्वारा फसल नुकसान किए जाने पर कोई मुआवजा आदि देने की बात शामिल करेंगे। सपा सदस्यों के सवालों का सिलसिलेवार जवाब देते हुए कृषिमंत्री सूर्यप्रताप शाही ने कहा कि 2017 में योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में भाजपा की सरकार सत्तारूढ़ होने के बाद किसानों के सारी फसलों के दाम बढ़ाये गए है। उन्होंने कहा कि सरकार ने समय-समय पर समर्थन मूल्य बढ़ाया है और पिछली सरकारों से ज्यादा मूल्य बढ़ाया गया है। मंत्री के जवाब से असंतुष्ट सपा सदस्यों ने विधानसभा की कार्यवाही का बहिर्गमन कर दिया। अपने जवाब में कृषि मंत्री ने किसानों के हित के लिए लागू की गयी योजनाओं का भी उल्लेख किया। कहा कि किसानों का हित सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने कहा कि जहां किसानों को कीटनाशक और यूरिया में जीएसटी से छूट दिए जाने की बात है तो यह राज्य सरकार का विषय नहीं है। इस मौके पर उन्होंने सभी फसलो की एमएसपी के तुलनात्मक आंकड़ें भी पेश किए। सपा सदस्यों की मांग थी कि कृषि मंत्री स्पष्ट करे कि वे एमएसपी बढ़ायेगे कि नहीं। जवाब में कृषि मंत्री ने कहा कि पिछले छह वर्षो में जितनी मूल्यवृद्धि की गयी वह पर्याप्त है। कृषि मंत्री के जवाब से सपा सदस्य संतुष्ट नहीं हुए और उनकी नोकझोंक भी हुई। बाद में सपा सदस्यों ने सरकार के किसान विरोधी होने का आरोप लगाते हुए सदन से वाकआउट किया। प्रश्न प्रहर में आज ही समाजवादी पार्टी की सदस्य डा रागिनी ने प्रदेश सरकार द्वारा खेल और खिलड़ियों की उपेक्षा का आरोप लगाते हुए कहा कि उत्कृष्ट खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए क्या नीति बनाई है। जवाब में युवा कल्याण और खेलकूद मंत्री गिरीश यादव ने कहा कि प्रदेश में सरकार के सत्तारूढ़ होने के बाद ही नई खेल नीति बनाई गयी है। पदक हासिल करने वालें खिलाड़ियों की पुरूस्कार राशि बढ़ाई गई है। इसके अलावा खेल प्रतिभाओं को सरकारी नौकरियों में भी प्राथमिकता दी जा रही है। कई खिलाड़ियों को डीएसपीएनायब तहसीलदार तक की नौकरियां दी गयी है। उन्होंने कहा कि इसके अलावा सरकार ने मेरठ में मेजर ध्यानचन्द्र के नाम से खेल विश्वविद्यालय की स्थापना की गयी है। साथ ही समूह घ की सरकारी नौकरियों में भी खिलाड़ियों के लिए दो प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था की गयी है। खेल मंत्री ने बताया कि कुल स्वीकृत 21 स्थानों में से 15 स्थानों पर मिनी स्पोर्ट्स स्टेडियम का निर्माण कराया जा चुका है। शेष छह स्थानों पर मिनी स्पोर्ट्स स्टेडियम निर्माणाधीन है।

## निर्धारित शेड्यूल के अनुरूप सभी क्षेत्रों को बिजली आपूर्तिः एके शर्मा

**ग्रामीण क्षेत्रों में 18 घंटे बिजली देने का किया जा रहा प्रयास**

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**नगर** विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने गुरुवार को विधान सभा में सूखे एवं बाढ़ की स्थिति पर चर्चा के दौरान सदन में विपक्ष द्वारा लगाये गये आरोपों का करारा जवाब देते हुए कहा कि प्रदेश की योगी सरकार किसानों के हित में कार्य कर रही है। किसान, गांव व खेतों के लिए आक्रामक ढंग से कार्य किया जा रहा है। फसलों की सिंचाई में व्यवधान न आये, इसके लिए 11 के.वी. के कृषि फीडरों से दिन में 10 घंटे सुबह 07:00 बजे से शाम 05:00 बजे तक, विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। आज यूपीपीसीएल ने यह भी निर्णय लिया है कि स्थानीय कारणों व फाल्ट से किसानों के लिए निर्धारित 10 घंटे की विद्युत आपूर्ति में बाधा आती है तो उसकी पूर्ति निर्धारित रोस्टर के पश्चात हर.हाल में की जायेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश की योगी सरकार सभी क्षेत्रों को निर्धारित शिड्यूल के अनुरूप शहरों को 24 घंटे, तहसील मुख्यालयों को 22 घंटे, ग्रामीण क्षेत्रों को 18 घंटे बिजली दे रही है। इसमें किसी भी प्रकार का भेदभाव नहीं है। चाहे मऊ, गोरखपुर व वाराणसी हो या अन्य कोई जिला हो। जैसे कि पिछली सरकारों में सैर्फइए इटावा को ही बिजली मिलती थी और इटावा के किसी गांव से तो कभी बिल वसूला ही नहीं गया। लेकिन हम पूरे प्रदेश को बिजली दे रहे हैं, इसीलिए तो बिजली बिल भी मांग रहे हैं। उन्होंने बलरामपुर, गोण्डा, सिद्धार्थनगर जनपद के तराई क्षेत्रों में बाढ़ के कारण सब स्टेशनों के डूब जाने पर कहा कि ऐसे सब स्टेशनों को डूबने से बचाने के लिए ऊंचे स्थानों पर स्थापित करने के प्रयास किये जाएंगे। ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने ग्रामीण क्षेत्रों में 18 घंटे विद्युत आपूर्ति न होने के आरोपों पर यह भी कहा कि वैसे तो सरकार ग्रामीण क्षेत्रों के लिए निर्धारित 18 घंटे की विद्युत आपूर्ति को देने का पूरा प्रयास कर रही है। फिर भी भीषण गर्मी, आंधी, तूफान या अन्य स्थानीय व्यवधानों व फाल्टों के कारण 18 घंटे के रोस्टर के अनुरूप ग्रामीण क्षेत्रों को विद्युत आपूर्ति न होने पर 17 जूनए 2023 को यूपीपीसीएल ने इस सम्बंध में एक आदेश जारी किया है कि विद्युत आपूर्ति की उस कमी को शिड्यूल के बाद पूरा किया जाय। उन्होंने खासतौर से आजमगढ़, गाजीपुर के विपक्ष के विधायकों द्वारा विद्युत आपूर्ति में गड़बड़ी एवं ट्रांसफार्मर बदलने में देरी के आरोपों पर कहा कि वर्ष 2012 से 2017 तक प्रदेश में 13 हजार मेगावाट विद्युत की उच्चतम मांग थी और 2016-17 में पीक डिमांड 16110 मेगावाट रही जबकि वर्तमान में 25 हजार से 28 हजार मेगावाट डिमांड चल रही है।



### विधानसभा के उपाध्यक्ष का चुनाव कराने की मांग को सरकार ने किया खारिज

**लखनऊ।** विधानसभा में सपा के वरिष्ठ सदस्य ओमप्रकाश सिंह ने विधानसभा के उपाध्यक्ष का चुनाव कराए जाने की मांग उठाई। उन्होंने अध्यक्ष से आग्रह किया कि विधानसभा में उपाध्यक्ष का आसन खाली है। संसदीय परंपराओं का निर्वाह करते हुए इस पद पर बेहतर हो कि चुनाव करा लिया जाए। इस पर संसदीय कार्यमंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने कहा कि मौजूदा अध्यक्ष स्वयं एक साल के कार्यकाल में चार अध्यक्षों के बराबर काम करके अपनी कार्यकुशलता दिखा चुके है। ऐसे में फिलहाल के निर्वाचन का कोई औचित्य नहीं है। आज ही सदन में संसदीय कार्यमंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने विधानसभा के सुरक्षाकर्मियों को पौष्टिक आहार भत्ता पुलिस कर्मियों के बराबर किए जाने का प्रस्ताव रखा। इस पर विधानसभाध्यक्ष सतीश महाना ने वित्तमंत्री को इस बारे में आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। संसदीय कार्यमंत्री ने कहा कि यह प्रस्ताव बजट सत्र में ही लाया जाना था जो किन्हीं कारणों से लंबित हो गया था जिसे इस बार लाया जा रहा है। इससे पूर्व प्रश्नकाल में उस समय स्थिति अजीबगरीब हो गयी जब एक प्रश्नोत्तर में सपा के दूसरे सदस्य धर्मराज यादव अध्यक्ष की पीठ पर भेदभाव किए जाने की बात की। हुआ यूं कि सपा के इंजीनियर सचिन यादव द्वारा पूछे गए सवाल पर औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी जवाब दे रहे थे। उन्होंने विभिन्न जिलों में हुए निवेश का क्रमवार आंकड़ा प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि पहली बार हर जिले में इंवेस्टर्स समिट कराई गई है।

## सीएम के कार्यक्रम में प्रोटोकाल के तहत विधायकों को न बिठाने की होगी जांच

**विधान परिषद की कार्यवाही**

● विशेषाधिकार हनन के तहत उठा मामला, लखनऊ जिला प्रशासन के अफसरों के खिलाफ कार्रवाई की मांग

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**'मेरी** माटी, मेरा देश' अभियान के तहत 9 अगस्त को काकोरी शहीद स्मारक पर आयोजित मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के दौरान लखनऊ जिला प्रशासन के अधिकारियों पर सही ढंग से सिटिंग व्यवस्था न करने का आरोप लगाते हुए विधान परिषद सदस्यों ने विशेषाधिकार हनन का मामला उठाया। सदस्यों का आरोप था कि प्रोटोकॉल में ऊपर होते के बावजूद उन लोगों को मुख्य सचिव मंडलायुक्त और प्रमुख सचिव के पीछे वाली सीटों पर बैठाया गया।

सभी सदस्यों ने एक स्वर में दोषी अधिकारियों को सदन में बुलाकर सवाल-जवाब व दंडित करने की मांग की। नेता सदन व उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने इस मामले में कहा कि यह उच्च सदन है। सदन के सभी सदस्यों का पूरा सम्मान है और इस प्रकरण की वह उच्च स्तरीय जांच कराकर कार्रवाई करेंगे। उन्होंने कहा की प्रदेश सरकार की ओर से यह भी निर्देश जारी किए जाएंगे कि भविष्य में विधान मंडल के सदस्यों के सम्मान का पूरा ख्याल रखा जाए। नियम-223 के तहत विशेषाधिकार हनन के रूप में मामला उठाते हुए शिक्षक दल के ध्रुव कुमार त्रिपाठी ने सदन को जानकारी दी कि 9 अगस्त को काकोरी शहीद स्मारक पर आयोजित कार्यक्रम में विधानमंडल के सदस्यों (एमएलए-एमएलसी) को भी आमंत्रित किया गया था। उन्होंने कहा कि निर्धारत प्रोटोकाल के तहत विधायक 22वें क्रम में आते हैं जबकि मुख्य सचिव 24वें और मंडलायुक्त 29 क्रम में हैं। इसके बावजूद कार्यक्रम में विधायकों और पूर्व मंत्रियों को दूसरे नंबर की सीटों पर बिठाया गया। पहली पंक्ति में मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव पर्यटन और मंडलायुक्त बैठे थे। जो हमारे विशेषाधिकार का खुले तौर पर हनन है। इससे सदस्यों बड़ी आत्मग्लानि महसूस हुई। उनके इस व्यकत्व का देवेंद्र प्रताप सिंह, अशोक कटारिया, लाल बिहारी यादव यहां तक की मंत्री अशीष पटेल और मंत्री संजय निषाद तक ने समर्थन किया। एक तरह से सदन के सभी सदस्यों का एक मत था और उन लोगों की मांग थी कि लखनऊ प्रशासन के दोषी अधिकारियों को सदन में तलब कर उनके खिलाफ कार्रवाई की जाए। इस प्रकरण में सभापित कुंवर मानवेंद्र सिंह ने नेता सदन को निर्देशित किया है कि वह मामले की जांच करा लें और जो भी कार्रवाई करें उससे इस सदन को भी अवगत करा दें।

### आयुष विभाग में हुए तबादलों की होगी जांच

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**आयुष** विभाग में बीते दिनों हुए तबादलों की जांच होगी कि इनमें निर्धारित स्थानांतरण नीति का पालन किया गया कि नहीं। इस संबंध में सभापति कुंवर मानवेंद्र सिंह ने आयुष राज्यमंत्री दयाशंकर सिंह दयालु को विभाग में हुए तबादलों की जांच विभाग के प्रमुख सचिव से कराने के निर्देश दिए हैं। शिक्षक दल के ध्रुव कुमार त्रिपाठी ने प्रश्नकाल में आयुष राज्यमंत्री दयाशंकर मिश्र दयालु से जानना चाहा था कि आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारियों के स्थानांतरण में कार्मिक विभाग द्वारा जारी स्थानांतरण नीति का कितना पालन किया गया है। आयुष मंत्री ने कहा कि हमने नीति के अनुरूप तबादले किए हैं। नियमानुसार जिनका तबादला किया जाना चाहिए था उनका ही तबादला किया गया। इस पर त्रिपाठी ने स्थानांतरण नीति का खुला उल्लंघन का आरोप लगाते हुए कहा कि आयुष विभाग में तबादलों में जमकर भ्रष्टाचार हुआ है। 20-20 सालों से जमे अफसर अभी भी पुराने पदों पर काबिज है जबकि उनके कई साल बाद पदस्थ हुए अधिकारियों का स्थानांतरण कर दिया गया। इस पर नेता सदन केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि मंत्री का विशेषाधिकार होता है कि वह तबादले के लिए तैयार सूची में नाम को ऊपर-नीचे कर सकता है।

उद्यान मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने कहा कि सूची में नामों को ऊपर-नीचे करने के लिए भी सदस्य ही दबाव डालते हैं। इस पर कई सदस्यों ने बोलना शुरू कर दिया। ध्रुव कुमार पूरक प्रश्न कर जांच की मांग भी करने लगे। इस प्रश्न में आयुष राज्यमंत्री को उलझता देख भाजपा की ओर से कई सदस्य भी बोलने के लिए उठ खड़े हुए। बहस को बढ़ता देख सभापति ने आयुष मंत्री को निर्देश दिए कि वे विभाग में तबादले की प्रमुख सचिव से जांच कराकर संतुष्ट हो लें।

### रणजीत सिंह जूदेव के निधन पर सदन ने शोक जताया

**विधान** परिषद सदन में गुरुवार को पूर्व एमएलसी रणजीत सिंह जूदेव के निधन पर शोक जताया। सभापति कुंवर मानवेंद्र सिंह ने सदन को सूचित किया कि रणजीत सिंह जूदेव (78 वर्ष) का बीती 8 मार्च 2023 को लखनऊ में निधन हो गया था।

## सदन में सपा सदस्यों के व्यवहार से विधानसभा अध्यक्ष हुए नाराज

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**विधानसभा** अध्यक्ष सतीश महाना सदन की कार्यवाही के दौरान शोर मचा रहे सपा सदस्यों से काफी आहत हुए। विधानसभा अध्यक्ष द्वारा कई बार शांति करने के निर्देश दिए जाने के बाद भी सपा सदस्यों द्वारा शोर मचाते रहे। इसी बीच धर्मराज सिंह यादव ने अपने स्थान से खड़े होकर मंत्री पर आरोप लगाने शुरू किए।

विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने उन्हें नियमों का हवाला देते हुए कहा कि अपने स्थान पर बैठ जाएं लेकिन धर्मराज यादव ने आरोप लगाते हुए कहा कि अध्यक्ष विपक्ष को बोलने नहीं देते हैं। इस आरोप पर सतीश महाना बेहद नाराज़ हो गए।

उन्होंने कहा कि मैं यह आरोप सुनने के लिए कतई तैयार नहीं हूं। अगर ऐसा है तो मैं पीठ से हट जाता हूं और उन्होंने भाजपा के एक सदस्य को पुकारते हुए पीठ से संचालन करने को कहकर उठ कर चले गए। सपा सदस्यों ने उनकी मान.मनौव्वल की तो अध्यक्ष ने सदन की कार्यवाही 20 मिनट के लिए स्थगित करने की घोषणा की और अपने कक्ष में चले गए। बाद में सपा सदस्य उन्हे मनाने गए। सदन की कार्यवाही शुरू होने के बाद सदन के वरिष्ठ सदस्य अवधेश प्रसाद, मनोज पांडेय ने कहा कि उनके दल के सदस्य द्वारा जो टिप्प्पणी की गयी है उसके लिए वे खेद व्यक्त करते है।

सपा के इन सदस्यों ने कहा कि आपके इस पद पर आने से पीठ की गरिमा बढ़ी है। संसदीय कार्यमंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने कहा कि जितना सम्मान आपने इस विधायिका बढ़ाया है उतना पहले कभी किसी ने नहीं किया। उन्होंने कहा कि वे अब यूपी की विधानसभा को पुरानी छवि की ओर नहीं ले जाना चाहते।

आज यूपी की विधानसभा देश के दूसरे राज्यों के लिए रोल माडल बनी हुई है।

# विधान परिषद सदस्य से अभद्रता करने वाला चिकित्सक बर्खास्त

● डिप्टी सीएम ने लोहिया संस्थान के अफसरों को तलब किया

● सभी प्रमुख अस्पतालों में बनाई जाएगी हेल्प डेस्क

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**डॉ.** राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान में इलाज कराने आए विधान परिषद सदस्य ने डॉक्टर पर अभद्रता करने का आरोप लगाया जिसकी शिकायत के बाद डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने घटना को गंभीर से लिया। संस्थान प्रशासन को सदन में तलब किया। डॉक्टर के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए। संस्थान प्रशासन ने डॉक्टर को बर्खास्त कर दिया। साथ ही इमरजेंसी ईएमओ को चेतावनी दी गई है।

बुधवार की रात करीब 10. 30 बजे भाजपा के विधान परिषद सदस्य नरेंद्र सिंह भाटी की तबीयत बिगड़ गई। जिसके बाद उनका चालक उन्हें लेकर लोहिया संस्थान की इमरजेंसी में पहुंचे। जहां ड्यूटी पर मौजूद चिकित्सक पर अभद्रता का आरोप लगाया। नरेंद्र सिंह भाटी ने अपने साथ हुई इस अभद्रता का मामला बृहस्पतिवार को विधान परिषद सदन में उठाया। विधान परिषद सदस्य की शिकायत का डिप्टी सीएम ने संज्ञान लिया। उन्होंने संस्थान प्रशासन को तलब किया। प्रकरण की जांच के आदेश दिए। आनन-फानन संस्थान प्रशासन ने जांच कराई। जांच में डॉक्टर दोषी पाए गए। डिप्टी सीएम के आदेश के बाद डॉक्टर को तत्काल प्रभाव से बर्खास्त कर दिया गया। साथ ही इमरजेंसी ई ईएमओ को चेतावनी दी गई। ब्रजेश पाठक ने सदन में कहा कि जनप्रतिनिधियों, जनसामान्य रोगी एवं उनके परिवार से अभद्रता करने वालों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। इसे किसी भी दशा में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यदि ऐसा कोई भी प्रकरण संज्ञान में आयेगा तो स्वास्थ्य विभाग एवं सरकार की तरफ से दोषियों के विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जायेगी ।

**बड़े अस्पताल में 'माननीयों' के लिए हेल्प डेस्क बनाई जाएगी:** डिप्टी सीएम ने कहा कि सभी अस्पताल, संस्थानों में जनप्रतिनिधिगण, सांसदगण, विधायकगण, विधान परिषद सदस्यगण के लिए हेल्प डेस्क बनाई जाएगी। ताकि इलाज में किसी की असुविधा से बचाया जा सके। हेल्प डेस्क का संचालन 24 घंटे होगा। फिलहाल यह व्यवस्था लखनऊ के प्रत्येक अस्पताल, चिकित्सा संस्थानों में एक अलग से वीआईपी काउन्टर की व्यवस्था की जाएगी।

उक्त काउन्टर में जन संपर्क अधिकारी की तैनाती की जाएगी। यह भी निर्देश दिए गए हैं कि संबंधित संपर्क अधिकारी का नाम एवं उसका मोबाइल नम्बर भी उक्त काउंटर पर भी अंकित किया जाए ताकि जनप्रतिनिधियों द्वारा संपर्क करने पर तत्काल प्रभाव से उनकों चिकित्सा संबंधी समस्त सेवाएं समय एवं सुचारू रूप से उपलब्ध कराई जा सकें।

## उच्च सदन में पारित हुए चार विधेयक पांच सदन की मेज पर रखे गए

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**विधान** परिषद में गुरुवार को चार विधेयक ध्वनिमत से पारित किए गए। वहीं चार विधेयक विचार के लिए सदन की मेज पर रखे गए।

सर्वप्रथम विधान परिषद के प्रमुख सचिव ने उत्तर प्रदेश विधानसभा से पारित हो चुके पांच विधेयकों को उत्तर प्रदेश कृषि उत्पादन मण्डी (संशोधन) विधेयक, 2023, उत्तर प्रदेश नगर योजना और विकास (संशोधन) विधेयक, 2023, उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग विधेयक, 2023, उत्तर प्रदेश कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक, 2023 और उत्तर प्रदेश जगद्गुरू रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक, 2023 को सदन के पटल पर रखा।

इसके बाद सभापति ने कार्यसूची के मदों को निपटाया व याचिकाओं को याचिका समिति को संदर्भित किया। तत्पश्चात बीती 9 अगस्त को सदन की मेज पर रखे गए चार विधेयकों को विचारोपरांत ध्वनिमत से पारित किया गया। जिन विधेयक को उच्च सदन में पारित किया उनमें उत्तर प्रदेश नगर स्थानीय स्वायत्त शासन विधि (संशोधन) विधेयक, 2023, उत्तर प्रदेश नगर पालिका (संशोधन) विधेयक, 2023, उत्तर प्रदेश निजी विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक, 2023 और उत्तर प्रदेश निजी विश्वविद्यालय (द्वितीय संशोधन) विधेयक, 2023 शामिल हैं। इसके बाद सभापति कुंवर मानवेन्द्र सिंह ने 3:55 बजे सदन की बैठक 11 अगस्त को सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी।

# आज से 27 जनपदों में चलेगा मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन कार्यक्रम

**प्रदेश में स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा घर-घर जाकर खिलाई जायेगी फाइलेरियारोधी दवा**

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**99** सरकार स्वास्थ्य और विकास जैसे महत्वपूर्ण लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु निरन्तर प्रयत्नशील है। भारत सरकार के 2027 तक फाइलेरिया उन्मूलन के लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु प्रदेश सरकार हर सम्भव प्रयास करेगी। पाठक गुरुवार को केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया द्वारा मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (एमडीए) कार्यक्रम के शुभारम्भ के अवसर पर वर्चुअली प्रदेश सरकार की स्वास्थ्य क्षेत्र की उपलब्धियों की जानकारी दे रहे थे।



उपमुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार आज से 27 जनपदों में मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन कार्यक्रम की शुरूआत कर रही है। इसके अन्तर्गत लोगों को फाइलेरियारोधी दवाएं खिलायी जायेगी। ये दवाएं स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा घर.घर जाकर एवं बूथों के माध्यम से खिलाई जाएंगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश के 17 जनपदों में दो दवा डीईसी तथा अल्वेंडाजोल खिलाई जायेगी। इन जनपदों में औरैया, बहराइच, बलरामपुर, बस्ती, देवरिया, इटावा, फर्रूखाबाद, गाजीपुर, गोण्डा, गोरखपुर, कन्नौज, कुशीनगर, महाराजगंज, श्रावस्ती, सिद्धार्थनगर, संत कबीरनगर तथा सुल्तानपुर शामिल हैं। शेष 10 जनपदों में तीन दवा डीईसीए अल्वेंडाजोल तथा आइवरमेक्टिन खिलाई जायेगी। इन जनपदों में चन्दौली, फतेहपुर, हरदोई, कानपुर नगर, कानपुर देहात, मिर्जापुर, कौशाम्बी, रायबरेली, लखीमपुर खीरी और सीतापुर शामिल हैं। उन्होंने कहा 27 जनपदों में फाइलेरिया के विरूद्ध यह अभियान 28 अगस्त तक चलाया जायेगा। कार्यक्रम के शुभारम्भ के अवसर पर उपमुख्यमंत्री ने विभाग के राज्यमंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह, प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा सहित विभागीय अधिकारियों के साथ स्वयं भी फाइलेरिया की दवा खाई। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि हमें फाइलेरिया के उन्मूलन पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है, क्योंकि इस बीमारी का प्रभाव जता के स्वास्थ्य और विकास से सीधे जुड़ा है। फाइलेरिया से संक्रमित होने के बाद रोगी का पूरा जीवन दर्द और कठिनाई से बीतता है। फाइलेरिया से जुड़ी विकलांगता के कारण लोगों को अक्सर सामाजिक उपेक्षा सहनी पड़ती है। बीमारी से प्रभावित व्यक्ति की कार्यक्षमता भी कम हो जाती है। इससे व्यक्ति की आजीविका और आर्थिक उन्नति दोनों प्रभावित होती है। कार्यक्रम के दौरान निदेशक एनएचएम पिंकी जोवेल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे तथा कई राज्यों के स्वास्थ्य मंत्री, प्रमुख सचिव तथा स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी वर्चुअली जुड़े थे।

# अवैध खनन पर प्रशासन का चाबुक जब्त किये छह ट्रैक्टर और जेसीबी





संवाददाता। जालौन, उरई

**नगर** में बेरोक टोक हो रही अवैध खनन की सूचना पर एसडीएम व सीओ द्वारा संयुक्त कार्रवाई की गई। एसडीएम व सीओ द्वारा अवैध खनन में लिप्त छह ट्रैक्टर समेत एक जेसीबी मशीन लगा ट्रैक्टर पकड़कर कोतवाली में खड़ा कराया। पुलिस ने लोकेशन देने के संदेह में एक युवक को भी कोतवाली में बैठाया। जिससे पूछताछ की जा रही है।

नगर में प्रतापुरा रोड पर काफी दिनों से अवैध मिट्टी का खनन जारी है। वहां आसपास खेतों से इतना

●सीओ, एसडीएम ने की संयुक्त कार्रवाई

●लोकेशन देने वाला एक संदिग्ध हिरासत में

मिट्टी खनन किया गया है खेतों तालाब नजर आने लगे हैं। कई बार अधिकारियों से इस बाबत शिकायत की गई है। उक्त शिकायतों का संज्ञान लेकर गुरूवार को एसडीएम सुरेश कुमार व सीओ रविंद्र गौतम द्वारा संयुक्त रूप से कार्रवाई की गई। प्रतापपुरा रोड के पास हो रहे अवैध मिट्टी खनन की सूचना पर एसडीएम व सीओ पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए। लेकिन अधिकारियों के पहुंचने से पूर्व ही खनन कर रहे लोगों को इसकी जानकारी मिल गई और वह ट्रैक्टर लेकर वहां से भागने लगे।

लेकिन पुलिस ने घेराबंदी कर मिट्टी खनन कर उसकी ढुलाई में लगे छह ट्रैक्टरों को पकड़ लिया। जबकि पुलिस की घेराबंदी देखकर ट्रैक्टर चालक मौके से भाग निकले। इसके अलावा ट्रैक्टर में जेसीबी फिट किए गए एक ट्रैक्टर को भी पकड़ा गया।

# राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत हो मेडिकल कालेज में निकाली तिरंगा यात्रा



संवाददाता। उरई, जालौन

**जब** आंखें खुले तो धरती हिन्दुस्तान की हो, जब आंखें बंद हो तो यादें हिन्दुस्तान की हों। हम भी जाये तो कोई गम नहीं, मरते वक्त मिट्टी हिन्दुस्तान की हो। उक्त लफ्जों के बीच राजकीय मेडिकल कालेज उरई में मेरी माटी, मेरा देश आजादी के अमृत महोत्सव पर पंच प्रण समारोह व गुरुवार को तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया जिसमें कालेज के प्रधानाचार्य डा. आरके मौर्य, सीएमएस डा. प्रशांत निरंजन, नोडल ऑफीसर डा. शैलेंद्र प्रताप, प्रधानाचार्या कालेज ऑफ नर्सिंग डा. रीना कुमारी, उप प्रधानाचार्या उमा महेश्वरी सहित सभी नर्सिंग फैकल्टी व सभी पैरा मेडिकल एवं नर्सिंग के छात्र-छात्रायें उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की शुरूआत देश के जवानों के कार्य करने के सुझाव से किया गया। आज का युवा साथ मिलकर साम्प्रदायिकता और भ्रष्टाचार का मुकाबला करने को तैयार है। अमृत काल के पंच प्रण कुछ इस प्रकार है जिसमें विकसित भारत का लक्ष्य, गुलामी के हर अंश से मुक्ति, अपनी विरासत पर गर्व, एक व एकजुटता नागरिकों में कर्तव्य की भावनायें पंच प्रण की शपथ सभी को दिलायी गयी।

# पेयजल परियोजना अपूर्ण मिलने पर लगेगी पेनाल्टीः डीएम

●जल जीवन मिशन के अंतर्गत निर्माणाधीन कार्यो के संबंध में हुई बैठक

●जिलाधिकारी 16 अगस्त को करेंगे निरीक्षण





संवाददाता। चित्रकूट

**जिलाधिकारी** अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन के अंतर्गत निर्माणाधीन कार्यों के संबंध में बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। बैठक में रैपुरा, सिलौटा चांदी बांगर के इंटकवेल, वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट, सी डब्ल्यू आर, सी एल एफ फिल्टर हाउस पर विस्तृत चर्चा हुई।

बैठक में डीएम ने कहा कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत जो पाइप लाइन बिछाई गई है उससे पानी गंदा नहीं आना चाहिए। जिलाधिकारी ने रैपुरा इंटकबेल वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट में क्लोरिनेशन, एल एम डोजी कि संबंध में कहा कि 16 अगस्त तक इसका निरीक्षण किया जाएगा। अपूर्ण होने की स्थिति में पेनाल्टी लगाई जाएगी। सिलौटा में इनटेकबेल के कार्य के स्थिति के बारे में जानकारी लिए एवं एल एन टी प्रोजेक्ट मैनेजर को निर्देशित किया कि रेगुलर पानी दिया जाना चाहिए। जल जीवन मिशन के अंतर्गत आ रहा ग्राम पंचायतों में राशन कार्ड धारकों को कनेक्शन दे। उन्होंने यह भी कहा कि नल की ऊंचाई अधिक नहीं होनी चाहिए व घर के बाहर ही टोटी लगाएं। उन्होंने यह भी कहा कि आंगनबाड़ी सेंटर, स्कूल, स्वयंसेवी संस्थाओं में भी कनेक्शन कराएं।

## युवती का शव मिलने से गांव में फैली सनसनी



**राजापुर, चित्रकूट।** जिले के राजापुर थानान्तर्गत ग्राम पंचायत रगौली के यमुना घाट के किनारे लगी एक अज्ञात नवयुवती की लाश राजापुर पुलिस को मिल जाने के कारण क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। प्रभारी निरीक्षक भास्कर मिश्रा ने बताया कि 8/9 की रात हुई घटना के ट्रक चालक शिवशंकर यादव के लाश की खोजबीन कर ही रहे थे कि रगौली घाट के किनारे एक अज्ञात शव मिला है। जिसको देख लगभग 25 वर्ष का अनुमान लगाया गया है तथा ग्राम प्रधानों, चौकीदारों के माध्यम से शिनाख्त कराने का प्रयास किया गया है। लेकिन शिनाख्त नहीं हो पाई जिसकी फोटो सोशल मीडिया के माध्यम से शिनाख्त करने के लिए दी गई है। शिनाख्त होने पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# रमाशंकर दास महाराज जयदेव दास अखाड़ा तरौंहा के महंत बने



**चित्रकूट।** धर्म नगरी चित्रकूट के सुप्रसिद्ध जयदेव दास अखाड़ा के महंत रमाशंकर दास महाराज को अखाडों के महंतो व संतो के बीच ताजपोशी दी गई। इसके पूर्व सात अखाड़ों के निशानों के साथ रामबाग अखाड़ा से शोभायात्रा भ्रमण करते हुए जनदेव दास अखाड़ा पहुंची। इस दौरान विशाल भंडारे का आयोजन भी हुआ।

गुरुवार को कर्वी माफी स्थित तरौंहा के जयदेव दास अखाड़ा के महंत रामशरण दास के गोलोकवासी होने के बाद निर्मोही अखाड़ा, रामबाग अखाड़ा, खाकी अखाड़ा, संतोषी अखाड़ा, दिगम्बर अखाड़ा, भरत मिलाप, कटरा गूदर आदि अखाड़े के निशानों के साथ महंत व संत रामबाग

●सैकडों वर्षो से पुरी की तर्ज पर जगन्नाथ यात्रा निकाल रहा है अखाड़ा

अखाड़ा में एकत्र हुए। जहां सभी अखाड़ों के महंतों ने रमाशंकर दास को कंठीचादर देकर महंत नियुक्त किया। सभी महंतो ने स्टाम्प पेपर पर उन्हे स्वीकृति प्रदान की। इस मौके पर गांव व क्षेत्र के शिष्यगणों ने फूलमाला पहनाकर स्वागत किया। नवनियुक्त महंत रमाशंकर दास ने बताया कि अखाड़े की जो परम्पराएं हैं उन्हे बखूबी क्रियान्वित कराई जाएगी। यहां सैकडो वर्षों से रासलीला व भगवान जगन्नाथ रथयात्रा का आयोजन होता चला आ रहा है। जिसे अनवरत चलाते रहेंगें।

# थारू बाल विज्ञानी कर रहे नए-नए प्रयोग



**बलरामपुर।** लोकमान्य तिलक इंटर कॉलेज, पचपेड़वा, बलरामपुर में बाल विज्ञानी नए-नए प्रयोग कर रहे हैं। वे वैज्ञानिक मॉडल बनाकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं। कोई कैमरा बना रहा है तो कोई पनडुब्बी वाली दूरबीन। भारत सरकार की संस्था राष्ट्रीय विज्ञान प्रौद्योगिकी संचार परिषद तथा इंडियन साइंस कम्युनिकेशन सोसाइटी के संयुक्त तत्वावधान में जनजातीय बच्चों के लिए वैज्ञानिक गतिविधियां संबंधी कार्यक्रम में थारू समाज के करीब 200 विद्यार्थी रोचक ढंग से विज्ञान सीख रहे हैं। प्रख्यात विज्ञान संचारक डॉ. वीपी सिंह और आंचलिक विज्ञान नगरी, लखनऊ के विशेषज्ञ अभय कृष्ण व अनिल कुमार इनका मार्गदर्शन कर रहे हैं। प्रधानाचार्य राजेश कुमार सिंह एवं कार्यक्रम संयोजक राकेश कुमार चौधरी ने बताया कि इस तरह के कार्यक्रम बच्चों के लिए बहुत ही उपयोगी हैं। जल ही जीवन है, विषय पर निबंध प्रतियोगिता तथा विज्ञान प्रश्नोत्तरी में भी बच्चों में भाग लिया।

# तीन तस्करों को पुलिस ने किया गिरफ्तार, 31 किलो गांजा बरामद

●तीनों अभियुक्तों पर पहले से दर्ज हैं मुकदमे

संवाददाता। फर्रुखाबाद



**31.94** किला ग्राम नाजायज गांजे के साथ तीन तस्करों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। यह जानकारी पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने पुलिस लाइन सभागार में प्रेस वार्ता के दौरान दी। उन्होंने बताया कि मुखबिर की सूचना पर मोहम्मदाबाद कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अमरपाल सिंह एवं एसओजी प्रभारी निरीक्षक अमित गंगवार ने अपने दल बल के साथ कल रात्रि करीब 21.10 बजे थाना क्षेत्र के ग्राम सहसापुर के अपूर्वा महाविद्यालय के पास धावा बोला और वहीं पर एक कार में गांजे के साथ धर दवोचा गया। इस पकड़े गए नाजायज गांजे की कीमतअंतरराष्ट्रीय बाजार में तीन लाख 19 हजार चार सौ रुपये आंकी की गई।

उन्होंने बताया कि मैनपुरी जनपद से नाजायज गाजा ला करके उसे फर्रुखाबाद में बेच करके अच्छे पैसे कमा कर परस्पर बराबर बराबर बांटने वाले तीन बदमाशों में मैनपुरी जिले के थाना बेवर के इटावा रोड बाईपास काजीटोला निवासी गौरव पाठक उर्फमाया उम्र करीब 24 वर्ष व इसी मोहगे के निवासी शीलू खान उम्र करीब 23 वर्ष तथा इटावा जिले के थाना ऊसराहार के ग्राम कुरेला मजरा राजापुर निवासी साहूकार उम्र 58 वर्ष को गिरफ्तार कर आज जेल भेजा गया।

उन्होंने बताया कि पकड़े गए अवैध गांजा तस्करों में गौरव पर विभिन्न धाराओं में नौ मुकदमे दर्ज हैं, इसके साथ ही अभियुक्त शीलू खान पर दो तथा अभियुक्त साहूकार पर दो मुकदमे दर्ज हैं।

## क्विक न्यूज

### जन्मदिन पर किया रक्तदान व अंगदान

**फतेहपुर।** रक्तदान, नेत्रदान व अंगदान कर बिंदकी निवासी व सर्व फार ह्यूमैनिटी बिंदकी के अध्यक्ष अर्चित वर्मा व उनके दोस्त राहुल तिवारी ने दोस्ती की मिसाल पेश की। अर्चित वर्मा के जन्मदिन के अवसर में अर्चित व राहुल दोनों हर साल रक्तदान करते हैं। इस साल रक्तदान के साथ अंगदान करने की इच्छा जाहिर की। फिर क्या था दोनों एक साथ बिंदकी से जनपद आये और नऊवाबाग स्थित मानस रक्तकेन्द्र में अर्चित ने अपना सातवां व राहुल ने अपना तीसरा रक्तदान किया। कहा कि रक्तदान करने से हम किसी को जिंदगी दे सकते हैं और अंगदान करने से हम मरने के बाद भी किसी के अंदर जीवित रह सकते हैं इसलिए हमें इंसानियत के लिए रक्तदान, अंगदान व नेत्रदान करना चाहिये।

### डीएम ने पांच टीबी मरीजों को पोषक किट बांटी

**उरई, जालौन।** गुरुवार को जिलाधिकारी चांदनी सिंह ने भारतीय रेडक्रास सोसाइटी द्वारा कांशीराम कालोनी में चिकित्सा शिविर का फीता काटकर शुभारम्भ किया। जिलाधिकारी ने 5 टीवी मरीज के परिजनों को पोषण किट वितरण की, उन्होंने कहा कि टीवी मरीजों को पोषक खाना व समय से उपचार कराना ही इसका बेहतर उपचार हैं। चिकित्सा शिविर में रोगियों की जांचकर उन्हें दवा व इलाज मुहैया कराया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि निःशुल्क चिकित्सा शिविर के आयोजन का उद्देश्य है कि लोगों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना।

### दर्शन कर डीएम ने ऐतिहासिक जानकारी जुटाने के दिये निर्देश

**बिंदकी, फतेहपुर।** विकास खंड मलवा के ऐतहासिक, पौराणिक स्थल शिवराजपुर को छोटी काशी का दर्जा प्राप्त है। गुरुवार दोपहर जिलाधिकारी श्रुति आलाधिकारियो के साथ मंदिर पहुंची। उन्होंने मीरा के आराध्य गिरधर गोपाल मंदिर, ठाकुर रसिक बिहारी मंदिर जाकर दर्शन किया। यहाँ के मंदिरों को देख उन्होंने इन्हे संरक्षित करते हुए पुरातत्व विभाग व पर्यटन विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया की मीरा जी द्वारा स्थापित श्री गिरधर गोपाल जी के इतिहास को ढूंढा जाए तथा सभी कागजी साक्ष्य इकट्ठा करते हुए कोशिश की जाए इस गांव को पर्यटन विभाग द्वारा संरक्षित किया जाए जिससे इस गांव की पुरानी धरोहरों को सुरक्षित किया जा सके।

# पेज एक का शेष

## अविश्वास प्रस्ताव...

है, लेकिन जिस प्रकार से दक्षिण पूर्व एशिया देशों का विकास हो रहा है, आसियान देशों का विकास हो रहा है। वह दिन दूर नहीं जब उत्तर पूर्व वैश्विक दृष्टि से केंद्र बिंदु बनने वाला है। उन्होंने कहा कि मणिपुर में पहले भी गंभीर समस्याएं सामने आई हैं, लेकिन मिलकर रास्ते निकाले गए हैं। विपक्ष पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि राजनीति के खेल के लिए तो कम से कम मणिपुर की भूमि का इस्तेमाल नहीं करें। वहां जो हुआ वो दुखद है किंतु वहां जो हुआ, उस दर्द को समझ कर दर्द की दवाई बनकर काम करें। यही हमारा रास्ता होना चाहिए। मणिपुर में गत तीन मई से जारी अशांति की स्थिति समाप्त होने और जल्द शांति बहाल होने का विश्वास जताते हुए मोदी ने कहा कि मैं देशवासियों को आश्वस्त करना चाहता हूं कि निकट भविष्य में इस प्रदेश में शांति का सूरज उगेगा और वह नए आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि मणिपुर पर अदालत का एक फैसला आया। उसके पक्ष-विपक्ष में जो परिस्थितियां बनीं, हिंसा का दौर शुरू हो गया। कई लोगों ने अपने लोगों को खोया। महिलाओं के साथ गंभीर अपराध हुए। ये अपराध अक्षम्य हैं। दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलवाने के लिए केंद्र और राज्य सरकार मिलकर भरपूर प्रयास कर रही हैं। उन्होंने मणिपुर समेत उत्तर-पूर्व के राज्यों में वर्षों से व्याप्त विभिन्न समस्याओं के लिए कांग्रेस और उसके शासन वाली पूर्ववर्ती सरकारों को जिम्मेदार ठहराया और कहा कि पूर्वोत्तर में समस्याओं की एकमात्र जननी कांग्रेस है। उन्होंने कहा कि वहां के लोग इसके लिए जिम्मेदार नहीं हैं, कांग्रेस की राजनीति इसके लिए जिम्मेदार है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने उत्तर-पूर्व में वहां के लोगों के विश्वास की हत्या की है। उन्होंने कहा कि हमारे लिए पूर्वोत्तर जिगर का टुकड़ा है। उत्तर पूर्व से मेरा भावनात्मक लगाव रहा है। जब मैं राजनीति में नहीं था, तब भी मैंने इस क्षेत्र के चप्पे चप्पे में पैर घिसे हैं। उन्होंने कांग्रेस समेत विपक्षी दलों को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि इनकी पीड़ा, इनकी संवेदना सीमित है। मोदी ने कहा कि ये राजनीति के दायरे से बाहर आकर मानवता और देश के लिए नहीं सोच सकते। इन्हें सिर्फ राजनीति सूझती है। मोदी ने कहा कि ये वे लोग हैं, जिन्होंने तुष्टीकरण की राजनीति के लिए देश के ही नहीं, वंदे मातरम गीत के भी टुकड़े किए। उन्होंने कहा कि राम मनोहर लोहिया ने पंडित जवाहरलाल नेहरू पर गंभीर आरोप लगाए थे और कहा था कि ये कितनी लापरवाही की और कितनी खतरनाक बात है। मोदी ने कहा कि 30,000 वर्ग मील से बड़े क्षेत्र को कोल्ड स्टोरेज में बंद कर विकास से वंचित कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि मणिपुर में आज जो सरकार है वह पिछले छह साल से समर्पित तरीके से वहां की समसस्याओं को समाप्त करने के लिए काम कर रही है। मोदी ने कहा कि पहले मणिपुर में आए दिन बंद और ब्लॉकेड होते थे, लेकिन अब ये बीते दिन की बात हो चुकी है। मोदी ने कहा कि भारतीय संस्कारों से ओतप्रोत मणिपुर, अनगिनत बलिदान देने वाला मणिपुर कांग्रेस के समय अलगाववाद की आग में बलि चढ़ गया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने उत्तर पूर्व के विकास को पहली प्राथमिकता दी है और पिछले नौ वर्ष में वहां लाखों करोड़ रुपए अवसंरचना में लगाए गए हैं। मोदी ने कहा कि उत्तर पूर्व में आज आधुनिक रेलवे, आधुनिक राजमार्ग और आधुनिक विमान पत्तन वहां की पहचान हैं। उन्होंने कहा कि केंद्रीय मंत्रिमंडल में उत्तर पूर्व की भागीदारी बढ़ी है, नगालैंड से पहली बार राज्यसभा में एक महिला सदस्य आई हैं और पहली बार इतनी बड़ी संख्या में उत्तर पूर्व के लोगों को पद्म पुरस्कार प्रदान किए गए हैं।

## लोकसभा में...

प्रधानमंत्री के खिलाफ कुछ टिप्पणी की थी जिसे आसन ने तत्काल रिकॉर्ड से हटाने का निर्देश दिया। इस दौरान गृह मंत्री अमित शाह समेत सत्तापक्ष के कई सदस्यों ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की। इस दौरान गृह मंत्री अमित शाह ने चौधरी की कुछ टिप्पणियों पर आपत्ति व्यक्त करते हुए कहा कि लोकसभा अध्यक्ष ने अपील की थी कि दोनों ओर बैठे सदस्य शांति से चर्चा को सुनें और सत्ता पक्ष ने ऐसा ही किया और धैर्यपूर्वक बहस को सुना। शाह के मुताबिक अधीर रंजन चौधरी ने कहा कि संसद ने ब्रिटिश की कार्यपद्धति अपनाई है। गृह मंत्री ने कहा कि इस प्रकार से कांग्रेस नेता ने पूरे देश का अपमान किया क्योंकि संविधान सभा ने पूरी प्रक्रिया तय की है और स्वीकार की है। शाह ने कहा कि अब ये प्रयास कर रहे हैं तो इन्हें समझना चाहिए कि इनकी पार्टी ने (कांग्रेस) इन्हें बोलने का समय नहीं दिया। गृह मंत्री ने कहा कि विपक्ष के नेता अनर्गल बोल रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस सदन की गरिमा है और देश के प्रधानमंत्री के बारे में जिस प्रकार के शब्दों का उल्लेख कर रहे हैं, वो विपक्ष के नेता को शोभा नहीं देता है। इस पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने अधीर रंजन चौधरी से कहा कि आप मुद्दे पर बोलिए। भाजपा के सदस्य वीरेंद्र सिंह को इस दौरान आक्रामक होते देखा गया। इस घटनाक्रम के समय प्रधानमंत्री मोदी भी सदन में मौजूद थे। प्रधानमंत्री मोदी जब चर्चा का जवाब दे रहे थे, उस समय भी चौधरी ने कई बार टोका-टाकी की। अधीर रंजन चौधरी ने संवाददाताओं से कहा, मैंने दो बातें कीं। एक तो कहा कि राजा जब अंधा होता है, तो द्रौपदी का चीरहरण होता है। जैसे पहले हस्तिनापुर में हुआ था और अब मणिपुर में हुआ। मैंने किसी व्यक्ति का अपमान करने के लिए नहीं कहा था, एक उदाहरण के तौर पर बात की थी। चौधरी ने कहा दूसरी बात मैंने यह कही कि नीरव मोदी हिंदुस्तान को लूटकर चले गए, आज मुझे लगता है कि आपके अंदर एक और नीरव मोदी पैदा हो सकते हैं। मतलब कि मणिपुर के मुद्दे पर नीरव बैठे हैं यानी चुप्पी साधे हैं। नीरव का मतलब शांत होता है। आप शब्दकोश में यह देख सकते हैं। मोदी जी को नीरव कहने से क्या आसमान टूट पड़ा है। उन्होंने दावा किया, वीरेंद्र सिंह मुझे मारने के लिए मेरी सीट तक आ गए, मैंने कुछ नहीं कहा। चर्चा पर प्रधानमंत्री के जवाब के बाद केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा, जब प्रधानमंत्री, मंत्री बोलते हैं या कोई चर्चा होती है तो कांग्रेस के नेता (चौधरी) जानबूझकर व्यवधान पैदा करने की कोशिश करते हैं...उनको इसकी आदत हो गई है। यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है क्योंकि वह इस सदन की सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी कांग्रेस के नेता हैं। जोशी ने कहा, बार-बार कहने पर भी उन्होंने सुधार नहीं किया। वह आधारहीन आरोप लगाते हैं। देश की छवि कम करने की कोशिश करते हैं, जबकि उनके आरोप में कोई तथ्य नहीं होता। कभी क्षमा नहीं मांगते। उन्होंने कहा, कल गृह मंत्री के बोलने के समय भी उन्होंने ऐसा किया था।

## पीएम ने...

यादव ने कहा कि अविश्वास प्रस्ताव के पीछे का कारण मणिपुर की स्थिति को उजागर करना था जहां कई महिलाओं के साथ बलात्कार किया गया था और बच्चे मारे गए, लेकिन प्रधानमंत्री मणिपुर के लोगों के साथ खड़े नहीं हुए। इसीलिए विपक्ष ने वाकआउट किया। राजद के राज्यसभा सांसद मनोज झा ने कहा कि उन्हें लगा था कि पीएम मोदी मणिपुर पर बोलेंगे और वैसा ही हुआ, लेकिन हमने क्या देखा? टिप्पणियां, चुटकुले और व्हाट्सएप बातचीत, पीएम मोदी से ऐसी उम्मीद नहीं थी। डीएमके सांसद कनिमोझी ने कहा कि पीएम मोदी ने मणिपुर के लोगों की चिंताओं का समाधान नहीं किया। रवोल्यूशनरी सोशलिस्ट पार्टी आरएसपी के सांसद एनके प्रेमचंद्रन कहते हैं कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि पीएम मोदी मणिपुर पर एक शब्द भी नहीं बोल रहे हैं। वहां हिंसा अभी भी जारी है। इसीलिए हमने वाकआउट किया। सीपीआई सांसद बिनॉय विश्वम ने कहा कि उस भाषण में क्या था? कुछ नहीं के बारे में बहुत कुछ, रोष और शोर से भरा। उम्मीद करते हैं कि प्रधानमंत्री एक स्टेट्समैन के स्तर तक उठेंगे, क्योंकि यह एक लोकतंत्र की महान परंपरा वाला महान देश है।

## निर्वाचन आयुक्तों...

निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्ति को कार्यपालिका के हस्तक्षेप से बचाना है। न्यायालय ने फैसला दिया था कि उनकी नियुक्तियां प्रधानमंत्री, लोकसभा में विपक्ष के नेता और प्रधान न्यायाधीश की सदस्यता वाली एक समिति की सलाह पर राष्ट्रपति द्वारा की जाएंगी। न्यायमूर्ति के एम जोसेफ की अध्यक्षता वाली पांच-न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने सर्वसम्मत फैसले में कहा था कि यह मानदंड तब तक प्रभावी रहेगा जब तक कि इस मुद्दे पर संसद में कोई कानून नहीं बन जाता। उच्चतम न्यायालय के फैसले से पहले, मुख्य निर्वाचन आयुक्त और अन्य निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्ति सरकार की सिफारिश पर राष्ट्रपति द्वारा की जाती थी। सरकार के इस कदम पर वरिष्ठ वकील प्रशांत भूषण ने कहा कि अगर यह विधेयक संसद से पारित हो जाता है, तो उनके विचार में यह 'असंवैधानिक' होगा और उच्चतम न्यायालय द्वारा इसे रद्द किए जाने की संभावना है। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि उन्होंने हमेशा कहा है कि मौजूदा केंद्र सरकार उच्चतम न्यायालय के ऐसे किसी भी आदेश को पलट देगी जो उसे पसंद नहीं आएगा। कांग्रेस महासचिव (संगठन) के सी वेणुगोपाल ने सरकार पर निशाना साधा और इसे 'निर्वाचन आयोग को प्रधानमंत्री के हाथों की कठपुतली बनाने का प्रयास' बताया।

## नहीं बढ़ेगी...

के लिए कड़े कदम उठाने के संकेत दिए। उन्होंने कहा कि हमारी बढ़ती महंगाई पर नजर है और अगर यह लंबे समय तक ऊंचे स्तर पर रहती है, तो नए कदम उठाने की जरूरत पड़ सकती है। हाल में टमाटर समेत अन्य सब्जियों और अनाज एवं खाद्य वस्तुओं के दाम में तेजी से खुदरा मुद्रास्फीति बढ़ी है। मानसून और मौसम संबंधित बाधाओं के साथ सरकार के महंगाई को काबू में लाने के उपाय तथा वैश्विक स्तर पर खाद्य आपूर्ति रुख मुद्रास्फीति की स्थिति को प्रभावित करेगा। आरबीआई के आक्रामक रुख का संकेत बैंकों से अतिरिक्त नकदी लेने के उठाया गया कदम भी है। केंद्रीय बैंक ने इसके लिए पिछले तीन महीने में वृद्धिशील एनडीटीएल (शुद्ध मांग और देनदारी) यानी जमा पर वृद्धिशील नकद आरक्षित अनुपात (आई-सीआरआर) को 10 प्रतिशत तक बढ़ाया गया है। इससे बैंकों में 2,000 रुपए के नोट वापस आने और आरबीआई से सरकार को मिले बड़े लाभांश से जो नकदी बढ़ी है, उसे बैंकों से हटाने में मदद मिलेगी। आई-सीआरआर की समीक्षा आठ सितंबर या उससे पहले की जाएगी। दास ने कहा कि इस कदम से बैंकों से करीब एक लाख करोड़ रुपए की नकदी हटने की उम्मीद है। इससे उत्पादक क्षेत्रों की नकदी जरूरत पर कोई असर नहीं पड़ेगा। उन्होंने कहा, मुद्रास्फीति को लेकर अभी काम खत्म नहीं हुआ है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में खाद्य वस्तुओं, ऊर्जा के दाम में उतार-चढ़ाव तथा भू-राजनीतिक तनाव बने रहने तथा मौसम संबंधित अनिश्चितताओं के कारण मुद्रास्फीति को लेकर जोखिम बना हुआ है। आरबीआई ने खाद्य वस्तुओं के दाम के कारण उत्पन्न दबाव का हवाला देते हुए चालू वित्त वर्ष के लिए मुद्रास्फीति का अनुमान 5.1 प्रतिशत से बढ़ाकर 5.4 प्रतिशत कर दिया है। जुलाई-सितंबर तिमाही में महंगाई दर 6.2 प्रतिशत रहने का अनुमान है जो पहले के 5.2 प्रतिशत के अनुमान से ज्यादा है। उन्होंने कहा, अगर असामान्य झटके बने रहते हैं, तो हमें कार्रवाई करनी होगी। केंद्रीय बैंक को दो प्रतिशत घट-बढ़ के साथ खुदरा मुद्रास्फीति को चार प्रतिशत पर रखने की जिम्मेदारी मिली हुई है। आरबीआई ने जून और अप्रैल की पिछली मौद्रिक नीति समीक्षा बैठकों में भी रेपो दर में बदलाव नहीं किया था। इससे पहले मुख्य रूप से मुद्रास्फीति को काबू में लाने के लिए पिछले साल मई से लेकर कुल छह बार में रेपो दर में 2.50 प्रतिशत की वृद्धि की गई थी। डीबीएस ग्रुप रिसर्च की कार्यकारी निदेशक और वरिष्ठ अर्थशास्त्री राधिका राव ने कहा कि एमपीसी की मौद्रिक नीति समीक्षा में नीतिगत दर को जरूर यथावत रखा गया है, लेकिन इसका रुख आक्रामक दिखता है। खुदरा मुद्रास्फीति इस साल मई में 4.3 प्रतिशत रही जो सब्जियों के दाम में तेजी से जून में बढ़ी है और जुलाई-अगस्त में इसमें और वृद्धि की आशंका है। दास ने कहा, जुलाई महीने में मुख्य रूप से सब्जियों के दाम में तेजी से खाद्य मुद्रास्फीति बढ़ी। टमाटर की कीमतों में उछाल के साथ अनाज एवं दाल के दाम चढ़ने से भी महंगाई बढ़ी है। ऐसे में निकट भविष्य में मुद्रास्फीति और बढ़ सकती है। गवर्नर ने कहा कि पूर्व के अनुभवों के आधार पर सब्जियों के दाम में कुछ महीनों में सुधार का रुख देखने को मिल सकता है। इसके अलावा मानसून की अच्छी प्रगति से खरीफ फसलों की स्थिति बेहतर है। हालांकि, मौसम की स्थिति और अल नीनो की आशंका को देखते हुए घरेलू खाद्य कीमतों को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है। आर्थिक वृद्धि के बारे में दास ने कहा कि वैश्विक अर्थव्यवस्था के स्तर पर ऊंची मुद्रास्फीति, कर्ज में वृद्धि तथा तंग और उतार-चढ़ाव वाली वित्तीय स्थिति तथा भू-राजनीतिक तनाव को लेकर चिंता बरकरार है। उन्होंने कहा, इन चिंताओं का ज्यादातर विकसित और उभरती अर्थव्यवस्थाओं की वृद्धि पर असर पड़ने की आशंका है। हालांकि, भारत अन्य देशों के मुकाबले इससे निपटने के लिए बेहतर स्थिति में है। दास ने कहा, देश में आर्थिक गतिविधियां सकारात्मक बनी हुई हैं। आपूर्ति के मोर्चे पर फसल बुवाई तेज हुई है। हाल के औद्योगिक उत्पादन सूचकांक और बुनियादी उद्योगों के प्रदर्शन और विनिर्माण के लिए पीएमआई (परचेजिंग मैनेजर इंडेक्स) आंकड़े बेहतर रहने के साथ औद्योगिक गतिविधियां मजबूत हैं। उन्होंने कहा, इन सब चीजों को देखते हुए जीडीपी वृद्धि दर चालू वित्त वर्ष में 6.5 प्रतिशत रहने का अनुमान है। वृद्धि को लेकर जोखिम दोनों तरफ बराबर है। जीडीपी वृद्धि दर पहली तिमाही में 8.0 प्रतिशत, दूसरी तिमाही में 6.5 प्रतिशत, तीसरी तिमाही में 6.0 प्रतिशत और चौथी तिमाही में 5.7 प्रतिशत रहने का अनुमान है। मौद्रिक नीति समीक्षा में अन्य घोषणाओं में उपभोक्ताओं के हितों के संरक्षण के मकसद से कर्ज की समान मासिक किस्तों (ईएमआई) के ब्याज दर निर्धारण में अधिक पारदर्शिता लाने की पहल की गई है। इसके तहत, आरबीआई ने ईएमआई आधारित परिवर्तनशीन (फ्लोटिंग) ब्याज ब्याज दरों के पुनर्निर्धारण के लिए एक पारदर्शी ढांचा तैयार करने का प्रस्ताव किया है। इसके तहत, आरबीआई के दायरे में आने वाली इकाइयों को कर्जदाताओं को कर्ज की मियाद औराया ईएमआई फिर से तय करने के बारे में जानकारी देनी होगी। साथ ही परिवतर्नशील ब्याज से निश्चित (फिक्स्ड रेट) ब्याज दर का विकल्प चुनने या कर्ज समय से पहले खत्म करने का विकल्प देना होगा। साथ ही इन विकल्पों के लिए लगने वाले शुल्क की जानकारी भी स्पष्ट रूप से देनी होगी।

## न्यूजक्लिकः ईडी...

बयान भी शामिल हैं। ठाकुरता ने बताया कि ईडी ने इस जांच के तहत उनसे पहले भी पूछताछ की है और वह मई, 2018 से न्यूजक्लिक के सलाहकार रहे हैं। उन्होंने कहा, हालाकि, मैं न तो न्यूजक्लिक का कर्मचारी, शेयरधारक या संपादकीय बोर्ड का हिस्सा हूं। मैं एक स्वतंत्र पत्रकार हूं और मैंने कई समाचार संस्थानों के लिए लिखा और योगदान दिया है। ठाकुरता ने कहा, मुझे जो राशि दी गई (न्यूजक्लिक द्वारा) वह पिछले पांच वर्षों में समय-समय पर बदलती रही है। ऐसे कई महीने रहे हैं जब मैंने कोई बिल नहीं भेजा... मैं केवल इतना कह सकता हूं कि बताई गई राशि काफी बढ़ी हुई प्रतीत होती है। मुझे उम्मीद है कि मुझे 72 लाख रुपए मिल गए होंगे। करात और सीतलवाड ने उन्हें भेजे गए सवालों का जवाब नहीं दिया। माकपा ने एक बयान में दुबे पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि वामपंथियों को बदनाम करने का अभियान चल रहा है क्योंकि वह भाजपा की सांप्रदायिक विचारधारा की लगातार मुखर प्रतिद्वंद्वी बनी हुई है। सूत्रों के अनुसार, ईडी ने अपनी तलाशी और सबूत जुटाने की कवायद के दौरान कई ई-मेल प्राप्त किए हैं। जनवरी, 2021 में करात (75) ने सिंघम के साथ कथित तौर पर ई-मेल का आदान-प्रदान किया और इस बारे में बात की कि भारत सरकार चीन से निवेश और आयात को प्रतिबंधित कर रही है जिससे हमारे देश को और अधिक नुकसान होगा। एक चीनी अखबार में उनकी पार्टी का कवरेज और कुछ अन्य विषयों पर बातचीत का भी विवरण है।

## एलजी ने...

है। भारत सरकार के स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने खाद्य सुरक्षा और मानक (बिक्री पर निषेध और प्रतिबंध) विनियम, 2011 के तहत किसी भी खाद्य उत्पाद में सामग्री के तौर पर उपयोग किए जाने वाले तंबाकू और निकोटीन युक्त उत्पादों की बिक्री को प्रतिबंधित कर दिया है। अधिकारी ने बताया कि दिल्ली सरकार का खाद्य सुरक्षा विभाग प्रतिबंध बढ़ाने संबंधी अधिसूचना शीघ्र जारी करेगा। उन्होंने कहा, यह कदम तंबाकू (सुगंधित,किसी अन्य स्वाद वाली आदि)के उत्पादन, भंडारन,वितरण और बिक्री पर रोक लगाएगा....। उन्होंने कहा कि इन प्रतिबंधित उत्पादों में पैकटबंद अथवा खुले तंबाकू उत्पाद शामिल हैं और यह रोक एक वर्ष जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि इस वर्ष अप्रैल में दिल्ली उच्च न्यायालय ने भी राष्ट्रीय राजधानी में गुटखा, पान मसाला, सुगंधित तंबाकू और इसी तरह के उत्पादों के निर्माण, भंडारण और बिक्री पर खाद्य सुरक्षा आयुक्त द्वारा लगाए गए प्रतिबंध की पुष्टि की थी। इससे पहले रोक संबंधी अधिसूचना 2015 से 2021 तक के लिए जारी की गई थी।

## मणिपुर में...

कुकी समुदाय के उपद्रवियों के एक समूह ने महिला के घर सहित कई घरों में आग लगा दी। अफरा-तफरी के बीच महिला ने भागने की कोशिश की। पुलिस ने प्राथमिकी के हवाले से बताया कि हालांकि, लगभग आधा किलोमीटर तक भागने के बाद, महिला को कुछ लोगों ने रोका और उसका यौन उत्पीड़न किया। मणिपुर में जनजातीय समुदाय की दो महिलाओं को निर्वस्त्र घुमाने और उनके साथ छेड़छाड़ करने का एक वीडियो सामने आने के बाद राज्य में तनाव और बढ़ गया है। मणिपुर में अनुसूचित जनजाति का दर्जा देने की मेइती समुदाय की मांग के विरोध में पर्वतीय जिलों में तीन मई को आदिवासी एकजुटता मार्च के आयोजन के बाद राज्य में भड़की जातीय हिंसा में अब तक 160 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है।

# पाकिस्तान में नेशनल असेंबली भंग

## ● प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने विपक्षी नेता से की चर्चा

**भाषा।** इस्लामाबाद

**पाकिस्तान** के राष्ट्रपति आरिफ अल्वी ने नेशनल असेंबली को इसकी निर्धारित अवधि से तीन दिन पहले ही औपचारिक रूप से भंग कर दिया। इस साल के अंत में आम चुनाव होने तक देश चलाने के लिए एक कार्यवाहक प्रधानमंत्री नियुक्त करने के प्रयास जारी हैं। राष्ट्रपति आरिफ अल्वी ने निवर्तमान प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की सलाह पर बुधवार को नेशनल असेंबली को भंग कर दिया, जिससे मौजूदा सरकार का कार्यकाल निर्धारित अवधि से तीन दिन पहले ही समाप्त हो गया। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने इस साल के अंत में आम चुनाव कराने के लिए कार्यवाहक प्रधानमंत्री के नाम को लेकर बृहस्पतिवार को विपक्ष के नेता के साथ औपचारिक परामर्श किया। कार्यवाहक प्रधानमंत्री की नियुक्ति होने तक शरीफ प्रधानमंत्री के रूप में अपने कर्तव्यों का पालन करते रहेंगे। राष्ट्रपति कार्यालय प्रेसिडेंशियल पैलेस द्वारा जारी असेंबली को भंग करने की अधिसूचना में कहा गया है कि नेशनल असेंबली को संविधान के अनुच्छेद 58 के तहत भंग कर दिया गया है। अनुच्छेद 58 के अनुसार, अगर राष्ट्रपति प्रधानमंत्री की सिफारिश के 48 घंटे के भीतर असेंबली को भंग करने में विफल रहते हैं, तो असेंबली स्वत: ही भंग हो जाती है। राष्ट्रपति अल्वी ने एक बयान में कहा, अधिसूचना के छठे पैरा में प्रधानमंत्री की सलाह स्वीकृत की जाती है।



### पाकिस्तान : इमरान खान की पार्टी मना रही है धन्यवाद एवं मुक्ति दिवस

**इस्लामाबाद।** जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) सत्तारूढ़ पाकिस्तान डेमोक्रेटिक मूवमेंट (पीडीएम) सरकार का 16 महीने का कार्यकाल खत्म होने पर बृहस्पतिवार को धन्यवाद और मुक्ति दिवस (थैंक्सगिविंग एंड सैल्वेशन डे) मना रही है। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की सलाह पर बुधवार को राष्ट्रपति आरिफ अल्वी ने संसद के निचले सदन नेशनल असेंबली को उसके पांच साल के संवैधानिक कार्यकाल की समाप्ति से तीन दिन पहले भंग कर दिया। शहबाज शरीफ कार्यवाहक प्रधानमंत्री की नियुक्ति होने तक प्रधानमंत्री पद पर सेवाएं देते रहेंगे।

### प्रधानमंत्री की नियुक्ति के लिए विमर्श शुरू करेंगे

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के निवर्तमान प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ नेशनल असेंबली के भंग होने के बाद बृहस्पतिवार को परामर्श शुरू करेंगे और चुनाव की निगरानी को लेकर अंतरिम प्रधानमंत्री के नाम को अंतिम रूप देने के लिए विपक्ष के नेता राजा रियाज से मुलाकात करेंगे। राष्ट्रपति डॉ. आरिफ अलीव ने प्रधानमंत्री की सलाह पर बुधवार को नेशनल असेंबली को उसके वैधानिक कार्यकाल की समाप्ति से पहले भंग कर दिया। पाकिस्तान निर्वाचन आयोग (ईसीपी) को चुनाव आयोजित करने के लिए अतिरिक्त समय देने के मकसद से यह कदम उठाया गया है। सूत्रों ने पीटीआई को बताया कि प्रधानमंत्री शहबाज अंतरिम नेता के नाम पर चर्चा करने के लिए विपक्ष के नेता रियाज से मुलाकात करेंगे। दोनों नेताओं के पास एक नाम पर सहमति बनाने के लिए तीन दिन का समय है।

## अमेरिका-दक्षिण कोरिया युद्धाभ्यास: उत्तर कोरिया ने सेना से युद्ध रणनीतियों पर तेजी से अमल को कहा

**भाषा।** सियोल

**अमेरिका और** दक्षिण कोरिया द्वारा बड़े पैमाने पर संयुक्त रूप से सैन्य अभ्यास की तैयारियों के बीच उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने अपनी सेना को युद्ध रणनीतियों पर तेजी से अमल का आदेश दिया तथा सीमावर्ती इकाइयों के युद्ध अभियानों के विस्तार पर हस्ताक्षर किए। उत्तर कोरिया की आधिकारिक समाचार एजेंसी की एक खबर से यह जानकारी मिली। दोनों देशों के अभ्यास को हमले की तैयारी बताते हुए किम ने अपनी सेना से हथियार परीक्षण को और तेज करने को कहा। वर्ष 2022 की शुरुआत से 100 से अधिक मिसाइल का परीक्षण किया गया है जिससे कोरियाई प्रायद्वीप में तनाव बढ़ गया है। विशेषज्ञों का कहना है कि किम के अपनी सेना को इस आदेश का उद्देश्य अमेरिका को उत्तर कोरिया के परमाणु शक्ति के रूप में स्वीकार करने के लिए मजबूर करना है ताकि वह अंतत: मजबूत स्थिति से आर्थिक और सुरक्षा रियायतों पर बातचीत कर सके। किम के नेतृत्व में उत्तर कोरिया की सत्तारूढ़ वर्कर्स पार्टी के केंद्रीय सैन्य आयोग की बृहस्पतिवार को बैठक हुई। उत्तर कोरिया की कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी (केसीएनए) ने कहा कि देश की अग्रिम पंक्ति की इकाइयों को बढ़ावा देने और नई रणनीतियों तथा हथियारों को शामिल करने के लिए युद्ध अभ्यास तेज करने की बातचीत के बाद किम ने महत्वपूर्ण सैन्य उपायों को लागू करने के आदेश पर हस्ताक्षर किए। बैठक के दौरान, किम ने इस बात पर जोर दिया कि सेना को अपनी परमाणु प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत करने और लड़ाकू इकाइयों में उन हथियारों की तेजी से तैनाती के लिए अधिक शक्तिशाली हमले के साधन हासिल करने चाहिए। केसीएनए के मुताबिक किम ने देश के रक्षा उद्योग से विभिन्न हथियारों और प्रणालियों का बड़े पैमाने पर उत्पादन बढ़ाने तथा सेना से उन प्रणालियों को शामिल करने का आह्वान किया। बैठक की तस्वीरों में किम कोरियाई प्रायद्वीप के धुंधले नक्शे में स्थानों की ओर इशारा करते हुए दिख रहे हैं।

## श्री श्री रविशंकर, अभिनेत्री सामंथा, जैक्लीन न्यूयॉर्क में एफआईए इंडिया डे परेड का नेतृत्व करेंगे

**न्यूयॉर्क (अमेरिका)।** आध्यात्मिक नेता श्री श्री रविशंकर तथा भारतीय अभिनेत्री सामंथा रूथ प्रभु और जैक्लीन फर्नांडीज इस महीने के आखिर में भारत के स्वतंत्रता दिवस का जश्न मनाने के लिए एक प्रमुख प्रवासी संगठन द्वारा आयोजित वार्षिक परेड का नेतृत्व करेंगे। न्यूयॉर्क, न्यूजर्सी कनेक्टिकट और न्यू इंग्लैंड के फेडरेशन ऑफ इंडियन एसोसिएशन (एफआईए) ने कहा कि इस साल की परेड का विषय जीवन का मिशन रखा गया है, जो उन मूल्यों और आकांक्षाओं का प्रतीक है जिनसे एक राष्ट्र और व्यक्ति के रूप में हमारे मार्ग को दिशा मिलती है। एफआईए ने कहा कि प्रसिद्ध योग गुरु और आध्यात्मिक नेता श्री श्री 20 अगस्त को मैनहट्टन में 41वीं इंडिया डे परेड के लिए मार्च का नेतृत्व करेंगे, जबकि जैक्लीन फर्नांडीज सम्मानित अतिथि और सामंथा रूथ प्रभु परेड में मुख्य अतिथि होंगी। परेड यहां मैडिसन एवेन्यू से होकर गुजरेगी। न्यूयॉर्क शहर के मध्य मे होने वाली वार्षिक परेड भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विविधता और विरासत को दर्शाती है, जब क्षेत्र के प्रवासी और भारतीय-अमेरिकी समुदाय के सदस्य भारत के स्वतंत्रता दिवस का जश्न मनाने के लिए परंपरागत परिधान पहनकर मैडिसन एवेन्यू पर आते हैं। भारतीय झंडे और बैनर लेकर सैकड़ो पुरुष, महिलाएं और बच्चे परेड, झांकियो और अन्य उत्सवो का आनंद लेने के लिए मैडिसन एवेन्यू पर फुटपाथो पर कतार में खड़े रहते है। प्रवासी भारतीयो से इस उत्सव का हिस्सा बनने का आह्वान करते हुए एफआईए ने कहा, आधुनिक भारत की प्रगति और विकास का जश्न मनाएं क्योंकि हम शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा से लेकर पर्यावरणीय स्थिरता तक विभिन्न मिशनो की दिशा मे काम कर रहे है। वैश्विक मंच पर भारत की भूमिका और शांति, सहयोग तथा अंतरराष्ट्रीय मित्रता के लिए वैश्विक मंच पर भारत की भूमिका के बारे में जानें। इस साल की परेड मे भारत की समृद्ध कलात्मक विरासत की झलक पेश करती नृत्य, संगीत और नाट्य प्रस्तुतियो के अलावा मुख्य आकर्षण मोटे अनाज श्रीअन्न पर विशेष पवेलियन होगा जो स्वास्थ्य एवं बेहतर जीवनशैली के लिए इन अनाजो का महत्व बताएगा।

### देशभक्ति गीतों से सजेगा बेस्ट डांस शो

**मुंबई।** इंडियाज़ बेस्ट डांसर 3 में अभिषेक बच्चन ने खुलासा किया कि उन्होंने सोनाली बेंद्रे और गोल्डी बहल की प्रेम कहानी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी इस वीकेंड में सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविज़न का होमग्रोन डांस रियलिटी शो इंडियाज़ बेस्ट डांसर 3 बहुत धूमधाम से भारतीय स्वतंत्रता की 76वीं वर्षगांठ का भव्य उत्सव मनाएगा। क्योंकि प्रतियोगी अपने कोरियोग्राफर्स के साथ आज़ादी की कहानी विशेष में देशभक्ति गीतों में डांस करते हुए श्रद्धांजलि देंगे। मंत्रमुग्ध कर देने वाले डांस एक्ट के माध्यम से देशभक्ति की भावना जगाते हुएए इस विशेष एपिसोड में ष्घूमरष् की स्टार कास्ट . अभिषेक बच्चन और सैयामी खेर शामिल होंगी। इतना ही नहींए प्रतिष्ठित सिंगर, महालक्ष्मी अय्यर, कविता सेठ, शान, बिक्रम घोष और हरिहरन की उपस्थिति से शो का स्तर और भी ऊंचा हो जाएगाए जो अपने आगामी गीत ये देश को प्रमोट करने के लिए आएंगे। यह एपिसोड दर्शकों को इतिहास के भावुक करने वाले सफर पर ले जाएगा क्योंकि शो के प्रतिभाशाली प्रतियोगीए अपने कोरियोग्राफ़र्स के साथ, हमारे पूज्यनीय और प्रतिष्ठित लीडर्स की कहानियों पर प्रकाश डालेंगे जिन्होंने क्रांति और परिवर्तन लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। देशभक्ति की भावना के साथए ये खूबसूरत और दिल को छू लेने वाले परफॉर्मेंस देखने लायक होंगे क्योंकि देशभक्ति की भावना अपने पूरे चरम पर होगी!

### पाकिस्तान के गृह मंत्री ने अमेरिकी मीडिया की खबर की स्रोत प्रामाणिकता की जांच का आह्वान किया

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के निवर्तमान गृह मंत्री मंत्री राणा सनाउल्लाह ने एक अमेरिकी प्रकाशन की उस खबर मे इस्तेमाल किए गए स्रोत दस्तावेज की प्रामाणिकता निर्धारित करने के लिए जांच का आह्वान किया जिसमे पिछले साल इमरान खान की सरकार को गिराने की अमेरिकी साजिश के सबूत होने का दावा किया गया था। सनाउल्लाह ने सिलसिलेवार ट्वीट कर कहा, यह एक बहुत ही भयानक, विश्वासघाती और देशद्रोही कृत्य है। इस कहानी में हालांकि कुछ भी नया नही है, लेकिन जानकारी या स्रोत दस्तावेज की प्रामाणिकता जानने के लिए जांच की जानी चाहिए। सनाउल्लाह अमेरिका के एक ऑनलाइन समाचार संगठन द इंटरसेप्ट में प्रकाशित एक खबर का जिक्र कर रहे थे, जिसमे दावा किया गया था कि उस गुप्त दस्तावेज को प्राप्त कर लिया गया है, जो पूर्व प्रधानमंत्री खान के अनुसार, पिछले साल अप्रैल मे उनकी सरकार के पतन का कारण बना था। खान (70) वर्तमान मे भ्रष्टाचार के एक मामले में अदालत द्वारा सजा सुनाए जाने के बाद तीन साल की जेल की सजा काट रहे है। दक्षिण और मध्य एशियाई मामलों के ब्यूरो के सहायक सचिव डोनाल्ड लू और पाकिस्तानी दूत असद मजीद खान सहित अमेरिकी विदेश विभाग के अधिकारियो के बीच एक बैठक का कथित साइफर (गुप्त राजनयिक केबल) मे विवरण था।

### नाइजर की स्थिति पर बैठक की योजना बना रहे हैं पश्चिम अफ्रीकी देशों के नेता

**नियामी।** पश्चिम अफ्रीकी देशो के नेता नाइजर के सैन्य शासन द्वारा तय सीमा बीतने के बावजूद अपदस्थ राष्ट्रपति को बहाल न किए जाने के बाद बृहस्पतिवार को बैठक कर सकते है। बहरहाल, विश्लेषको का कहना है कि पश्चिम अफ्रीकी देशो के आर्थिक समुदाय के पास विकल्प कम हो सकते है क्योंकि सैन्य हस्तक्षेप के लिए समर्थन कम होता जा रहा है। नाइजर में दो सप्ताह पहले सेना ने लोकतांत्रिक रूप से निर्वाचित राष्ट्रपति मोहम्मद बजौम का तख्तापलट कर दिया था जिन्होंने इस्तीफा देने से इनकार कर दिया है और वह नजरबंद है। जुंटा ने बुधवार रात को नई सरकार का एलान किया। इनमे आधे से ज्यादा पदो पर नागरिको की नियुक्ति की गई है जबकि बाकी पद पर सैन्य नियुक्तियां की गई है। अंतरराष्ट्रीय समुदाय इस देश के नेतृत्व संकट का शांतिपूर्ण हल निकालने की कोशिश कर रहे है। पड़ोसी देश नाइजीरिया के एक सुरक्षा विश्लेषक ओलादिदे आरियो ने कहा, आपको बता दूं कि अगर कोई भी तख्तापलट 24 घंटे के बाद भी सफल रहता है तो वह बना रहता है। इसलिए उनसे बातचीत उनकी शर्तो पर ही की जाएगी। नाइजीरिया के राष्ट्रपति पश्चिम अफ्रीकी देशो के आर्थिक समुदाय का नेतृत्व कर रहे है। बुधवार को नाइजीरिया के एक प्रतिनिधिमंडल ने जुंटा नेता जनरल अब्दुर्हमान त्चियानी से मुलाकात की।

### चीन ने ताइवान की ओर नौसेना के जहाज और लड़ाकू विमान भेजे

**ताइपे।** चीन ने ताइवान पर सैन्य दबाव बनाए रखने के लिए अपने नौसेना पोतो के साथ-साथ लड़ाकू विमानो का एक बड़ा बेड़ा द्वीपीय देश की ओर भेजा है। ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। चीन स्व-शासित ताइवान को लगातार अपना क्षेत्र होने का दावा करता है तथा यहां की राजनीतिक गतिविधियो के जवाब मे अक्सर ताइवान की ओर विमानों को भेजता रहता है। चीन ने बीते वर्ष द्वीप के पास नौसेना के पोत और ड्रोन भी भेजे है। ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि चीनी पीपुल्स लिबरेशन आर्मी ने बुधवार सुबह छह बजे से बृहस्पतिवार सुबह छह बजे के बीच 33 युद्धक विमान और नौसेना के छह जहाज भेजे। उन्होंने बताया कि जे-10 और जे-16 जैसे लड़ाकू विमानो ने ताइवान के दक्षिण-पश्चिम में उड़ाने भरी।

### लेबनान के कार्यवाहक रक्षा मंत्री की कार पर हमला, कोई घायल नहीं

**बेरूत।** लेबनान के कार्यवाहक रक्षा मंत्री मॉरिस सलीम के काफिले पर बृहस्पतिवार को की गई गोलीबारी मे उनकी कार पर दो गोलियां लगी। हालांकि, इस हमले मे कोई घायल नही हुआ। सलीम ने एक संक्षिप्त बयान जारी कर बेरूत के पास हजमेह मे अपने काफिले पर गोलीबारी होने की पुष्टि की, लेकिन उन्होंने घटना के संबंध में कोई और जानकारी नही दी। लेबनान के एक वरिष्ठ अधिकारी ने नाम न जाहिर करने की शर्त पर बताया कि इस बात की जांच की जा रही है कि क्या कार्यवाहक रक्षा मंत्री सलीम हमलावरो के निशाने पर थे। वही, पास के उपनगर घोबेरी में हिजबुल्लाह समूह के एक सदस्य का अंतिम संस्कार किया गया।

# यूक्रेन में रूस के रॉकेट हमले में तीन लोगों की मौत

## ● रूस ने लगातार दूसरे दिन मास्को की ओर जा रहे ड्रोन को गिराया

**भाषा।** टालीन

**यूक्रेन के** जापोरीझिया शहर में बुधवार को रूस के एक रॉकेट हमले में तीन लोगों की मौत हो गई और कम से कम सात अन्य घायल हो गए। यूक्रेन के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। जिस स्थान पर हमला हुआ है वह यूरोप के सबसे बड़े परमाणु ऊर्जा संयंत्र के समीप स्थित है। संयंत्र के आसपास गोलाबारी से यहां लगातार परमाणु दुर्घटना की आशंका बनी हुई है। क्षेत्रीय गवर्नर यूरी मालाश्को ने टेलीग्राम पर बताया कि हमले में एक आवासीय क्षेत्र को नुकसान पहुंचा है। ऐसे में मरने वालों की संख्या बढ़ सकती है। इसी बीच, रूस के अधिकारियों ने कहा कि उत्तरी मॉस्को में एक भीषण धमाके में रूसी सुरक्षाबलों के लिए ऑप्टिकल उपकरण बनाने वाली फैक्टरी जमींदोज हो गई, जिसमें एक की मौत गई और लगभग 60 लोग घायल है। रूसी अधिकारियों ने सर्गिएव पोसाद शहर में हुए विस्फोट का कोई कारण नहीं बताया है। इससे पहले, अधिकारियों ने दावा किया था कि रूस की वायु रक्षा प्रणाली ने बीती रात मॉस्को को निशाना बनाने आए दो ड्रोन को मार गिराया। उनका दावा था कि यूक्रेन ने रूस की राजधानी पर हमले की कोशिश की थी। वहीं यूक्रेन द्वारा रूसी प्रतिष्ठानों को निशाना बनाए जाने के बीच रूस की वायु रक्षा प्रणालियों ने बृहस्पतिवार को लगातार दूसरे दिन मास्को की ओर जा रहे दो ड्रोन को मार गिराया। रूस के अधिकारियों ने कहा कि हमले के कारण दो अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों पर उड़ानें बाधित हो गईं। मास्को के मेयर सर्गेई सोबयानिन और रूसी रक्षा मंत्रालय ने यूक्रेन पर हमले का आरोप लगाते हुए कहा कि एक ड्रोन को मास्को के दक्षिण-पश्चिम में कलुगा क्षेत्र में और दूसरे को मास्को रिंग रोड के पास मार गिराया गया। फिलहाल किसी के हताहत होने या नुकसान की सूचना नहीं मिली। रूसी समाचार एजेंसियों के अनुसार, शहर के दक्षिण में दोमोदेदोवो हवाई अड्डे ने दो घंटे से अधिक समय तक और शहर के दक्षिण-पश्चिम में वनुकोवो हवाई अड्डे ने ढाई घंटे से अधिक समय तक उड़ानें रोक दीं तथा आने वाले कुछ विमानों को अन्य हवाई अड्डों पर भेज दिया। यह स्पष्ट नहीं है कि ड्रोन ने कहां से उड़ान भरी थी।



### पोलैंड ने बेलारूस के साथ अपनी सीमा पर 10,000 सैनिकों को तैनात करने की योजना बनाई

**वारसॉ।** पोलैंड ने बेलारूस के साथ अपनी सीमा पर 10,000 सैनिक तैनात करने की योजना बनाई है। पोलैंड के रक्षा मंत्री मारियस ब्लास्ज़क ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। दरअसल, वारसॉ को बेलारूस मे मौजूद रूस से संबंधित घुसपैठियो की मौजूदगी और बिना अनुमति के सीमा पार करने की कोशिश करने वाले प्रवासियो को लेकर चिंता है। पोलैंड की सेना ने कहा कि वह बेलारूस की सीमा के पास एक मिसाइल के लापता हुए फ्यूज की तलाश कर रही है, लेकिन इससे कोई खतरा नही है। सेना ने कहा कि सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए विशेष उपकरणो का उपयोग करते हुए की गई गतिविधियो के दौरान फ्यूज खो गया था।

## एफबीआई ने राष्ट्रपति बाइडन को जान से मारने की धमकी देने के आरोपी को मार गिराया

**भाषा।** प्रोवो (अमेरिका)

**अमेरिका के** राष्ट्रपति जो बाइडन को जान से मारने की धमकी देने के आरोपी को संघीय जांच ब्यूरो (एफबीआई) के एजेंट ने बुधवार को मार गिराया। प्राधिकारियों ने बताया कि यूटा के रहने वाले आरोपी को राष्ट्रपति बाइडन के राज्य में पहुंचने से पहले ही मार गिराया गया। बाइडन पश्चिमी अमेरिका का दौरा कर रहे हैं। वह बुधवार को न्यू मेक्सिको गए थे और बाद में उनका यूटा आने का कार्यक्रम था। एफबीआई ने एक बयान में बताया कि विशेष एजेंट सॉल्ट लेक सिटी के दक्षिण में स्थित प्रोवो में क्रैग डिलीयु रॉबर्टसन के घर पर वारंट लेकर पहुंचे थे तभी सुबह छह बजकर 15 मिनट पर गोलीबारी हुई। सूत्रों ने बताया कि गोलीबारी के वक्त रॉबर्टसन हथियारबंद था। रॉबर्टसन ने सोमवार को एक पोस्ट किया था कि उसने सुना है कि बाइडन यूटा आ रहे हैं और वह (आरोपी) छलावरण (कैमोफ्लेग सूट) निकालने और एम24 स्नाइपर राइफल से धूल हटाने की तैयारी कर रहा है। एक अन्य पोस्ट में रॉबर्टसन ने अपने आप को एमएजीए ट्रंपर बताया जो पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के मेक अमेरिका ग्रेट अगेन नारे के संदर्भ में है। प्राधिकारियों ने बताया रॉबर्टसन ने सितंबर 2022 में फेसबुक पर एक पोस्ट में लिखा था, किसी राष्ट्रपति की हत्या के लिए यह सही समय है। पहले जो बाइडन और फिर कमला...। अभी एफबीआई ने गोलीबारी के बारे में और कोई जानकारी नहीं दी है।

### रोहिंग्या शरणार्थियों को ले जा रही नाव पलटी, 17 लोगों की मौत

**बैंकॉक।** म्यांमा से अल्पसंख्यक रोहिंग्या शरणार्थियों को ले जा रही एक नाव के बंगाल की खाड़ी में पलटने से कम से कम 17 लोगों की मौत हो गई और 30 अन्य लापता हो गए। बचाव दल के एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। श्वे यंग मेट्टा फाउंडेशन के महासचिव बयार ला ने बताया कि पिछले सप्ताह पश्चिमी रखाइन प्रांत के बुठीडौंग शहर को छोड़ने वाले करीब 55 लोग नाव में सवार थे। उन्होंने बताया कि राजधानी रखाइन के सितवे के पास समुद्र में सप्ताहांत हुई इस घटना में आठ लोगों को बचा लिया गया।अधिकारी ने कहा कि नाव मलेशिया की ओर जा रही थी और इसके पलटने के सही वक्त और कारण का अभी पता नहीं चल पाया है। उन्होंने बताया कि सोमवार और बुधवार के बीच 10 महिलाओं सहित 17 लोगों के शव सितवे में समुद्र तट के पास से बरामद हुए।

## इक्वाडोर में राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार की हत्या के बाद आपातकाल की घोषणा

**भाषा।** क्विटो



इक्वाडोर में राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार फर्नांडो विलाविसेंशियो की बुधवार को राजधानी क्विटो में एक राजनीतिक रैली में हुई हत्या के बाद आपातकाल लगाए जाने की घोषणा की गई। यह हत्या ऐसे वक्त हुई जब दक्षिण अमेरिकी देश में मादक पदार्थ की तस्करी और हिंसा चरम पर है। क्विटो में विलाविसेंशियो की हत्या राष्ट्रपति चुनाव से लगभग दो सप्ताह पहले बुधवार को हुई। वह राष्ट्रपति पद की दौड़ में सबसे आगे नहीं थे। राष्ट्रपति गुलेर्मो लासो का कहना है कि हत्या की इस घटना को संगठित अपराध से जोड़ा जा सकता है। लासो ने तीन दिन के राष्ट्रीय शोक और आपातकाल लागू किए जाने की घोषणा की। पूरे देश में अतिरिक्त सैन्यकर्मियों को तैनात किया गया है। लासो ने बृहस्पतिवार को कहा, एक लोकतंत्रवादी और सेनानी को खोना बहुत दुखद है लेकिन चुनाव स्थगित नहीं किए जा रहे हैंअ और इस तरह की घटनाओं को रोकना होगा तथा लोकतंत्र को मजबूत करना होगा। सोशल मीडिया पर प्रसारित वीडियो में विलाविसेंशियो (59) को सुरक्षाकर्मियों के घेरे में कार्यक्रम से निकलते हुए देखा जा सकता है। वीडियो में उन्हें एक सफेद ट्रक में प्रवेश करते हुए और फिर उन पर गोलीबारी होती देखी गई। इक्वाडोर के अटॉर्नी जनरल के कार्यालय ने कहा कि राजनीतिज्ञ की हत्या के बाद सुरक्षाबलों की गोलीबारी में घायल एक संदिग्ध की मौत हो गई।

### फ्रांस में दिव्यांगजनों के विश्राम गृह में लगी आग, 11 लोगों की मौत

**पेरिस।** फ्रांस में दिव्यांगजनों के एक विश्राम गृह में बुधवार को आग लग गई, जिसमें 11 लोगों की मौत हो गई। बचाव अभियान के प्रमुख ने यह जानकारी दी।फ्रांस की प्रधानमंत्री एलिजाबेथ बोर्न ने ट्वीट कर कहा कि वह घटनास्थल के लिए रवाना हो रही हैं। हौट-राइन क्षेत्र के स्थानीय प्रशासन ने कहा कि विंटज़ेनहेम शहर में दिव्यांगजनों के विश्राम गृह में सुबह करीब साढ़े छह बजे आग लग गई, जिसके बाद 17 लोगों को वहां से निकाला गया, जिनमें गंभीर रूप से घायल एक व्यक्ति को अस्पताल में भर्ती कराया गया।

# हवाई के जंगल में आग लगने से 36 लोगों की मौत

**भाषा।** वैलूकू (हवाई)

**हवाई के माउई** काउंटी में लाहैना के जंगलों में भीषण आग लगने से कम से कम 36 लोगों की मौत हो गई तथा हजारों लोगों को अपनी जान बचाने के लिए वहां से भागना पड़ा। दक्षिण की ओर से गुजर रहे डोरा तूफान के कारण जंगलों में लगी आग भड़क उठी जिससे कई कारें जल गई तथा कई ऐतिहासिक इमारतें मलबे के ढ़ेर में तब्दील हो गए। रात भर आग की लपटें उठती रहीं जिससे जान बचाने के लिए बच्चों और व्यस्कों को समुद्र में घुसना पड़ा। माउई काउंटी ने बुधवार देर रात अपनी वेबसाइट पर अद्यतन मृत्यु दर की घोषणा करते हुए लिखा कि वर्तमान में मौतों पर कोई अन्य विवरण उपलब्ध नहीं है। इससे पहले अधिकारियों ने बताया था कि आग की वजह से 271 ढांचे क्षतिग्रस्त या नष्ट हो गए तथा दर्जनों लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि माउई की टीमें बुधवार को द्वीप पर कई स्थानों पर आग पर काबू पाने की कोशिश करती रहीं। तटरक्षक बल ने बताया कि उसने आग की लपटों और धुएं से बचने के लिए समुद्र में कूदे 14 लोगों को बचाया, जिनमें दो बच्चे भी शामिल थे। अधिकारियों ने कहा कि आग की चपेट में आने से तीन लोग गंभीर रूप से झुलस गए जिन्हें ओहू द्वीप पर स्ट्राब मेडिकल सेंटर की बर्न यूनिट में ले जाया गया। उन्होंने बताया कि कम से कम 20 मरीजों को माउई मेमोरियल मेडिकल सेंटर ले जाया गया और एक अग्निशमन कर्मी को धुएं की वजह से सांस की समस्या होने के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया। माउई काउंटी के महापौर रिचर्ड बिसेन जूनियर ने बुधवार सुबह संवाददाता सम्मेलन में कहा कि उनके पास इस बात का विवरण नहीं है कि द्वीप पर छह मौतें कैसे और कहां हुईं। उन्होंने कहा कि अधिकारियों ने अभी तक आग लगने के तत्काल कारणों की जांच शुरू नहीं की है, लेकिन अधिकारियों ने शुष्क परिस्थितियों, कम आर्द्रता और तेज हवाओं को इसके लिए जिम्मेदार ठहराया है। उन्होंने बताया कि 2,100 से अधिक लोगों ने मंगलवार की रात निकासी केंद्रों में बिताई। आग की वजह से कई उड़ाने रद्द होने के बाद अन्य 2,000 यात्रियों ने काहुलुई हवाई अड्डे पर शरण ली। अधिकारी हजारों विस्थापित पर्यटकों और स्थानीय लोगों के लिए होनोलूलू में हवाई कन्वेंशन सेंटर तैयार कर रहे थे। राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा कि उन्होंने हरसंभव मदद का आदेश दिया है। उन्होंने बताया कि हवाई नेशनल गार्ड ने आग बुझाने और खोज एवं बचाव कार्यों के लिए चिनूक हेलीकॉप्टरों को तैनात किया हुआ है। बाइडन ने एक बयान में कहा,हमारी प्रार्थनाएं उन लोगों के साथ हैं जिन्होंने अपने घरों, व्यवसायों और समुदायों को नष्ट होते देखा है। पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा ने सोशल मीडिया पर कहा कि हवाई से आ रही भयावह तस्वीरों को देखना कठिन है। ओबामा का जन्म हवाई में हुआ था।



### आग से निपटने के लिए बाइडन ने सेना भेजी

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने बुधवार को कहा कि उन्होने हवाई के माउई द्वीप के जंगलो मे लगी आग से निपटने के लिए सभी उपलब्ध संघीय संसाधनो का उपयोग करने का आदेश दिया है। इस आग मे कम से कम छह लोगो की मौत हो चुकी है। राष्ट्रपति ने कहा कि तटरक्षक बल और नौसेना भी इस बचाव कार्य मे सहायता कर रही है। आग से निपटने के लिए नौसेना की ओर से ब्लैक हॉक हेलीकॉप्टर उपलब्ध कराया गया है, जबकि हवाई नेशनल गार्ड ने आग बुझाने और खोज एवं बचाव कार्यो के लिए चिनूक हेलीकॉप्टरो को तैनात किया हुआ है।

THE PIONEER CLASSIFIEDS

CHANGE OF NAME

I, Md. Rahmatullah Usmani, Ward No.-23, Mahdauli, Shubhankarpur, Musapur, Darbhanga, Bihar, have declared that my name has been wrongly mentioned in my son's (Yasir Usmani) School Record as Rahmatullah Usmani instead of Md. Rahmatullah Usmani.
PD(125)A

I, Pooja Kasana W/o Sachin Kasana R/o 288/2, Sector-15-A Noida, Distt-Gautam Budh Nagar, U.P-201301, have changed my Father name from Amarjeet Singh to My Husband Name Sachin Kasana in My Driving Licence No P03092003379191 in all future records.
PD(126)C

I, Sachin Kasana S/o Sushil Kasana R/o 288/2, Sector-15-A Noida, Distt-Gautam Budh Nagar, U.P-201301, have changed my Father name S Kumar to Sushil Kumar in my Driving Licence No-P03102003384893 in all future records.
PD(127)C

I Herdish W/o Col. Jaswant Singh R/o H.N.-369, Arun Vihar, Sector-29, Noida, Gautam Budh Nagar, U.P. 201301, have changed my name Herdish Kaur Gill to Herdish for all future purposes.
PD(128)A

PUBLIC NOTICE

Notice is hereby given that my client Sanjay Malik is in process to purchase the janta flat no. 08 measuring 18 sqm. in blk-G, pkt-8, sec-16 rohini, delhi by availing HL with the Suryodaya Small Finance Bank from Kashish makhija, who purchased the said property by virtue of sale deed dated 15/9/2017 (document no. 8363), whereas she has lost the following original deeds pertaining the said property, online FIR has already been lodged in lieu of that on dated 9/8/2023
1.Original conveyance deed dated 24/8/07 executed by DDA in favour of harsh wardhan shewary and nutan shewary (document no. 16252)
2.Original sale deed dated 17/10/2007 executed by harsh wardhan shewary and nutan shewary in favour of noor jahan (document no. 14969)
3.Original sale deed dated 10/3/2008 executed by devesh aggarwal in faovur of pawan garg (document no. 4053)
4.Original sale deed dated 26/8/2010 executed by pawan garg in favour of vikrant Sharma and vijender kumar (document no. 16539)
All person/s having any claim against or in respect of the said Property, or any part thereof, by way of sale, exchange, mortgage (equitable/registered or otherwise), gift, trust, inheritance, family arrangement, maintenance, bequest, partnership, possession, lease, sublease, tenancy, license, lien, charge, pledge, easement or otherwise howsoever, are hereby requested to notify the same in writing to us with supporting documentary evidence at the address mentioned below within 7 days from the date hereof, failing which the claim or claims, if any, of such person or persons will be considered to have been waived and/or abandoned.
Kamal Kant Gupta (Advocate)
Unit No. FF-2, First floor, Mahaluxmi Metro Tower Sec-4, Vaishali, Gzb., U.P., Mob. 9810063351

RLF LIMITED
Regd.Office : 14Kms, Gurgaon Pataudi Road,Jhund Sarai Veeran, Distt.Gurugram, Haryana.
CIN : L74999HR1979PLC032747, Website:www.rlfltd.com,
Email id: investorrelations@rlfltd.com, Phone:011-49075251.
Statement of Unaudited Financial Results for the Quarter Ended June 30, 2023
(Rs. In lacs, except per share data)

| Sl. No. | Particulars (Refer Notes below) | 3 Months Ended 30.06.2023 [Unaudited] | 3 Months Ended 31.03.2023 [Audited] | 3 Months Ended 30.06.2022 [Unaudited] | Financial Year Ended 31.03.2023 [Audited] |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Total Income from Operations | 15.46 | 25.27 | 21.76 | 96.62 |
| 2 | Net Profit/(Loss) for the period before tax and exceptional items | (5.37) | (16.83) | (1.30) | (34.16) |
| 3 | Net Profit/(Loss) for the period before tax after exceptional items | (5.37) | (16.83.) | (1.30) | (34.16) |
| 4 | Net Profit/(Loss) for the period after tax | (5.37) | (260.71) | (1.30) | (278.40) |
| 5 | Total Comprehensive Income | - | - | - | - |
| 6 | Paid-up equity share capital | 980.08 | 980.08 | 980.08 | 980.08 |
| 7 | Earning Per Share of Rs.10/- each (not annualised) | | | | |
| | a) Basic | (0.05) | (2.66) | (0.01) | (2.84) |
| | b) Diluted | (0.05) | (2.66) | (0.01) | (2.84) |

Notes :
1 The above is an extract of the detailed format of UnAudited Financial Results for the Quarter ended June 30, 2023 filed with the Stock Exchange under Regulation 33 of the SEBI (Listing and Other Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Un-audited Financial Results for the quarter June 30, 2023 are available on the Bombay Stock Exchange website www.bseindia.com and on Company's website www.rlfltd.com.
2 Figures of the above Previous periods have been regropued/reclassified/ restated wherever necessary.

For RLF Limited
Sd/-
Vikas Grover
Director
DIN : 07075918

Place : Gurugram, Haryana
Dated : 10th August, 2023

# केरल के मुख्यमंत्री की बेटी के वित्तीय लेन-देन को लेकर छिड़ा विवाद

**भाषा।** तिरुवनंतपुरम, नई दिल्ली



**केरल** में एक निजी खनिज कंपनी और मुख्यमंत्री पिनराई विजयन की बेटी टी वीणा तथा उनकी आईटी कंपनी के बीच कुछ वित्तीय लेन-देन को लेकर विवाद छिड़ गया है। ऐसे सबूत भी सामने आए हैं जिनसे पता चलता है कि कंपनी का सत्तारूढ़ मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के साथ-साथ विपक्षी कांग्रेस के नेतृत्व वाले संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) के शीर्ष नेताओं के साथ लेनदेन था। यह मुद्दा तब सामने आया जब हाल में एक मलयालम दैनिक समाचार पत्र की खबर में कहा गया था कि कोचीन मिनरल्स एंड रूटाइल लिमिटेड (सीएमआरएल) ने 2017 और 2020 के बीच तीन साल की अवधि के दौरान मुख्यमंत्री की बेटी को कुल 1.72 करोड़ रुपए का भुगतान किया।खबर में निपटान के लिए अंतरिम बोर्ड के हाल में आए फैसले का हवाला देते हुए कहा गया है कि कोच्चि स्थित कंपनी ने पहले परामर्श और सॉफ्टवेयर सहायता सेवाओं के लिए वीना की आईटी फर्म के साथ एक समझौता किया था। खबर में आयकर विभाग के समक्ष खनिज कंपनी के अधिकारियों के बयान का हवाला देते हुए कहा गया है कि इस तथ्य के बावजूद कि उनकी फर्म द्वारा कोई सेवा प्रदान नहीं की गई थी, एक प्रमुख व्यक्ति के साथ उनके संबंधों के कारण मासिक आधार पर राशि का भुगतान किया गया था।भारतीय जनता पार्टी ने इस मुद्दे को लेकर मुख्यमंत्री विजयन पर निशाना साधा और उनसे उनकी बेटी के खिलाफ लग रहे आरोपों पर चुप्पी तोड़ने का आग्रह किया। इस मुद्दे पर माकपा के नेतृत्व वाले एलडीएफ और कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूडीएफ पर निशाना साधते हुए, भाजपा की केरल इकाई के प्रमुख के. सुरेंद्रन ने कहा कि केरल में सत्तारूढ़ और विपक्षी दल मासिक आधार पर लुटेरों से धन लेते हैं। उन्होंने यहां पार्टी के विधानसभा मार्च को संबोधित करते हुए कहा कि न केवल मुख्यमंत्री की बेटी, बल्कि विपक्षी नेताओं को भी खनन कंपनी से मासिक भुगतान मिलता है। विधानसभा में इस मुद्दे को नहीं उठाने के लिए यूडीएफ की आलोचना करते हुए, सुरेंद्रन ने आरोप लगाया कि राज्य में विपक्षी नेता ऐसे लोग हैं जिन्होंने मुख्यमंत्री अैर उनकी बेटी के भ्रष्टाचार को पूरा समर्थन दिया है। राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता वी. डी. सतीशन ने इस आरोप को खारिज करते हुए कहा कि अगर विपक्ष ने इस मुद्दे पर स्थगन का नोटिस दिया होता, तो भी मुख्यमंत्री जवाब नहीं देते।सत्तारूढ़ माकपा ने इन आरोपों को खारिज कर दिया और दावा किया कि खबर पूरी तरह से निराधार है और मुख्यमंत्री की बेटी को उनकी आईटी फर्म और खनिज कंपनी के बीच कानूनी रूप से वैध अनुबंध के अनुसार राशि मिली थी। पार्टी के राज्य सचिवालय ने बृहस्पतिवार को एक बयान में कहा, दो कंपनियों के बीच एक अनुबंध पारदर्शी होता है। सभी वित्तीय लेनदेन बैंक के माध्यम से किए गए थे। भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं केंद्रीय मंत्री वी मुरलीधरन ने भी इस मामले को सदन में नहीं उठाने के लिए कांग्रेस की आलोचना की और कहा कि यह राज्य में एलडीएफ और यूडीएफ के बीच समझौते की राजनीति का नवीनतम उदाहरण है। मुरलीधरन ने कहा कि राज्य में केवल एक ही संयुक्त मोर्चा है और इसका नेतृत्व मुख्यमंत्री पिनराई विजयन कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि चाहे भ्रष्टाचार का मुद्दा हो या धार्मिक आस्था का, विजयन ही वह व्यक्ति हैं जो निर्णय लेते हैं और सतीशन उनके सभी निर्देशों का पालन करते हैं। उन्होंने कहा कि विधानसभा में इस मुद्दे को उठाने में कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूडीएफ की विफलता शर्मनाक है। दिल्ली में भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता टॉम वडक्कन ने एक बयान में केरल के मुख्यमंत्री की बेटी की कंपनी को किए गए भुगतान को वीणा टैक्स करार दिया। सीएमआरएल के प्रबंध निदेशक एस. एन. शशिधरन कर्ता ने कहा कि अनुबंध के अनुसार मासिक किस्तों में पैसे का भुगतान किया गया था।

## सीएम विजयन पर चल सकता है भ्रष्टाचार का मामला : भाजपा

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने बृहस्पतिवार को दावा किया कि केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन अपनी बेटी वीणा विजयन की कंपनी कोचीन मिनरल्स एंड रूटाइल लिमिटेड (सीएमआरएल) से बिना कोई सेवा प्रदान किए 1.7 करोड़ रुपए प्राप्त करने के कथित मामले में भ्रष्टाचार के आरोपों में जांच का सामना कर सकते हैं। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता टॉम वडक्कन ने एक बयान में इसे वीणा टैक्स करार दिया और आरोप लगाया कि वीणा विजयन को पिछले तीन साल से निजी कंपनी से मासिक किस्तों में कुल 1.72 करोड़ रुपए मिले।

केरल से ताल्लुक रखने वाले वडक्कन ने कहा कि आयकर अंतरिम निपटान बोर्ड की नई दिल्ली पीठ ने फैसला सुनाया कि एक प्रमुख व्यक्ति के साथ संबंधों को देखते हुए पैसा दिया गया था। वीना और उनकी कंपनी एक्सलॉजिक सॉल्यूशंस ने सीएमआरएल को आईटी, मार्केटिंग कंसल्टिंग और सॉफ्टवेयर सेवाओं की आपूर्ति करने पर सहमति जताई थी। उन्होंने कहा कि हालांकि आयकर विभाग की जांच में पाया गया कि कोई सेवा मुहैया नहीं कराई गई।

वडक्कन ने कहा कि सीएमआरएल के प्रबंध निदेशक एस एन शशिधरन कार्था ने कहा है कि अनुबंध के अनुसार मासिक किस्तों में धन का भुगतान किया गया था। उन्होंने कहा, आयकर विभाग ने आरोप लगाया कि वीना और एक्सलॉजिक को 2017-20 के दौरान 1.72 करोड़ रुपए मिले, जो एक अवैध लेनदेन है। आयकर विभाग ठोस सबूतों की मदद से यह दिखाने में सक्षम रहा है कि उन सेवाओं के लिए धन का भुगतान किया गया था जो प्रदान नहीं की गई थीं....। उन्होंने कहा कि इन आरोपों की प्रकृति और आयकर विभाग द्वारा उठाए गए सवालों को देखते हुए यह अत्यंत महत्वपूर्ण है कि मामले की जांच की जाए। वडक्कन ने कहा कि इन संदिग्ध लेनदेन के आधार का पता लगाने के लिए केंद्रीय जांच एजेंसियों द्वारा जांच जरूरी है।

# वरिष्ठ जनजातीय नेता अरविंद नेताम ने दिया कांग्रेस से इस्तीफा

**भाषा।** रायपुर

**पूर्व** केंद्रीय मंत्री और वरिष्ठ जनजातीय नेता अरविंद नेताम ने बृहस्पतिवार को कांग्रेस पार्टी से इस्तीफा दे दिया। नेताम ने पार्टी पर जनजातीय समुदाय के नेताओं की उपेक्षा करने का आरोप लगाया है। नेताम के इस्तीफे पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि नेताम बहुत पहले से पार्टी विरोधी कार्य कर रहे थे।

कांग्रेस से इस्तीफा देने के बाद नेताम ने आरोप लगाया कि वर्ष 2018 के विधानसभा चुनाव के दौरान पार्टी अध्यक्ष रहे राहुल गांधी ने जनजातियों को पंचायत (अनुसूचित क्षेत्रों पर विस्तार) अधिनियम (पेसा) को लागू करने का बार-बार आश्वासन दिया था, लेकिन उनकी सरकार ने पेसा कानून की धज्जियां उड़ा दी हैं।

वरिष्ठ जनजातीय नेता ने कहा, मैंने काफी सोच-विचार करने के बाद विश्व जनजातीय दिवस नौ अगस्त को अपना इस्तीफा दे दिया, क्योंकि उसी दिन राज्य सरकार ने पेसा अधिनियम को समाप्त कर दिया है जो समुदाय (जनजातीय) को जल जंगल जमीन का अधिकार देता है। ए इस्तीफा एक तरह का विरोध है। कई अन्य कारण भी हैं। अरविंद नेताम के नेतृत्व में सर्व जनजातीय समाज ने छत्तीसगढ़ विधानसभा की 90 सीट में से 50 सीट पर चुनाव लड़ने का फैसला किया है।

नेताम ने कहा कि हम सीधे तौर पर 30 विधानसभा सीट पर अपने उम्मीदवार उतारेंगे, लेकिन उन 20 सीट पर भी लड़ेंगे जहां जनजातीय लोगों का जनादेश पर बड़ा प्रभाव है। उन्होंने कहा कि इन 20 सीट पर उनकी पार्टी अन्य समुदायों के उम्मीदवारों का भी स्वागत करेगी।

चुनावी गठबंधन को लेकर नेताम ने कहा कि भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा), बहुजन समाज पार्टी और

### ● नेताम के इस्तीफे पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि नेताम बहुत पहले से पार्टी विरोधी कार्य कर रहे थे

गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के साथ बात कर रहे हैं, लेकिन पूर्व मुख्यमंत्री अजीत जोगी द्वारा स्थापित क्षेत्रीय पार्टी जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) के साथ कोई बातचीत नहीं हुई है।

उन्होंने आप (आम आदमी पार्टी) के साथ गठबंधन करने से भी इनकार किया। जब उनसे पूछा गया कि भाजपा नेता अनुमान लगा रहे हैं कि उनकी पार्टी कांग्रेस पार्टी के वोट बैंक में सेंध लगाएगी, तो उन्होंने कहा कि सर्व जनजातीय समाज किसी भी राजनीतिक दल के लाभ के लिए चुनाव नहीं लड़ रहा है।

नेताम ने कहा, हम अपने संवैधानिक अधिकारों के लिए लड़ रहे हैं जो खतरे में है। जनजातीय क्षेत्रों में संसाधनों की जो लूट शुरू हो चुकी है, हमें इसके बारे में समुदाय (जनजातीय) को जागरूक करना होगा।

उन्होंने कहा कि संसाधनों की लूट शुरू हो गई है। 1996 में पेसा कानून बहुत सोच समझ कर बनाया गया था कि लुटेरों को रोका जा सके। लेकिन राज्य में उसको भी खत्म कर दिया गया, जो बहुत चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि चुनाव होगा तब सरकार से पूछेंगे कि पेसा को किसके इशारे पर खत्म किया गया, अडाणी-अंबानी या हाईकमान के निर्देश पर।

नेताम ने कहा, पार्टी अध्यक्ष के रूप में राहुल गांधी ने छत्तीसगढ़ (2018 राज्य विधानसभा चुनाव) में विभिन्न राजनीतिक रैलियों में कहा था कि अगर हमारी सरकार सत्ता में आती है तो पेसा कानून लागू किया जाएगा। उनके आश्वासन के बाद उनकी सरकार ने पेसा कानून की धज्जियां उड़ा दीं।

उन्होंने कहा कि यदि राहुल गांधी छत्तीसगढ़ आते हैं और उनसे मिलते हैं तो वह उनसे इसके बारे में पूछेंगे।

वरिष्ठ जनजातीय नेता नेताम के पार्टी छोड़ने को लेकर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि नेताम पहले से ही पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल थे। बघेल ने कहा, उन्होंने बहुत देर कर दी। उन्होंने भानुप्रतापपुर चुनाव (उपचुनाव) में उम्मीदवार खड़ा किया था। लगातार पार्टी के खिलाफ काम करते रहे।

## क्विक न्यूज

### संसद में व्यवधान से देवेगौड़ा दुखी

**बेंगलुरु** पूर्व प्रधानमंत्री एच. डी. देवेगौड़ा ने संसद में व्यवधान पर दुख जताते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि लोकतंत्र को तभी बचाया जा सकता है जब सभी लोग गरिमा और मर्यादा का पालन करें।कर्नाटक से राज्यसभा के सदस्य और जनता दल (एस) प्रमुख देवेगौड़ा ने संसद में जारी व्यवधान, हंगामे एवं नारेबाजी को लेकर अपनी नाराजगी जताई। देवेगौड़ा (90) ने एक्स पर लिखा, खराब स्वास्थ्य के बावजूद, मैं संसद की कार्यवाही में भाग लेने आया था। लेकिन जो हो रहा (व्यवधान) है, उससे मै बहुत निराश हूं। अपने लंबे अनुभव से, मैं कह सकता हूं कि यह सबसे निचला स्तर है। लोकतंत्र को तभी बचाया जा सकता है जब हर कोई गरिमा और मर्यादा का पालन करे। सोशल मीडिया मंच ट्विटर का नाम बदलकर अब एक्स कर दिया गया है।

### स्टालिन की पत्नी ने भगवान गुरुवायुरप्पन को सोने का मकुट चढ़ाया

**गुरुवयूर (केरल)।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन की पत्नी दुर्गा स्टालिन ने बृहस्पतिवार को केरल के प्रसिद्ध गुरुवयूर मंदिर में भगवान कृष्ण को एक सोने का मुकुट चढ़ाया। सूत्रों ने कहा कि लगभग 255 ग्राम वजन वाले मुकुट की कीमत लगभग 14 लाख रुपए है। उन्होंने कहा कि दुर्गा स्टालिन ने मंदिर के लिए चंदन पीसने की एक मशीन भी दान की है। दुर्गा स्टालिन ने बृहस्पतिवार सुबह करीब 11.35 बजे मंदिर का दौरा किया और प्रसाद चढ़ाया। वह भगवान गुरुवायुरप्पन की भक्त हैं और कई मौकों पर मंदिर का दौरा कर चुकी हैं।

### तिरुपति के विधायक ने टीटीडी के अध्यक्ष पद की शपथ ली

**तिरुपति।** तिरुपति के विधायक भुमना करुणाकर रेड्डी ने श्रीवेंकटेश्वर मंदिर का प्रबंधन करने वाले तिरुमला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) के 53वें अध्यक्ष के तौर पर बृहस्पतिवार को शपथ ली। टीटीडी के अधिशासी अधिकारी ए.वी. धर्म रेड्डी ने नए अध्यक्ष को पद की शपथ दिलाई। इस संबंध में एक विज्ञप्ति में कहा गया, तिरुमाला पहुंचने से पहले, तिरुपति विधायक ने लोक देवी तातैयागुंटा गंगम्मा के मंदिर में पूजा-अर्चना की, जिन्हें भगवान वेंकटेश्वर की बहन माना जाता है। अध्यक्ष के रूप मे वाई.वी. सुब्बा रेड्डी का स्थान लेने वाले करुणाकर रेड्डी बाद में अलीपिरी के पास सप्तगिरि गो प्रदक्षिण मंदिर पहुंचे और गोपूजा की।

### भारत चिकित्सा उपकरणों के वैश्विक उत्पादन केंद्र के रूप में उभरने को तैयार : मांडविया

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री मनसुख मांडविया ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत चिकित्सा उपकरणो के लिए वैश्विक विनिर्माण केंद्र के रूप मे उभरने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य देखभाल, दवा और चिकित्सा उपकरण क्षेत्रों में वृद्धि की बड़ी संभावनाएं हैं। गांधीनगर मे 17-19 अगस्त तक आयोजित होने वाले इंडिया मेडटेक एक्सपो 2023 के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आने वाले वर्षों मे भारतीय चिकित्सा उपकरण क्षेत्र का बाजार मौजूदा 11 अरब डॉलर से बढ़कर 50 अरब डॉलर तक पहुंचने की संभावना है। उन्होंने आगे इस बात पर जोर दिया कि स्वास्थ्य देखभाल को किफायती बनाने के लिए, सरकार चिकित्सा उपकरणो के स्थानीयकरण के साथ ही जेनेरिक दवाओ की हिस्सेदारी को मौजूदा 14 प्रतिशत से बढ़ाकर 50-60 प्रतिशत करने का लक्ष्य बना रही है। मांडविया ने कहा, चिकित्सा उपकरण क्षेत्र को देश मे उभरते हुए क्षेत्रों में से एक माना जाता है।

### कभी जयललिता के अपमान पर हंसने वाले आज द्रोपदी के चीरहरण की बात कर रहे हैं: सीतारमण

**नई दिल्ली।** मणिपुर मे दो महिलाओ को निर्वस्त्र कर परेड निकालने की घटना को लेकर विपक्षी दलों के आरोपों पर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बृहस्पतिवार को कहा कि सरकार महिलाओ से जुड़े मामलो पर संवेदनशील है और इस पर राजनीति नही होनी चाहिए। उन्होने इस मुद्दे पर लोकसभा मे द्रमुक सदस्यों को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि कभी तमिलनाडु की पूर्व मुख्यमंत्री जयललिता का अपमान होता देखकर हंसने वाले आज द्रोपदी के चीरहरण की बात कर रहे हैं। सदन मे अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा मे भाग लेते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि द्रमुक सदस्य कनिमोई ने महाभारत में द्रोपदी की बात की। सीतारमण ने कहा कि महिलाओं के अपमान पर, उन्हें निर्वस्त्र करने की घटनाओं पर हम सभी बहुत संवेदनशील हैं। उन्होंने कहा, मुझे विश्वास है कि वह गंभीर रूप से चिंतित है और मै उसे हल्के मे नही ले रही।

### एलआईसी का शुद्ध लाभ पहली तिमाही में कई गुना बढ़कर 9,544 करोड़ रुपए हुआ

**नई दिल्ली।** भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) का शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में कई गुना होकर 9,544 करोड़ रुपए हो गया। कंपनी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। सार्वजनिक क्षेत्र की बीमा कंपनी ने बीते वित्त वर्ष की समान तिमाही में 683 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ कमाया था। एलआईसी ने शेयर बाजार को बताया कि कंपनी की कुल आय जून तिमाही में बढ़कर 1,88,749 करोड़ रुपए हो गई, जो बीते वित्त वर्ष की समान तिमाही में 1,68,881 करोड़ रुपए थी। कंपनी ने कहा कि हालांकि जून तिमाही में पहले साल का प्रीमियम घटकर 6,811 करोड़ रुपए रह गया, जो जून, 2022 तिमाही में 7,429 करोड़ रुपए था। बीमा कंपनी ने जून तिमाही में 53,638 करोड़ रुपए कमाए, जबकि बीते वित्त वर्ष की समान तिमाही में 50,258 करोड़ रुपए कमाए थे। जून तिमाही में निवेश से शुद्ध आय बढ़कर 90,309 करोड़ रुपए हो गई, जबकि जून, 2022 तिमाही मे यह 69,571 करोड़ रुपए थी।

### हिंडाल्को, टेक्समैको में करार

**मुंबई।** मुंबई दुनिया की सबसे बड़ी एल्यूमीनियम रॉलिंग व रीसाइक्लिंग कंपनी हिंडाल्को इंडस्ट्रीज लिमिटेड और स्पेशलाइज्ड इंजीनियरिंग कंपनी टेक्समैको रेल एंड इंजीनियरिंग लिमिटेड ने विश्व स्तरीय एल्यूमीनियम रेल वैगन और कोच विकसित करने तथा उनका विनिर्माण करने के लिए एक रणनीतिक करार किया है, जो भारतीय रेलवे को उत्सर्जन का अपना लक्ष्य हासिल करने में और परिचालन की दक्षता बढ़ाने में मदद करेगा.भारतीय रेलवे ने माल ढुलाई की क्षमता को दोगुना कर साल 2027 तक 3000 मिलियन टन का लक्ष्य पाने के लिए मिशन 3000 एमटी की शुरुआत की है, जिसे रॉलिंग स्टॉक के ऑगमेंटेशन के जरिए प्राप्त किया जाएगा और जिसका उद्देश्य माल ढुलाई में 45 फीसदी बाजार हिस्सेदारी हासिल करना है. रेलवे इस महत्वाकांक्षी लक्ष्य को हासिल करने के लिए सक्रियता से वैगन डिजाइन में सुधार करने की कोशिश कर रहा है.हिंडाल्को इंडस्ट्रीज के प्रबंध निदेशक श्री सतीश पई ने इस साझेदारी को लेकर कहा, भारत की पहली एल्यूमीनियम रेक के लॉन्च के साथ हमने एल्यूमीनियम रेक से मिलने वाले अधिक पेलोड और कार्बन डाई ऑक्साइड के उत्सर्जन में महत्वपूर्ण कटौती के फायदों को प्रदर्शित किया है।

# हाफिज शादाब खान ने वाल्मीकि समुदाय से माफी मांगी

### ● राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के अध्यक्ष ने माफी को खारिज किया

इंदौर (मध्यप्रदेश), 10 अगस्त (भाषा) देश के सबसे स्वच्छ शहर इंदौर में मजहबी तकरीर के दौरान सफाई कर्मियों पर आपत्तिजनक टिप्पणी के आरोप में मामला दर्ज होने के बाद हाफिज शादाब खान ने वाल्मीकि समुदाय से हाथ जोड़कर माफी मांग ली है।

वहीं, राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के अध्यक्ष ने माफी को खारिज करते हुए कहा है कि वह आरोपी पर कड़ी कार्वाई सुनिश्चित कराएंगे क्योंकि उसने वाल्मीकि समुदाय के लोगों के खिलाफ जान-बूझकर आपत्तिजनक बयान दिया था। चंदन नगर पुलिस थाने के प्रभारी मनीष मिश्रा ने बृहस्पतिवार को बताया कि घटना के वीडियो के आधार पर आरोपी (हाफिज शादाब खान) की पहचान की गई है। उन्होंने बताया कि इंदौर नगर निगम के वाल्मीकि समाज सफाई कर्मचारी संघ के उपाध्यक्ष सुभाष धौलपुरे की शिकायत पर खान के खिलाफ अनुसूचित जाति-जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के संबद्ध प्रावधानों के तहत पहले ही प्राथमिकी दर्ज की जा चुकी है। शिकायतकर्ता धौलपुरे का आरोप है कि खान संबंधित वीडियो में शहर के एक सार्वजनिक स्थान पर मजहबी तकरीर के दौरान सफाई कर्मियों की जाति का हवाला देते हुए उनके लिए आपत्तिजनक शब्दों का खुलेआम प्रयोग करते दिख रहे हैं। मामला दर्ज होने के बाद खान ने वीडियो जारी करके कहा,मेरी जुबान से अनजाने में कुछ ऐसे शब्द निकले हैं जो सफाई कर्मियों के दिल को यकीनन चोट पहुंचाने वाले हैं। इसके लिए मैं दिल से शर्मिंदा हूं, लेकिन मैंने ए शब्द जान-बूझकर नहीं बोले थे। मैं वाल्मीकि समुदाय के तमाम लोगों और सफाई कर्मियों से हाथ जोड़कर माफी मांगता हूं।

हाफिज ने दावा किया कि सोशल मीडिया पर प्रसारित जिस वीडियो के आधार पर उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है, वह पिछले साल मोहर्म का है। उधर, राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के अध्यक्ष प्रताप करोसिया ने पीटीआई-भाषा से कहा, पढ़े-लिखे हाफिज ने सफाई कर्मियों के खिलाफ जान-बूझकर आपत्तिजनक वक्तव्य दिया है जिससे वाल्मीकि समुदाय के सम्मान को ठेस पहुंची है। इसलिए आरोपी का कृत्य माफी के काबिल नहीं है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन को आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई करनी चाहिए। करोसिया ने यह भी कहा कि इस मामले में हाफिज को कड़ी सजा दिलाने के लिए अदालत में मजबूती से सफाई कर्मियों का पक्ष रखा जाएगा।



इंडिया गठबंधन के सदस्य बैठक करते हुए

# ज्योतिरादित्य सिंधिया का राहुल गांधी पर निशाना

### ● कहा, मोहब्बत की नहीं, अहंकार, तुष्टीकरण और झूठ की दुकान है

**भाषा।** नई दिल्ली

**केंद्रीय** मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने बृहस्पतिवार को लोकसभा में कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी पर परोक्ष रूप से निशाना साधते हुए कहा कि जो लोग मोहब्बत की दुकान की बात करते हैं उनकी दुकान असल में अहंकार, तुष्टीकरण और झूठ की दुकान है।

उन्होंने केंद्र सरकार की योजनाओं का उल्लेख करते हुए दावा किया देश की जनता लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री मोदी की अगुवाई में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की सरकार बनाएगी।

कुछ साल पहले तक कांग्रेस के प्रमुख नेता रहे सिंधिया ने राहुल गांधी का नाम लिए बगैर कहा, ये कहते हैं कि नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान खोलेंगे। इनकी दुकान तो नफरत की दुकान है, झूठ की दुकान है, तुष्टीकरण की दुकान है, अहंकार की दुकान है। ए केवल दुकान का नाम बदलते हैं, सामान वही है।

उन्होंने कहा, कोई महाभारत, रामायण की बात करता है, कोई राम और रावण की बात कर रहा है, कोई जनेऊ धारी है....ए मुखौटा नहीं चलेगा। हमारे मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम का मंदिर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बनाने जा रहे हैं।

सिंधिया ने कहा कि अधीर रंजन चौधरी ने स्वयं कहा है कि यह (इंडिया) मजबूरी का गठबंधन है।

सिंधिया ने कहा कि जिस प्रजातंत्र के मंदिर से देश की 140 करोड़ जनता अपनी प्रेरणा लेती है, उस प्रजातंत्र के मंदिर में स्पष्ट हो गया है कि इन्हें (विपक्ष) न देश की चिंता है, न प्रधानमंत्री के पद की चिंता है, न राष्ट्रपति के पद की चिंता है, सिर्फ अपनी हैसियत की चिंता है।

सिंधिया ने कहा, जो लोग मौनव्रत की बात करते हैं उनसे पूछना चाहते हैं कि 1993 में जब मणिपुर जल रहा था तब इनके तत्कालीन प्रधानमंत्री मौन क्यों थे। उन्होंने कहा, राहुल गांधी जी ने सदन में कहा कि प्रधानमंत्री के लिए मणिपुर हिंदुस्तान का हिस्सा नहीं है। जिस प्रधानमंत्री ने उत्तर पूर्वी राज्यों को विश्व के साथ जोड़ा, जिनका उत्तर पूर्व के साथ दिल का रिश्ता है, जिसने उत्तर पूर्व से भारत के दुश्मनों को खदेड़ दिया हो, जिस प्रधानमंत्री के रोम-रोम में भारत माता बसती हों, जिसने कश्मीर से अनुच्छेद 370 को हटाया हो। उसके लिए ऐसी बात।

सिंधिया ने इस बात पर जोर दिया, भारत को अलग-अलग टुकड़ों में देखने की विचारधारा विपक्ष की है, हमारी नहीं।

# त्रावणकोर शाही परिवार की सदस्य श्री पद्मनाभ स्वामी मंदिर के खजाने की प्रदर्शनी के खिलाफ

**भाषा।** तिरुवनंतपुरम

**त्रावणकोर** शाही परिवार की एक वरिष्ठ सदस्य ने बृहस्पतिवार को कहा कि श्री पद्मनाभ स्वामी मंदिर के खजाने की वस्तुएं प्रदर्शित करने वाली चीजें नहीं हैं और इसलिए, उन्हें कभी भी किसी संग्रहालय में सार्वजनिक प्रदर्शनी के लिए नहीं ले जाया जाना चाहिए। शाही परिवार की सदस्य अश्वथी थिरुनल गौरी लक्ष्मी बाई ने कहा कि ए (खजाने में रखी वस्तुएं) वर्षों से शाही परिवार के साथ-साथ अन्य लोगों द्वारा देवता को अर्पित की गई थीं और इन्हें पर्यटक आकर्षण के रूप में प्रदर्शित करना अस्वीकार्य है।

सोशल मीडिया मंच पर अपलोड किए गए एक वीडियो में, उन्होंने कहा कि जहां तक उनकी जानकारी है, भारत में कहीं और मंदिरों के खजाने या सोने को संग्रहालयों में प्रदर्शनी के लिए नहीं रखा गया है। उन्होंने कहा, ऐसे प्रदर्शनी हॉल कहीं और नहीं देखे गए हैं। फिर श्री पद्मनाभ स्वामी मंदिर में क्यों? मुझे बस इतना ही कहना है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह उनकी निजी राय है। इससे पूर्व दिन में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने कहा कि वह यहां श्री पद्मनाभ स्वामी मंदिर के खजाने को संग्रहालय में प्रदर्शित करने संबंधी किसी भी कदम का विरोध करेगी। भाजपा की केरल इकाई के अध्यक्ष के. सुरेंद्रन ने राज्य में सत्तारूढ़ वाम मोर्चे और कांग्रेस के नेतृत्व वाले संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) को मंदिर के खजाने का प्रदर्शन करने की कोशिश करने की चुनौती दी और कहा कि ऐसा कोई भी कदम सफल नहीं होगा। विधानसभा अध्यक्ष ए. एन. शमसीर की कथित टिप्पणी के खिलाफ कहा कि पर्यटकों को आकर्षित करने और राजस्व उत्पन्न करने के लिए मंदिर के खजाने की आयोजित करने के बारे में राज्य विधानसभा में चर्चा हुई।

# नाबालिग लड़की से दुष्कर्म पर युवक को 20 साल की कैद

**भाषा।** इंदौर

**नाबालिग** लड़की से चाकू की नोक पर दुष्कर्म के बाद उस पर निकाह के लिए धर्मांतरण का दबाव बनाने के जुर्म में इंदौर की जिला अदालत ने 22 वर्षीय युवक को बृहस्पतिवार को 20 साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई। अभियोजन विभाग की ओर से जारी विज्ञप्ति में यह जानकारी दी गई।

विशेष न्यायाधीश सुरेखा मिश्रा ने मोहम्मद साबिर खान (22) को भारतीय दंड विधान, यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम (पॉक्सो एक्ट) और मध्यप्रदेश धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम के संबद्ध प्रावधानों के तहत दोषी करार दिया।

विज्ञप्ति के मुताबिक अदालत ने खान को 20 साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाने के साथ ही उस पर 56,000 रुपए जुर्माना लगाया और आदेश दिया कि पीड़ित लड़की को सरकारी खजाने से 50,000 रुपए का मुआवजा अदा किया जाए।

विज्ञप्ति में बताया गया कि इंदौर के न्यायिक इतिहास में यह पहला मामला है जिसमें अदालत ने पॉक्सो अधिनियम के साथ मध्यप्रदेश धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम के तहत किसी मुजरिम को कारावास की सजा सुनाई हो।

विज्ञप्ति में अदालत के फैसले के हवाले से कहा गया कि मुजरिम (खान) ने 16 वर्ष से कम उम्र की लड़की के साथ बलात्कार करके उसे धमकाया और कपटपूर्ण साधनों द्वारा उस पर धर्म परिवर्तन का दबावै बनाया। अदालत ने फैसले में कहा, मुजरिम के कृत्य पर उदारतापूर्वक विचार किया गया, तो समाज पर विपरीत प्रभाव पड़ेगा।

विज्ञप्ति के मुताबिक पीड़ित लड़की ने इंदौर के ग्रामीण क्षेत्र के हातोद पुलिस थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई थी कि उसके सहपाठी खान ने नौ सितम्बर 2020 को उसके घर में घुसकर चाकू की नोक पर उससे बलात्कार किया।

# अशोक गहलोत ने मुफ्त स्मार्टफोन योजना शुरू की

**भाषा।** जयपुर

**राजस्थान** के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने बृहस्पतिवार को यहां राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी इंदिरा गांधी स्मार्टफोन योजना की औपचारिक शुरुआत की। अधिकारियों ने बताया कि इस योजना के पहले चरण में सरकार 40 लाख महिलाओं को स्मार्टफोन देगी।

इस अवसर पर गहलोत ने कहा कि वह जो वादे करते हैं, उसे निभाते हैं। यहां बिड़ला सभागार में गहलोत ने रिमोट दबाकर योजना का औपचारिक उद्घाटन किया। उन्होंने कुछ लाभार्थियों को स्मार्टफोन भी प्रदान किए। गहलोत ने कहा कि राज्य में जनता से किए गए प्रत्एक वादे को धरातल पर उतारने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राजस्थान सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में देश में सबसे आगे है और अब इंदिरा गांधी स्मार्टफोन योजना आईटी क्षेत्र में क्रान्ति के साथ ही महिलाओं के सशक्तिकरण का बड़ा माध्यम बनेगी।

उन्होंने कहा कि योजना के माध्यम से राज्य की लगभग हर महिला के हाथ में मोबाइल होगा। यहां बिड़ला ऑडिटोरियम सभागार में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने डिजिटल सखी हैंडबुक सीखो डिजिटल, सिखाओ डिजिटल का विमोचन भी किया।।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा अपने 50 प्रतिशत वादे पूरे कर लिए गए हैं और इंदिरा गांधी स्मार्टफोन योजना के माध्यम से राज्य सरकार अपना एक और वादा पूरा कर रही है।

योजना के अंतर्गत प्रत्एक स्मार्टफोन के लिए 6800 रुपए लाभार्थियों को डीबीटी किए जा रहे हैं तथा शुरू में 20 जीबी डाटा उपलब्ध करवाया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि लाभार्थियों को तीन साल तक निशुल्क इंटरनेट डेटा दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि योजना के दूसरे चरण में 80 लाख महिलाओं को स्मार्टफोन उपलब्ध करवाए जाएंगे। उन्होंने कहा, महिलाओं को स्मार्टफोन उपलब्ध करवाना रेवड़ी नहीं होकर महिला सशक्तिकरण का एक माध्यम है। मोबाइल के अनेक तरह के उपयोग हैं, जिनसे जीवन सुगम होता है।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा, न्यूनतम आय गारंटी, सामाजिक सुरक्षा पेंशन एवं इंदिरा गांधी शहरी रोजगार गारंटी, 500 रुपए में गैस सिलेंडर जैसी एक से बढ़कर एक जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित कर रही हैं।

महंगाई की मार कम करने के लिए 15 अगस्त से अन्नपूर्णा फूड पैकेट योजना की शुरूआत होगी, जिसके अंतर्गत एक करोड़ से अधिक परिवारों को निशुल्क राशन किट उपलब्ध कराई जाएगी।

# जर्मनी में पढ़ाई कर रहे विदेशी छात्रों में भारतीय छात्रों की संख्या सबसे ज्यादा : राजदूत एकरमैन

**नई दिल्ली।** भारत में जर्मनी के राजदूत फिलिप एकरमैन ने बृहस्पतिवार को कहा कि जर्मनी में पढ़ रहे विदेशी विद्यार्थियों में भारतीय छात्रों की संख्या सबसे अधिक है। उन्होंने कहा कि जर्मनी में कुल 42,000 से अधिक भारतीय छात्र पढ़ रहे हैं और एक वर्ष के भीतर 25 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

एकरमैन ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर कहा, अद्भुतउ जर्मनी में 42,000 से अधिक भारतीय छात्र, एक वर्ष के भीतर 25 प्रतिशत अधिक। जर्मनी में विदेशी छात्रों के समूह में अब भारत नंबर एक के पायदान पर पहुंच गया है, उम्मीद से कहीं अधिक तेजी से। जर्मनी, भारतीय छात्रों के बीच लोकप्रिय है और भारतीय छात्र जर्मनी में लोकप्रिय हैं। मैं अक्सर प्रोफेसरों से यह सुनता हूं।

छात्र वीजा पर जर्मनी जाने के इच्छुक भारतीय छात्रों की बढ़ती संख्या को ध्यान में रखते हुए, जर्मन दूतावास के शैक्षणिक मूल्यांकन केंद्र ने अप्रैल में घोषणा की थी कि वह कागज-मुद्रित प्रमाणपत्रों को डिजिटल प्रमाणपत्रों में बदल देगा।केंद्र ने कहा था कि आवेदकों के लिए जर्मनी के ज्यादा से ज्यादा विश्वविद्यालयों में आवेदन करने की प्रक्रिया को आसान बनाने के लक्ष्य के साथ एपीएस इंडिया को यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि अगले सप्ताह से कागज-मुद्रित प्रमाणपत्रों को प्रतिस्थापित कर दिया जाएगा।

